*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.com
26 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 08
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

नहाने के कुछ ही महीनों बाद 94 साल की उम्र में चली गयी 'दुनिया के सबसे गंदे आदमी' की जान



# भारत समेत कई देशों में नजर आया सूर्य ग्रहण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

नयी दिल्ली। मंगलवार को साल का आखिरी सूर्य ग्रहण पड़ा। सूर्य ग्रहण भारत में करीब दो घंटे तक दिखायी दिया। इसे देश के अधिकतर हिस्सों में देखा गया। देश में सबसे पहले यह अमृतसर में शाम 4.19 बजे नजर आया। वहीं, मुंबई में शाम 6.09 बजे तक सूर्य ग्रहण दिखायी दिया। ज्यादातर जगह ग्रहण सूर्यास्त के साथ ही खत्म हुआ।

भारत से पहले दुनियाभर में नजर आया सूर्य ग्रहण : भारत से पहले दुनिया के अलग-अलग देशों में सूर्य ग्रहण देखा गया। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के मुताबिक सूर्य ग्रहण यूरोप, नॉर्थ-ईस्ट अफ्रीका, मिडिल ईस्ट और वेस्ट एशिया में दिखायी दिया।

### दिवाली के बाद ग्रहण की वजह से गोवर्धन पूजा एक दिन बाद

इस बार दीपावली पर सूर्य ग्रहण और बुध, गुरु, शुक्र, शनि का अपनी-अपनी राशि में हैं, ऐसा योग पिछले 1300 सालों में नहीं बना है। और इसका सूतक मंगलवार सुबह चार बजे से शुरू हो गया। मंगलवार का ग्रहण भारत में दिखायी दिया, इसलिए सूतक की वजह से इस साल दिवाली और गोवर्धन पूजा के बीच एक दिन का गैप है। अब गोवर्धन पूजा 26 अक्टूबर को होगी। 2022 के बाद दीपावली और सूर्य ग्रहण का योग 2032 में 3 नवंबर को बनेगा। इस सूर्य ग्रहण के बाद 8 नवंबर को पूर्ण चंद्र ग्रहण भी होगा, जो एशिया, ऑस्ट्रेलिया, प्रशांत महासागर और अमेरिका में दिखेगा।

## ब्रिटेन की कमान भारतवंशी के हाथ

# ऋषि सुनक बने प्रधानमंत्री

- पूर्व प्रधानमंत्री ट्रस से गलतियां हुईं, अब हम इन्हें सुधारेंगे : सुनक

**एजेंसी**

लंदन। भारतवंशी ऋषि सुनक ब्रिटेन के नये प्रधानमंत्री बन गये हैं। सुनक ने बकिंघम पैलेस पहुंच कर किंग चार्ल्स से मुलाकात की। किंग ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा और नयी सरकार बनाने को कहा। किंग और सुनक की मुलाकात पैलेस के रूम नंबर 1844 में हुई। परंपरा के मुताबिक सुनक पर्सनल कार से बकिंघम पैलेस पहुंचे थे। वहां से ऋषि प्रधानमंत्री के ऑफिशियल कार से 10 डाउनिंग स्ट्रीट स्थित प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। यहां उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री देश के नाम पहला संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश इस वक्त मुश्किल में है। हमें इससे मिल कर निजात पानी है।



### हमारी इकोनॉमी मुश्किल दौर में

सुनक ने कहा कि मैं अभी किंग से मिल कर आया हूं। उन्होंने मुझे नयी सरकार बनाने को कहा है। आप जानते हैं कि इस वक्त हमारी इकोनॉमी मुश्किल दौर में है। कोविड की वजह से पहले ही दिक्कत थी। पुतिन ने यूक्रेन पर हमला करके हालात और खराब कर दिये हैं। पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस हालात सुधारना चाहती थीं। उन्होंने बिना थके काम किया, लेकिन गलतियां हुईं। अब हम इन्हें सुधारेंगे।

### देश को एकजुट करके दिखाऊंगा

सुनक ने कहा कि मैं इस देश को फिर एकजुट करूंगा। ये मैं सिर्फ कह नहीं रहा हूं, बल्कि करके भी दिखाऊंगा। दिन-रात आपके लिए काम करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि 2019 में कंजर्वेटिव पार्टी को समर्थन मिला था। यह किसी एक शख्स के लिए नहीं था। हेल्थ, बॉर्डर प्रोटेक्शन और आर्म्ड फोर्सेस के लिए काम किया जायेगा। आज हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। बतौर चांसलर मैंने जो काम किये, वह जारी रखूंगा। देश के लोगों की बेहतरी को सियासत से ऊपर रखा जाना चाहिए। आपके खोये हुए कॉन्फिडेंस को लौटाया जायेगा। रास्ता मुश्किल जरूर है, लेकिन हम फासला तय करेंगे।

**लिज ट्रस ने इस्तीफा दिया :** पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस बकिंघम पैलेस पहुंचीं और किंग चार्ल्स से मिल कर अपना इस्तीफा उन्हें सौंप दिया। बकिंघम पैलेस पहुंचने से पहले ट्रस ने भारतीय समय के अनुसार दोपहर 1:30 बजे कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठक की। उन्होंने पीएम हाउस से देश को प्रधानमंत्री के तौर पर आखिरी बार संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सियासी संकट के बीच लोगों की मदद के लिए तुरंत एक्शन लिया। उन्होंने ऋषि सुनक को प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी।

### एक नजर में ऋषि सुनक का परिचय

- ऋषि सुनक के अभिभावक पंजाब के रहनेवाले थे, जो विदेश में जाकर बस गये।
- सुनक का जन्म ब्रिटेन के हैंपशायर में हुआ था। ऋषि ने अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से एमबीए किया है।
- सुनक ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से राजनीति, दर्शन और अर्थशास्त्र की पढ़ाई की।
- राजनीति में आने से पहले ऋषि ने इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैश और हेज फंड में काम किया। इसके बाद उन्होंने इन्वेस्टमेंट फर्म की भी स्थापना की।
- उनकी मां एक फार्मासिस्ट और राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत हैं। सुनक के पिता ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से ग्रैजुएट हैं।
- ऋषि की पत्नी अक्षता मूर्ति हैं। वे नारायण मूर्ति की बेटी हैं। दोनों की दो बेटियां हैं, जिनके नाम कृष्णा और अनुष्का हैं। उनकी शादी साल 2009 में हुई थी।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

# अनियमितता के आरोपित 29 लोक सेवकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान करने की सीएम ने दी अनुमति
- धनबाद के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से जुड़ा हुआ है का मामला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर लगातार कड़े फैसले रहे हैं। इस सिलसिले में भ्रष्टाचार में लिप्त और आरोपित 29 लोक सेवकों और अन्य के विरुद्ध कार्रवाई की अनुमति दी है। उन्होंने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान करने की अनुमति के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह पूरा मामला पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से जुड़ा है। इसमें कई कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालक अभियंता और संवेदकों के खिलाफ अनियमितता के आरोपों को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जाना है।



**क्या है मामला :** यह मामला धनबाद जिला अंतर्गत गोविंदपुर और निरसा प्रखंड की पंचायतों में वर्ष 2010-11 और 2013-14 में लगाये गये नलकूप एवं अन्य योजना में अनियमितता से जुड़ा है। इससे संबंधित शिकायत पर निगरानी विभाग के द्वारा प्राथमिकी दर्ज है। इनमें संजय कुमार झा, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, प्रमोद कुमार, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, दया शंकर प्रसाद, तत्कालीन सहायक अभियंता, सुमेश्वर मिश्रा, तत्कालीन कनीय अभियंता, वंश नारायण राम, तत्कालीन कनीय अभियंता, जेम्स विलियम टोपनो, तत्कालीन प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी, विनोद कुमार, मेसर्स विनोद इंटरप्राइजेज, धनबाद, मेसर्स शिवपूजन प्रसाद, धनबाद, संवेदक चंद्रशेखर झा, धनबाद, संवेदक सियाराम राय, धनबाद और संवेदक मेसर्स राज कंस्ट्रक्शन, धनबाद समेत कई आरोपित हैं।

### चित्रगुप्त पूजा, भाई दूज की छुट्टी अब 27 अक्टूबर को होगी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के सरकारी कार्यालयों में चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज की छुट्टी को लेकर पूर्व के आदेश में बदलाव किया गया है। कार्मिक विभाग ने चित्रगुप्त पूजा और भाई दूज की छुट्टी 26 अक्टूबर के बजाय 27 अक्टूबर को देने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार की सहमति के बाद कार्मिक विभाग ने इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी कर दिया है। अधिसूचना के अनुसार अब सरकारी कार्यालय 26 अक्टूबर को खुले रहेंगे, 27 को अवकाश रहेगा। इसके बाद सिर्फ 28 अक्टूबर शुक्रवार को एक दिन के लिए कार्यालय खुलेगा। इसके बाद शनिवार को सचिवालय बंद रहने के कारण छुट्टी रहेगी, तो उसके बाद छठ पर्व की छुट्टी रहेगी। बता दें कि पूर्व में घोषित कैलेंडर के अनुसार दीपावली की छुट्टी 24 अक्टूबर, 25 अक्टूबर और 26 अक्टूबर को ही चित्रगुप्त पूजा की छुट्टी दी गयी थी।

# नीति आयोग की टीम पहुंची रांची आज सीएम के साथ होगी बैठक

## मुख्यमंत्री कर सकते हैं सुखाड़ पर विशेष पैकेज की बात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

रांची। नीति आयोग की टीम मंगलवार शाम को रांची पहुंची। आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आयी है। इस क्रम में टीम के सदस्यों की बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक होगी, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय और योजनाओं को लेकर मंथन होगा। बैठक में टीम के सदस्यों के अलावा मुख्य सचिव, विकास आयुक्त सहित कई आला अधिकारियों के रहने की संभावना है। इसके अलावा नीति आयोग की टीम जमशेदपुर का भी दौरा करेगी। वहां एक्सएलआरआइ में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगी। नीति आयोग की टीम में नीरज सिन्हा, राकेश रंजन शामिल हैं।

**सरकार तैयारी में जुटी :** नीति आयोग की टीम के झारखंड दौरे को देखते हुए राज्य सरकार तैयारी में जुट गयी है। पिछले दिनों गवर्निंग काउंसिल की बैठक में झारखंड की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुखाड़ को लेकर विशेष पैकेज की मांग की थी। नयी दिल्ली में 7 अगस्त को हुई इस बैठक में राज्य सरकार ने नीति आयोग के समक्ष सुखाड़ और अन्य मुद्दों पर विस्तार से मांग रखा था। गवर्निंग काउंसिल नीति आयोग की शीर्ष निकाय है। जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं। वहीं, सदस्य के तौर पर राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री सदस्य होते हैं। इस बैठक के बाद नीति आयोग की टीम का झारखंड दौरा काफी मायने रखता है। सूत्रों के अनुसार सरकार ने नीति आयोग के सामने अपनी बातों को रखने की तैयारी कर ली है। मुख्यमंत्री के साथ होने वाली बैठक के दौरान संभावना है कि सरकार की ओर से राज्य में सुखाड़ की स्थिति से विस्तार से टीम को अवगत कराया जाये। राज्य सरकार एक बार फिर केंद्र से विशेष पैकेज देने के लिए आग्रह करे। इसके अलावा केंद्र की अन्य योजनाओं को लेकर भी बैठक में चर्चा होगी। बता दें कि नीति आयोग की टीम इससे पहले झारखंड में 1 मार्च को आयी थी। इस बैठक में डॉ बीके पाल, वरीय सलाहकार नीरज सिन्हा, संयुक्त सचिव शैलेंद्र कुमार द्विवेदी सहित कई लोग शामिल थे।



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 48,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 60,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


# पूरा हुआ समय का चक्र, भारतवंशी के हाथों में ब्रिटेन की कमान

## ऋषि सुनक के पीएम बनने से बढ़ेगी भारत की कूटनीतिक ताकत

आजाद सिपाही विशेष

**भारतवंशी ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री चुने गये हैं। वहां की कंजरवेटिव पार्टी ने ऋषि सुनक को अपना नेता चुना है। दिवाली की शाम ऋषि सुनक के नाम का एलान किया गया। इसके साथ ही समय का वह चक्र पूरा हो गया, जिसकी भविष्यवाणी भारतीय मनीषियों ने सदियों पहले कर दी थी। भारत को दो सौ साल तक गुलाम रखनेवाले ब्रिटेन की कमान अब एक भारतवंशी के हाथों में होगी और सीमित लोकतंत्र वाला देश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की मिट्टी की सुगंध को महसूस करता रहेगा। ऋषि सुनक न केवल ब्रिटेन के पहले एशियाई प्रधानमंत्री हैं, बल्कि वह पहले हिंदू और अश्वेत भी होंगे, जो 10 डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन के पीएम का आधिकारिक आवास) में रहने जायेंगे। ऋषि सुनक कंजरवेटिव सांसदों की पसंद रहे हैं और वित्तीय मसलों पर भी अच्छी समझ रखते हैं। असल में वह पूर्व में वित्त मंत्री रहे हैं। पीएम पद के चुनाव में उन्होंने ट्रस को कड़ी टक्कर दी थी। ब्रिटेन में हालिया पीएम पद के चुनाव में आम आदमी पर से महंगाई के दबाव को कम करना बहुत बड़ा एजेंडा बन गया था। वित्तीय मामलों के जानकार होने के नाते ऋषि सुनक आम जनता को महंगाई से कैसे उबारते हैं, यह देखना होगा। भारत से उनका पुराना रिश्ता रहा है। वह कह चुके हैं कि हालांकि वह तकनीकी रूप से ब्रिटिश नागरिक हैं, लेकिन उनकी आत्मा आज भी भारतीय है और उनकी संस्कृति का आधार भी भारत है। ऋषि सुनक का ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनना भारत के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि कभी इस देश ने भारत पर शासन किया था। इतना ही नहीं, भारतीय हितों के कई मुद्दे आज भी ब्रिटेन से संबद्ध हैं, जिनका समाधान अब नजर आने लगा है। खुद ऋषि सुनक ने कहा है कि हमारे सामने और बड़ी चुनौतियां हैं, लेकिन यदि हम सही चुनाव करते हैं, तो अवसर असाधारण हैं। मेरा काम करने का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। हमारे सामने जो सबसे बड़ी समस्याएं हैं, उनसे निपटने की स्पष्ट योजना है और मैं 2019 के घोषणापत्र में किये गये वादों पर काम करूंगा। ऋषि सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने से ब्रिटेन कितना बदलेगा, इसका विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

यह कितना सुखद संयोग है कि भारतीय मनीषियों द्वारा वर्णित 'समय के चक्र' को पूरा होते हम प्रत्यक्ष देख रहे हैं। आज उस ब्रिटेन की कमान एक भारतवंशी के हाथों में है, जिसने दो सौ साल तक भारत को गुलाम बनाये रखा। आज से करीब 90 साल पहले रोजी-रोजगार की तलाश में पंजाब से केन्या गये सुनक परिवार के वंशज और खुद को एक 'हिंदू' कहनेवाले ऋषि सुनक के ब्रिटेन का अगला प्रधानमंत्री बनने की खबर स्वाभाविक रूप से भारतीयों के लिए गौरव की बात है। 42 वर्षीय सुनक ब्रिटेन के पहले ऐसे प्रधानमंत्री होंगे, जिनका मूल विदेशी है और रंग गोरा नहीं है। आर्थिक उथल-पुथल से गुजर रहे देश की सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी ने पूर्व वित्त मंत्री सुनक को अपना नेता चुना है। इस ऐतिहासिक घटना के दिवाली के दिन होने से भारत में खुशी दोगुनी होती देखी गयी। लोगों ने अपनी भावनाएं ऐसे जाहिर की, जैसे उन्हीं के बीच में से कोई अपना ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बना हो। दिल्ली के एक उद्योगपति ने कहा कि यह भारत के लिए गर्व की बात है कि जिस देश ने हम पर सदियों तक राज किया, आज वहां का प्रधानमंत्री भारतीय मूल का है।

ऋषि सुनक के भारत से रिश्ते

ऋषि सुनक के दादा-दादी पंजाब के रहनेवाले थे। वे 1930 के दशक में पूर्वी अफ्रीका चले गये थे, जहां से 1960 के दशक में वे ब्रिटेन गये और वहीं बस गये। ऋषि सुनक का जन्म 1980 में इंग्लैंड के पूर्वी तट पर साउथैंप्टन में हुआ। हालांकि भारत के साथ उनका एक और करीबी रिश्ता है। वह भारतीय अरबपति उद्योगपति और इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति के दामाद हैं। अक्षता मूर्ति उनकी पत्नी हैं।

इसी साल अप्रैल में अपनी पत्नी के कारण ऋषि सुनक विवादों में भी रहे थे, जब यह बात सामने आयी कि इंफोसिस में एक प्रतिशत के कम की हिस्सेदार अक्षता मूर्ति अपनी विदेशी आय पर ब्रिटेन में टैक्स नहीं दे रही थीं। हालांकि यह अवैध नहीं था, लेकिन जब बतौर वित्त मंत्री ऋषि सुनक अपने देश के लोगों पर कर बढ़ा रहे थे, तब उनकी पत्नी का देश में टैक्स ना देना उनकी छवि को नुकसान पहुंचा रहा था। हालांकि यह बात अब उनके ब्रिटेन का पहला विदेशी मूल का प्रधानमंत्री बनने की ऐतिहासिक घटना के नीचे छिप गयी है। भारत में ऋषि सुनक की इस कामयाबी को भारत की निजी कामयाबी की तरह देखा जा रहा है। बता दें कि एक साल पहले ही भारत में ऐसी खुशी कमला हैरिस के अमेरिका की उप राष्ट्रपति बनने पर मनायी गयी थी। कमला हैरिस भी भारतीय मूल की हैं।



### क्यों खास है ऋषि सुनक की ताजपोशी

ऋषि सुनक का ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनना इसलिए भी खास है, क्योंकि ब्रिटेन से आजाद हुए भारत को 75 साल हुए हैं और एक भारतीय मूल का व्यक्ति वहां का प्रधानमंत्री बन गया है। आज जब भारत अपनी आजादी के 75वें वर्ष में एक स्वतंत्र देश के रूप में दिवाली मना रहा है, तो ब्रिटेन को भारतीय मूल का प्रधानमंत्री मिला है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। इतना ही नहीं, ऋषि सुनक खुद को 'हिंदू' कहते हैं और इस पर गर्व भी करते हैं। उन्होंने 2017 में संसद में गीता पर हाथ रख कर संसद सदस्य के तौर पर शपथ ली थी। फिर 10 डाउनिंग स्ट्रीट में पहली बार दिवाली मनायी गयी थी और तीन महीने पहले गौमाता की पूजा भी उन्होंने की थी। तब ऋषि सुनक ने कहा था, मैं पूरी तरह ब्रिटिश हूं। यह मेरा घर, मेरा देश है, लेकिन मेरी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि भारतीय है।

### हमेशा रहेंगे प्रेरणा स्रोत

ब्रिटेन में वैसे तो पीएम की कैबिनेट में कई एशियाई रहे, लेकिन यह पहली बार है, जब किसी अश्वेत शख्स को देश का प्रधानमंत्री चुना गया है। इस नजरिये से यह एक ऐतिहासिक पल है, जो आज से एक या दो दशक पहले असंभव था। इससे साफ पता चलता है कि ब्रिटेन का सर्वोच्च पद अब हर धर्म और नस्ल के लिए खुला है। ऋषि सुनक का पीएम बनना आने वाले समय में कई ब्रिटिश-एशियाई लोगों के लिए गर्व की अनुभूति करायेगा और उनके लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। इसलिए ऋषि सुनक की पारंपरिक राजनीति से सहमति नहीं रखनेवाले लोग भी उनके कायल बने रहेंगे। ऋषि सुनक को खुद को हिंदू होने पर गर्व है। उन्होंने एक बार इंटरव्यू में कहा था, मेरा धर्म मुझे ताकत देता है। यह मुझे एक मकसद देता है कि कैसे जिंदगी जीनी है। आज मैं जो कुछ हूं, यह उसका हिस्सा है। साल 2017 में जब उन्होंने आम चुनावों में जीत हासिल की, तो भगवद गीता पर हाथ रख कर सांसद होने की शपथ ली थी।

### भारत के हितों की रक्षा होगी

इस बात में कोई संदेह नहीं कि भारत को ऋषि सुनक के रूप में पश्चिम में एक और ताकतवर मित्र मिल गया है। उनके जरिये भारत की कूटनीतिक ताकत में इजाफा तो होगा ही, कोहिनूर की वापसी और भगोड़े आर्थिक अपराधियों-आतंकियों के प्रत्यर्पण का मसला भी सुलझेगा। इसलिए ऋषि सुनक की ताजपोशी भारत के लिए बड़ा अवसर लेकर आयेगी।

# साहिबगंज में दबिश देने गयी मुंबई पुलिस पर हमला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/साहिबगंज।** मुंबई के दहिसर पश्चिम इलाके में दीपमाला ज्वेलरी दुकान में सेंधमारी कर फरार हुए चोरों की तलाश में झारखंड के साहिबगंज पहुंची मुंबई पुलिस पर आरोपित और उसके परिजनों ने हमला कर दिया। इस घटना में मुंबई पुलिस के एक एएसआइ घायल हो गये। घटना राधानगर थाना क्षेत्र स्थित पियारपुर गांव की है। हालांकि पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर पथराव किया गया। घटना में संलिप्त अन्य आरोपित भागने में सफल रहे।

आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए मुंबई पुलिस की टीम अलग-अलग वेशभूषा में गांव की ओर जानेवाले रास्तों पर नजर रख रही थी। स्थानीय पुलिस टीम की मदद से आरोपितों के घरों पर छापा मारा था। मामले को लेकर राधानगर थाना में आरोपित के परिवार और कई ग्रामीणों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दरअसल, 12 सितंबर को दहिसर पश्चिम इलाके में दीपमाला ज्वेलर की दुकान में सेंधमारी की घटना को अंजाम दिया गया था।

सीसीटीवी फुटेज और ड्रामा डेटा रिकॉर्ड की मदद से एक आरोपित सिराजुल शेख को 16 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने अन्य पांच आरोपितों के बारे में पुलिस को जानकारी दी थी। गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया था कि वारदात को अंजाम देने के बाद सभी झारखंड फरार हो गये। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस पहुंची थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पियारपुर में ज्यादातर लोगों पर चोरी और सेंधमारी का आरोप है।

कर्नाटक समेत अन्य राज्यों में गांव के कई लोगों पर मामला दर्ज है। गांव में सुरक्षित रहने के लिए आरोपित द्वारा गांव के लोगों पर भी काफी खर्च किया जाता है। इस वजह से ग्रामीणों द्वारा आरोपित को मदद पहुंचायी जाती है। जब भी पुलिस की टीम आरोपी को पकड़ने के लिए पहुंचती है, तो ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिल जाती है। आरोपी गंगा नदी में नाव के सहारे दूसरे राज्य भाग कर चले जाते हैं।

# अजंता सर्कस के जानवर जब्त, मालिक पर केस दर्ज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अजंता सर्कस के खिलाफ जगन्नाथपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है। यह मामला पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स इंडिया (पेटा) की ओर से दर्ज करवाया गया है।

अजंता सर्कस के खिलाफ प्रदर्शन के लिए पंजीकरण प्रमाण पत्र के बिना जानवरों का प्रयोग करने और उनके साथ क्रूरता करने जैसे उड़ने से रोकने के लिए पंख काटने वाली घटनाओं के संबंध में जगन्नाथपुर थाना में शिकायत दर्ज करवायी गयी है।

शिकायत पर रांची पुलिस ने सर्कस के खिलाफ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कई जानवरों को जब्त कर सर्कस के मालिक के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गयी है। इस छापेमारी में तीन वयस्क स्पिटज कुत्ते, कुत्ते के तीन शिशुओं और एक घोड़े को जब्त किया गया।

जब्त किये गये जानवरों को पेटा इंडिया द्वारा पशु को चिकित्सकीय उपचार के बाद पुनर्वासित किया जायेगा। हालांकि पेट इंडिया की जांच कर्मी द्वारा जांच के दौरान जिन पक्षियों को प्रदर्शन करते देखा गया था, उन्हें कथित रूप से छुपा दिया गया, जिससे छापेमारी के दौरान वे कहीं नहीं पाये गये थे।

## बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को लिखा पत्र

# जसीडीह जंक्शन का नाम बाबा बैद्यनाथ जंक्शन करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने पूर्व रेलवे अंतर्गत जसीडीह जंक्शन का नाम बाबा बैद्यनाथ जंक्शन के नाम पर करने की मांग की है। साथ ही लिखा है कि बाबा बैद्यनाथ धाम में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन-पूजन करने आते हैं। पूरे भारत वर्ष ही नहीं, विदेशों से भी लाखों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं।

बाबा बैद्यनाथ की पहचान आध्यात्मिक एवं धार्मिक दृष्टिकोण से पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। साथ ही उन्होंने लिखा है कि आपको अवगत कराना चाहूंगा कि जसीडीह जंक्शन का पुराना नाम बैद्यनाथ जंक्शन ही था और इसकी पुष्टि भी हाल ही में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने की है। 1874 से 1884 तक की रेलवे समय-सारणी में भी जसीडीह का नाम बैद्यनाथ जंक्शन ही था। इसलिए महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे द्वारा जारी तत्कालीन रेलवे समय-सारिणी की छायाप्रति पत्र के साथ संलग्न कर रहा हूं।

### जसीडीह में उतरते हैं श्रद्धालु

देश-विदेश से पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए ट्रेन से जसीडीह स्टेशन पर ही उतरते हैं। इसलिए इसे पुनः बाबा बैद्यनाथ जंक्शन के नाम से जाना जाये। श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी यह मांग उचित भी है। उन्होंने सीएम से अनुरोध किया है कि आप रुचि लेकर जसीडीह जंक्शन का नाम बदलने के लिए यथाशीघ्र केंद्र सरकार को आधिकारिक अनुशंसा भेजने का कष्ट करें।

# मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं मार्च 2023 में होंगी

## इसके बाद होगी 8वीं, 9वीं और 11वीं की परीक्षा, विभाग ने जैक को समय पर परीक्षा लेने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकारी तथा झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) से मान्यता प्राप्त स्कूलों में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा अगले वर्ष मार्च महीने में होगी। इसके तुरंत बाद आठवीं, नौवीं एवं 11वीं की परीक्षा परीक्षा ली जायेगी। सैद्धांतिक परीक्षा के पहले प्रायोगिक परीक्षा ली जायेगी।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने परीक्षा के पैटर्न पर निर्णय लेने के बाद समय पर परीक्षा आयोजित करने को लेकर जैक को निर्देश जारी कर दिये हैं। राज्य सरकार ने आठवीं से 12वीं तक की परीक्षा दो टर्म की बजाय एक टर्म में ही लेने का निर्णय लिया है।

मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा ओएमआर शीट एवं उत्तर पुस्तिका दोनों के माध्यम से होगी। प्रत्येक विषय में 40 अंकों के बहुविकल्पीय प्रकृति के प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनका जवाब ओएमआर शीट पर देना होगा। 40 अंकों के प्रश्न लघु-उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय आदि प्रकृति के होंगे, जिसकी परीक्षा उत्तर पुस्तिका के माध्यम से ली जायेगी। शेष 20 अंक



प्रायोगिक परीक्षा या आंतरिक मूल्यांकन (विषय के अनुसार) के लिए निर्धारित होंगे। आंतरिक मूल्यांकन के अंकों के निर्धारण हेतु विद्यालय के शिक्षकों के अतिरिक्त एक दूसरे स्कूल के शिक्षक नामित किये जायेंगे। इससे आंतरिक मूल्यांकन के लिए दिये जानेवाले अंकों के आवंटन में पारदर्शिता आयेगी।

**जेसीइआरटी जारी करेगा एक तरह का माडल प्रश्नपत्र :** इस बार इन सभी परीक्षाओं के लिए जेसीईआरटी द्वारा एक ही माडल प्रश्नपत्र जारी किया जायेगा। माडल प्रश्नपत्र तैयार करने के लिए जेसीइआरटी को जैक से समन्वय स्थापित करने को कहा गया है। बच्चों को परीक्षाओं की तैयारी में आसानी हो, इसके लिए पहली बार क्वेश्चन बैंक भी जेसीइआरटी द्वारा तैयार किया जायेगा। विभाग के सचिव के रविकुमार ने क्वेश्चन बैंक तैयार करने के लिए भी निर्देश जेसीइआरटी को दिये हैं। कहा जा रहा है कि क्वेश्चन बैंक उपलब्ध होने से बच्चे सभी चैप्टर एवं टापिक्स को कवर कर सकेंगे। चूंकि आठवीं, नौवीं एवं 11वीं में शत-प्रतिशत प्रश्न तथा मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट में आधे प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के पूछे जायेंगे, इससे क्वेश्चन बैंक से तैयारी करने में बच्चों को काफी मदद मिलेगी।

# स्तन कैंसर पर रांची कैंसर अस्पताल ने चलाया जनजागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र ने शहर में स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 100 ई-रिक्शा तैनात किये। स्तन कैंसर महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौतों का सबसे आम कारण है और कुल मिलाकर कैंसर से होने वाली मौतों का पांचवां सबसे आम कारण है। रिक्शा को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से रांची कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र ले जाया गया। रिक्शा चालकों को सलाह दी गयी कि वे अपने परिवारों और समुदायों में महिलाओं के बीच यह संदेश फैलाएं कि नियमित जांच से स्तन कैंसर का जल्द पता लगाया जा सकता है और अगर जल्दी पता चल जाये, तो स्तन कैंसर का इलाज करना और जीवन बचाना संभव है। उनकी खुद मुंह के कैंसर, डायबिटीज और हाइपरटेंशन की जांच की गयी। रांची कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र टाटा ट्रस्ट द्वारा समर्थित रांची कैंसर केयर फाउंडेशन और अलामेलु चैरिटेबल फाउंडेशन की एक पहल है।

आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.2 °c | 18.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.15 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.50 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



# बस में दीया जला कर सोये थे ड्राइवर और खलासी, लगी भीषण आग, दोनों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में दिवाली की रात खादगढ़ा बस स्टैंड में खड़ी बस में भीषण आग लगने से ड्राइवर और खलासी की जल कर मौत हो गयी। दोनों मृतकों की पहचान मदन महतो और इब्राहिम के रूप में हुई है। घटना दिवाली की देर रात की है। लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड में खड़ी मूनलाइट नामक बस में दिवाली की रात पूजा करने के बाद ड्राइवर मदन और खलासी इब्राहिम दीया जला कर बस के अंदर सो गये थे। तभी दीये से बस में आग लग गयी। आग की लपटें इतनी भयावह थीं कि देखते ही देखते पूरे बस को अपनी चपेट में ले लिया। इससे ड्राइवर और खलासी दोनो जिंदा जल गये। बस में आग लगा देख कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। पुलिस ने फायर ब्रिगेड वाहन को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंचा, उसके बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल कर राख हो चुकी थी। आग बुझाने के बाद बस में दो लोगों के शव मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिटी एसपी अंशुमान कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## रांची में पटाखे से 30 लोग झुलसे, रिम्स में हुआ इलाज

रांची में दीपावली धूमधाम और हर्षोल्लास से मनायी गयी। इस दौरान आतिशबाजी में कई लोग हादसे के शिकार हो गये। पटाखे से झुलसे 30 लोग रिम्स पहुंचे हैं। इनमें से कुछ को मरहम पट्टी के बाद घर भेज दिया गया। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने मंगलवार को बताया कि 30 लोग पटाखे जलाने में झुलसे थे। उन्हें इलाज के बाद छोड़ दिया गया। कोई भी मेजर केस नहीं था। बता दें कि दीपावली को लेकर रिम्स का बर्न वार्ड पूरी तरह से अलर्ट था। दीपावली को लेकर अलग से 18 बेड लगाये गये थे।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
PHONE: 0671–2367768-783, FAX: 0671–2367663, E-mail: crrictc@nic.in
Advertisement No. 30/YP/SS/2022-23
Walk-in-interviews are to be held on 07.11.2022 for selection of **one (01) Skilled Staff (SS)** and **one (01) Young Professional-II (YP-II)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Improvement of stress adaptive traits in crops using endophytes under different agroecology" (EAP-383)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**
PRINCIPAL INVESTIGATOR

## अवकाश तिथि परिवर्तन के लिए सीएम का आभार : डॉ प्रणव कुमार



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने श्री चित्रगुप्त पूजा, भैया दूज एवं गोवर्धन पूजा के अवसर पर झारखंड सरकार द्वारा घोषित 26 अक्टूबर के अवकाश को 27 अक्टूबर के स्वरूप में परिवर्तित करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया है। डॉ बब्बू ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा पूर्व में श्री चित्रगुप्त पूजा, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज के अवसर पर घोषित 26 अक्टूबर के अवकाश को परिवर्तित कर उसे 27 अक्टूबर करने की उनके द्वारा की गयी मांग पर मुख्यमंत्री ने तत्काल विचार किया और इसके अनुरूप निर्णय लेकर सरकार द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। इससे जन आकांक्षा की पूर्ति हुई और इस मामले में मुख्यमंत्री ने लोगों की भावनाओं का ध्यान रखा।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा
**निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–62–2022,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक/इंजी/राँची के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–62–2022, कार्य का नाम:** राँची मंडल के तहत लोहरदगा डिपो में 50 मिमी. माप में 120000 घनमीटर हार्ड स्टोन मशीन खंडित ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति के साथ रेलवे वैगन/हॉपरों में इसकी लदाई। **निविदा मूल्य:** रु.21,09,67,200/–, **बयाना राशि:** रु. 12,04,800/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 11.11.2022 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-716)

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान। व्यापार वृद्धि। |
| वृष | संकल्पित काम पूरे होंगे। भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। उद्योग-धंधे में सफलता। |
| मिथुन | रुके हुए काम पूरे होंगे। निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे। |
| कर्क | शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख मिलेगा। सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा। |
| सिंह | शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मानसिक शक्तियों में वृद्धि। मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| कन्या | धनागम के अवसर बढ़ेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य। सगे-संबंधियों का आवागमन। |
| तुला | परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा। आर्थिक परेशानी दूर होगी। सेहत में सुधार होगा। |
| वृश्चिक | नवीन व्यापारिक योजना सफल। आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति। |
| धनु | विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास। बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन लाभकारी। |
| मकर | अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे। संतान की उन्नति। |
| कुंभ | अव्यवस्थित दिनचर्या। खर्च अधिक होग। नवीन समस्या को सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे। |
| मीन | घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा। मानसिक चिंता बढ़ेगी। दिमागी तनाव। |

# कुसई काली पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन, दर्शनार्थियों के लिए पट खुला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कुसई काली पूजा समिति डोरंडा द्वारा 38वां भव्य काली पूजा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को पंडाल के उद्घाटन के बाद दर्शनार्थियों के लिए पट खोल दिये गये। इस भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन रांची के सांसद संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह के द्वारा किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर कन्हैया सिंह और प्रोफेसर विजय सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। इस वर्ष आकर्षक काल्पनिक पंडाल का निर्माण किया गया है, यह पूरी तरह थीम पर आधारित है। पंडाल के अंदर आकर्षक कलाकृति स्थापित की गयी है। यहां मां काली के भक्तों को लगभग एक सौ छोटी-बड़ी मूर्तियों की कलाकृति देखने को मिलेंगी। पूजा उत्सव के साथ-साथ यहां भव्य मेले का भी आयोजन किया गया है, जिसमें मीना बाजार के साथ ब्रेक डांस, टोरा टोरा, चांद तारा और यमराज का महल आकर्षण का केंद्र होंगे। साथ ही दर्शनार्थियों के लिए खाने के स्टाल की भी व्यवस्था की गयी है। वहीं चंदननगर द्वारा आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की गयी है। यहां 24 से 27 अक्तूबर तक पूजा का आयोजन किया गया है, जिसके बाद 28 को भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जायेगी। मंगलवार की शाम सूर्य ग्रहण के बाद मां भगवती की आरती के साथ पूजा-अर्चना शुरू हुई और हलवा का भोग लगाया गया। वहीं 26 तारीख को खिचड़ी भोग और 27 को खीर का भोग एंव 28 तारीख को महा भंडारा का आयोजन किया गया है। पूजा के सफल आयोजन में अध्यक्ष जितेंद्र कुमार बबलू, अनिल सिन्हा, प्रियरंजन, विजय वर्मा, देवकांत कुमार, मणि भूषण, कौशल कुमार, गोलू वर्मा, पंकज श्रीवास्तव और ललन कुमार सहित सभी सदस्य अपना सहयोग दे रहे हैं।

# अनंतपुर-निवारणपुर काली पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अनंतपुर-निवारणपुर काली पूजा समिति के तत्वावधान में तपोवन मंदिर के सामने पांच दिवसीय श्रीश्री काली पूजा का शुभारंभ सोमवार को हुआ। पूजा पंडाल का उद्घाटन रांची संसदीय क्षेत्र के सांसद संजय सेठ और रांची के विधायक सीपी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। श्री सेठ एवं श्री सिंह ने काली पूजा के भव्य आयोजन के लिए अनंतपुर-निवारणपुर काली पूजा समिति के सभी पदधारियों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर समिति के महासचिव राजीव रंजन राजू ने बताया कि इस बार पूजा समिति के स्थापना का 85वां वर्ष मनाया जा रहा है। सोमवार को रात्रि में पूजा प्रारंभ के बाद बलिदान, पुष्पांजलि, भोग निवेदन व आरती की गयी।

श्री राजू ने कहा कि पांच दिवसीय पूजा-अनुष्ठान के दौरान मंगलवार से प्रतिदिन सायं सात बजे संध्या आरती की जायेगी। विसर्जन 28 अक्टूबर को होगा। काली पूजा के दौरान सभी अनुष्ठान पंडित स्वपन कुमार घोषाल द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को समिति के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। काली पूजा के भव्य व सफल आयोजन में मुख्य संरक्षक मुकुल सिंह, संरक्षक तुषार कांति शीट, राजीव चटर्जी,समिति के अध्यक्ष आनंद रंजन घोष (नंदू दा), उपाध्यक्ष चिंटू शाहदेव, बमबम सिंह, सुरेंद्र कुमार, राहुल बरुआ, पूजा प्रभारी शिवेन राय, समिति के कार्यकारिणी सदस्य मनोज दुबे, शीतेष चटर्जी, शैवाल बनर्जी, राकेश सिंह, सपना दत्ता, रीता दत्ता, बुला चौधरी, बंटी शर्मा, तन्मय डे, नितिन संतोष, रितिक घोष, संदीप राय का योगदान है।

# जय मां काली पूजा समिति का लक्ष्मण सिंह ने किया उदघाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा नेता सह समाजसेवी लक्ष्मण सिंह ने रातू रांची में जय मां काली पूजा समिति पंडाल का उद्घाटन फीता काट कर किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि महाकाली आप सभी पर कृपा बनाये रखें, माता सुख समृद्धि प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आप लोगों के बीच में मैं विगत 10 सालों से आ रहा हूं और आप लोगों ने इतना प्यार दिया है कि मैं आपका सदा आभारी रहूंगा। इस अवसर पर जय मां काली पूजा समिति के अध्यक्ष केदार कुमार महतो, सचिव मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, विकास कुमार, आकाश, रविंदर महतो आदि मौजूद थे।

# हाइकोर्ट के वकीलों के लिए शुरू होगी स्वनिधि योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन वकीलों के लिए फंड इकट्ठा करेगा। नयी योजना का नाम स्वनिधि कल्याण योजना रखा गया है। इस योजना को लागू करने के लिए आम सहमति लगभग बन चुकी है। झारखंड हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के महासचिव नवीन कुमार के मुताबिक, कोरोना महामारी काल में कई वकील आर्थिक संकट से जूझ रहे थे। लेकिन इस दौरान उन्हें कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली। इसलिए यह निर्णय लिया गया कि वकीलों के लिए फंड जमा करने की एक योजना शुरू की जाये। अब तक एसोसिएशन को प्रति वकालतनामा पांच रुपये मिलते हैं। लेकिन अब इसे बढ़ा कर 100 रुपये किया जाएगा। यह राशि स्वनिधि योजना में जमा की जायेगी। इसके साथ ही एफिडेविट में भी मुवक्किल से 100 रुपये लिए जायेंगे। यह राशि भी स्वनिधि योजना में ही जमा होगी।

जानकारी के मुताबिक हाइकोर्ट में हर वर्ष लगभग एक लाख वकालतनामा फाइल किये जाते हैं, और लगभग एक लाख एफिडेविट भी दायर की जाती है। अगर स्वनिधि योजना लागू हो जाती है, तो वकालतनामा और एफिडेविट के जरिये करीब दो करोड़ रुपये इकट्ठा किये जा सकते हैं, लेकिन इस बात में बिल्कुल संशय नहीं है कि इसका असर मुवक्किल की जेब पर ही पड़ेगा।

## पुलिस का कारनामा

# जून महीने में सनहा और अक्टूबर में एफआइआर

**पहले के थानेदार ने सनहा कर मामला निपटाया**

**हुई थी कार चोरी, वर्तमान थानेदार ने एफआइआर किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची झारखंड पुलिस मैं गिने-चुने पुलिस अधिकारियों के कारण अजीबोगरीब चर्चाएं होती रहती है। इस बार का मामला और अजीब है । कार चोरी के एक मामले में बोकारो जिला के बालीडीह की उस समय के थानेदार ने केवल सनहा दर्ज कर इस मामले को दबा दिया। जब कार का मालिक पुलिस से संपर्क किया तो पता चला कि केवल सनहा हुआ है। अब 14 अक्टूबर को उसी मामले में बालीडीह के वर्तमान थानेदार के पहल पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और अनुसंधान शुरू किया गया है।

**क्या क्या है मामला :** बोकारो जिला के बालीडीह थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी निवासी ओम कुमार 31 मई को अपनी कार डब्ल्यूबी आईएफ-8- 5566 पार्किंग में नहीं देखे। उनकी कार की चोरी हो गयी थी। 1 जून 2022 को पूरे घटनाक्रम की जानकारी ओम कुमार ने बालीडीह थाना पुलिस को दी । बालीडीह पुलिस ने इस मामले में सनहा दर्ज किया और कोई कार्यवाही नहीं की। बाद में थाना प्रभारी का तबादला हो गया दूसरे थानेदार आ गये। कार मालिक उनसे भी संपर्क किया और चोरी की घटना की जानकारी दी। तब पता चला कि इस मामले में एफआईआर होना चाहिए था उसमें तो सिर्फ सनहा दर्ज किया गया है। अब 14 अक्टूबर को ओम कुमार के पिता रंजय कुमार शर्मा के आवेदन पर कार चोरी की घटना पर ही नए सिरे से एफ आई आर दर्ज कर बालीडीह पुलिस अनुसंधान कर रही है।

# गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में बंदी छोड़ दिवस मनाया गया

## श्री गुरुनानक देव का 553वां प्रकाश पर्व 6 नवंबर को मनाया जायेगा, निकलेगा भव्य नगर कीर्तन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में 24 अक्टूबर, रविवार दीपावली की शाम 7 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरुआत स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा सब सिखन को हुकम है गुरु मान्यो ग्रंथ... शबद गायन से हुई। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों ने ह्तू प्रभ दाता दान मत पूरा हम थारे भेखारी जिओ... एवं बाबा नानक तेरी जय होवे... समेत अन्य शब्द गायन कर साध संगत को गुरु वाणी से जोड़ा। सत्संग सभा के सचिव एवं गुरु घर के सेवक मनीष मिढ़ा ने कथा वाचन करते हुए साध संगत को बताया कि सिख धर्म में दीपावली के दिन को बंदी छोड़ दिवस के रूप में मनाया जाता है। आनंद साहिब के पाठ, अरदास, हुकुमनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ रात 9:45 बजे दीवान की समाप्ति हुई। सभा द्वारा इस मौके पर मिष्ठान्न प्रशाद का वितरण किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा साहिब में निशान साहिब पर दीप जलाये।

सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि 26 अक्टूबर से रोजाना सुबह 5:30 बजे गुरुद्वारा साहिब कृष्णा नगर कॉलोनी से प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा इसका समापन 4 नवंबर को होगा। 6 नवंबर को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में धन धन श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 553वें पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भव्य दीवान सजाया जाएयो। दीवान की समाप्ति दोपहर 2:30 बजे होगी तत्पश्चात भव्य नगर कीर्तन निकाला जायेगा, जो कृष्णा नगर कॉलोनी से निकल ाकर रातू रोड, प्यादा टोली चौक,महावीर चौक, गांधी चौक,शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सर्जना चौक, डेली मार्केट, चर्च कॉम्प्लेक्स एवं लाला लाजपत राय चौक होते हुए पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल परिसर में पहुंचकर विसर्जित होगा। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा 7 नवंबर को सुबह 8 बजे से 10:30 बजे तक एवं रात 8 बजे से 11 बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा तथा प्रकाश पर्व के दिन यानी 8 नवंबर को रात 8 बजे से विशेष दीवान सजाया जायेगा। रात 12 बजे श्री अनंद साहिब के पाठ का भोग होगा एवं रात 2 बजे विशेष दीवान की समाप्ति होगी। इन सभी दीवानों में शिरकत करने के लिए सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई बलविंदर सिंह रंगीला (पटियाला वाले) विशेष रूप से पहुंच रहे हैं, जो शबद कीर्तन कर शहर की साध संगत को निहाल करेंगे। सभी दीवानों की समाप्ति के पश्चात गुरु का अटूट लंगर चलाया जायेगा। 5 नवंबर को रात 9 बजे से 10 बजे तक पंजाब की प्रसिद्ध गतका पार्टी द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल, महासचिव अर्जुन देव मिढ़ा और सचिव मनीष मिढ़ा ने शहर के सभी सिख धर्मावलंबियों से इन सभी दीवानों में हाजिरी भर गुरुघर की खुशियां प्राप्त करने का आह्वान किया है।

# सरकारी शिक्षक 4 और 5 नवंबर को काला बिल्ला लगा कर करेंगे काम

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर प्रदेश के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षक 4-5 नवंबर को काला बिल्ला लगा कर काम करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे, महासचिव राममूर्ति ठाकुर और मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि शिक्षकों की मांगों से सीएम, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, वित्त सचिव और शिक्षा सचिव को अवगत करा दिया गया है। मांगें पूरी न होने पर 4-5 नवंबर को प्रदेश के शिक्षक काला बिल्ला लगा कर काम करेंगे। इस पर भी ध्यान नहीं दिया गया, तो 19 को सीएम आवास का घेराव होगा। इस पर सुनवाई न हुई तो 17 दिसंबर से अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया जायेगा। संघ के नेताओं ने कहा कि शिक्षकों की चिरलंबित मांगों में बिहार सरकार की तर्ज पर एमएसीपी लाभ (सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना) लागू करना, छठे वेतनमान में विसंगति को दूर कर अपग्रेड वेतनमान सचिवालय सहायक की तरह लागू करना, अंतर जिला स्थानांतरण में आ रही रुकावटों को दूर करना और शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य और लिपिकीय काम से मुक्त करने जैसी मांगें शामिल हैं।

## अमनारी में नये बाजार का हुआ शुभारंभ



**टाटीझरिया/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर अमनारी गांव में ग्रामीण बाजार का शुभारम्भ सोमवार को किया गया। इसका उद्घाटन बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक जानकी यादव,जय प्रकाश वर्मा,प्रमुख संतोष मण्डल,मुखिया स्वास्तिका कुमारी,20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह ने सम्मिलित रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। इसके पूर्व उद्घटान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि अमनारी,झरपो,भराजो समेत इसके इर्द-गिर्द जितने भी गांव हैं ,यहां मेहनती किसान रहते हैं,व्यापार से जुड़े लोग रहते हैं। साथ हीं सैकड़ों लोग ऐसे भी हैं जो खरीदकर खाते हैं। यहां तक पहुंचने को चारों ओर से सड़क की सुविधा है,माहौल भी अच्छा है,ऐसे में यह स्थल बाजार के सबसे उपयुक्त है। बाजार में बेचने वालों को उचित मूल्य मिल जाये,खरीदने वालों को सस्ते दर पर व ताजी वस्तुएं मिल जाए ,बाजार का लगना सफल हो जाएगा। कहा कि यहां शेड,स्ट्रीट लाइट, पाइन की पानी की सुविधा समेत अन्य जरूरत के संसाधनों के पूर्ति के लिए वे तैयार हैं। ईस अवसर पर कांग्रेसी नेता बासुदेव वर्मा,जिप सदस्य रामप्रसाद,बीस सुत्री अध्यक्ष रवि सिंह,प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया स्वास्तिका कुमारी,शिबू सोनी, सुरेश यादव,पंसस शोभा देवी ,उपेंद्र पांडेय,दशरथ नारायण सिंह, मिथलेश पाठक, कैलाश पति सिंह, सुरेंद्र यादव,कौलेश्वर कुमार,शम्भु प्रसाद, जितेंद्र पासवान, इब्राहिम अंसारी, धानेश्वर पासवान,नवलेश कुमार,मदन कुमार,लालमोहन महतो, कृष्णा कुमार, सुधीर कुमार, राजेश कुमार,मंसुर अंसारी,मीना कुमारी,अजय सिंह,राजु यादव, रामविलास शर्मा,सोनु पांडेय, उमेश कुमार,विनय दास, मिथलेश वर्मा, मिथलेश मोदी, सुरेश कुशवाहा, किशोर वर्मा,हरि प्रसाद, फुलचंद महतो ,अजय सिंह,प्रविल प्रसाद,कुलदीप पासवान, कौलेश्वर मिश्र समेत सैकड़ों की संख्या में आसपास के गांव से लोग उपस्थित हुए।

## सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप में धूमधाम से मनाया गया दीपावली का पावन त्योहार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** असत्य पर सत्य व अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक दीपावली त्यौहार को पूरे भारतवर्ष व विश्व में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। रोशनी व खुशियों के इस त्यौहार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन माँ लक्ष्मी की पूजा अर्चना के साथ-साथ भगवान गणेश और कुबेर देव जी की भी पूजा की जाती है। इस पर्व को रोशनी का पर्व भी कहा जाता है। इसी उपलक्ष्य पर सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप हजारीबाग में पी एस बैंस, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के तत्वावधान में दीपावली के इस पवित्र त्यौहार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मेरू कैंप के सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी, अन्य कार्मिकों व उनके परिजनों ने मिलकर पूरे मेरू कैंप परिसर में दीप प्रज्जवलित किए, जिससे पूरा मेरू परिसर जगमगा उठा। इस विशेष मौके पर देवी सरन सिंह, कार्यवाहक महानिरीक्षक एवं सी डी अग्रवाल, उप महानिरीक्षक (प्रशि) की उपस्थिति में मेरू परिसर स्थित पी टी ग्राउंड में सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी, अन्य कार्मिक एवं उनके परिजनों ने एक साथ मिलकर दीपावली के इस पावन त्यौहार को धूमधाम से मनाया। सायंकाल होते ही देवी सरन सिंह, कार्यवाहक महानिरीक्षक द्वारा दीप व मोमबत्ती जलाकर दीपोत्सव के इस पर्व की शुरूआत की गई। इस विशेष अवसर पर एस टी एस विंग की तरफ से आतिशबाजी का आयोजन किया गया, जिससे पूरा मेरू परिसर रोशनी से जगमगा उठा। मेरू परिसर स्थित सभी कार्मिकों ने इस उपलक्ष्य पर आतिशबाजी की व इसका लुफ्त उठाया एवं उनके बीच मिठाई वितरित की गई।

## लखैया में आयुष आयुर्वेदिक केंद्र का उद्घाटन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुटपा पंचायत के ग्राम लखैया में आयुष आयुर्वेदिक केंद्र का उद्घाटन किया गया केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि शहादत अंसारी के द्वारा किया गया इस केंद्र में स्वास्थ से जुड़ी हर तरह की समस्याओं का समाधान आयुर्वेदिक पद्धति से किया जायेगा शुगर, बवासीर, गैस किडनी प्रॉब्लम, जोड़ों का दर्द, मोटापा, स्किन प्रॉब्लम, थायराइड, लीवर प्रॉब्लम और भी पुराने से पुराने और जटिल से जटिल रोगों का इलाज आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा जड़ से निदान किया जाएगा प्रोपराइटर आशीष कुमार ने बताया कि यहां पर सप्ताह में 1 दिन आयुर्वेदिक चिकित्सक भी बैठेंगे और आधुनिक मशीन द्वारा मरीज की जांच भी करेंगे। इन दवाइयों का कोई साइड इफेक्ट नहीं है साथ ही यहां एफएमसीजी प्रोडक्ट्स और दवाई भी होलसेल रेट में दी जाएगी।

## दीपों का पर्व दीपावली संपन्न

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ में दीपो का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया ।लोगो ने घरों की साफ सफाई की। लक्ष्मी पूजा की गई। लोगो मे दीपावली को लेकर उत्साह चरम पर रहा।दिए जलाकर आतिशबाजी की गयी। मिठाईयां बाटी गयी।यहां के बाजारटांड़ स्थित काली मंदिर में पूजा अर्चना की गई।काली पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे।मध्यरात्रि काली पूजा में काली मंदिर में श्रद्धालुओं ने काली पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की।दीपावली के मौके पर जगह जगह जुआरियो ने जम कर जुवा खेला।दूसरे दिन सूर्य ग्रहण को लेकर मन्दिरो के कपाट बंद कर दिए गए।सूर्य ग्रहण के बाद लोगो ने स्नान पूजा किया।

## दलित मुस्लिम सामाजिक भाईचारा को लेकर कार्यक्रम

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जामु पंचायत के पासवान मुहल्ला स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जामु मे सोमवार को दलित मुस्लिम सामाजिक भाई चारा कायम करने एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी मो खलील ने जबकि संचालन विवेक कु साव ने किया। बैठक में दलित मुस्लिम एकता को लेकर विचार विमर्श किया गया ताकि सामाजिक, राजनीतिक पहलू पर दलित मुस्लिम एकता कायम हो सके। मुख्य वक्ता युवा समाजसेवी अनिल रविदास ने कहा कि दलित मुस्लिम भाइचारा को बनाने के लिए समाज को एक कड़ी में जोड़ना है और अपने पूर्वजों के सिद्धांत को आत्मसात करना होगा। वहीं समाजसेवी मो खलील ने कहा कि बाबा साहब का संविधान आज पूरी तरह खतरा में है, हमलोग मिलकर इसकी रक्षा करेंगें। मौके पर इसराईल अंसारी, अफजल मियां, किसुन दास, दिनेश राणा, सागर पासवान, सलीम धोबी, खालिद अंसारी, गौतम पासवान, सतीश पासवान, अजित पासवान, अजय पासवान, इरशाद अंसारी, आफताब अली, बसंत पासवान, वरुण राणा, साहबुद्दीन अंसारी, इम्तियाज अली, विजय कुमार दास आदि लोग उपस्थित थे।

## कार और बाइक की टक्कर में दो लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोल्ड स्टोर के समीप कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान उमेश कुमार पंडित (उम्र 22 राजकुमार पंडि, महिला भिखानी देवी (उम्र लगभग 60 वर्ष) ग्राम बराडीह चंदवारा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से चंदवारा की तरफ जाने के क्रम में कोल्ड स्टोर के पास एक कार से टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा इलाज करके महिला को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## सीपीआइ अंचल कमेटी की बैठक 26 को

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** सीपीआई अंचल कमेटी की बैठक बुधवार को सांस्कृतिक भवन में होगी। जानकारी अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय ने दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में कार्यक्रमों की समीक्षा, पार्टी जन संगठन समेत आगे की आंदोलन आदि पर चर्चा की जाएगी। मौजूद पार्टी राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, जिला मंत्री प्रकाश रजक, पुरुषोत्तम यादव आदि मौजूद रहेंगे।

## छठ की तैयारी शुरू, पर साफ सफाई की व्यवस्था नहीं

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक तालाब शिवसागर किनारे छठ पर्व को लेकर भगवान भास्कर की प्रतिमा बननी शुरू हो चुकी है। साथ ही अन्य तैयारियां भी समिति के द्वारा किया जा रहा है। पंडाल निर्माण का कार्य भी लगातार तेजी से हो रहा है। इस बीच नगर पंचायत डोमचांच द्वारा साफ-सफाई को लेकर साफ तौर पर लापरवाही बरतते हुए देखा जा सकता है। शिवसागर तालाब जाने वाले मार्ग में वार्ड नंबर 6 अंतर्गत डस्टबिन के निकट भारी मात्रा में कूड़ा कचड़ा का अंबार लगा हुआ है, जिसे देखने वाला कोई नहीं है। उक्त रास्ते से गुजरने वाले सभी लोगों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। यदि जल्द साफ सफाई सुनिश्चित नहीं हो पाया तो छठ व्रतियों को भी काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा।

# दीपावली की रात एक मिल और दो घरों में लगी आग



### ग्रामीणों ने घरों को जलने से बचा लिया

दो घरों एवं एक मेल दुकान में धधकती आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीण बाल्टी लेकर टूट पडे। आग बुझाने में प्रदीप यादव ,कौलेश्वरी यादव, दशरथ यादव, आशीष यादव, गोविंद यादव,सुरेंद्र यादव, बाल कृष्ण यादव, इंद्रदेव यादव, वाली यादव, महेंद्र यादव, विकास सिंह, विक्की सिंह, रोहित शर्मा, बुलेश्वर पासवान, अवधेश सिंह, दिनेश यादव, सुरेंद्र यादव, अन्य ग्रामीण ने आग बुझाते हुए कई घरों में आग लगने से बचा लिया।

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के चंदोल पंचायत के ग्राम पुन्दोल में दो घरों एवं एक मिल दुकान में आग लग जाने से लगभग दस लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गयी।जिस कारण सोहराय पर्व की खुशी मातम में बदल गया। मिली जानकारी के अनुसार 11:30 बजे रात्रि गोविंद यादव एवं उसका चचेरा भाई प्रदीप यादव के घर में अचानक आग लग गई। जिससे पूरा गांव में अफरा-तफरी मच गई । गोविंद यादव ने बताया कि दीपावली का पर्व मना कर फैमिली के साथ सो रहे थे । अचानक आग घर में लगने लगी सभी लोग जान बचाकर बाहर निकले। और आग को बुझाने के लिए गुहार लगाई । ग्रामीण आवाज सुनकर आग बुझाने लगे। सूचना पाकर पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, एवं सुरेश चौधरी पहुंचे। उन्होंने बड़कागांव थाना एवं त्रिवेणी सैनिक में आग बुझाने के लिए सूचना दिया। ग्रामीण अपने-अपने घरों से बाल्टी लाकर आग बुझाने लगे। आग की लपटें बहुत तेज थी। उसी दौरान दो अग्निशमन वाहन आकर आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी विनोद तिर्की भी घटना की जानकारी लिया। गोविंद यादव ने बताया कि आग लगने के कारण एक मोटरसाइकिल ,दो साइकिल, चावल, गेहूं, गुड़ ,राहर सरसों, कपड़ा, जेवर व मिल केसमेत लगभग आठ लाख रुपये की संपत्ति राख हो गयी। बक्सा में रकहे गए नगद 50,000 भी जल गए। प्रदीप यादव ने बताया कि मेरे घर में आग लग जाने से नगद 10,000, चावल, दाल आलू, टमाटर, समेत लगभग दो लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, सुरेश चौधरी पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिनेश्वर राम पासवान ने प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए पीएम आवास एवं मुआवजा की मांग किया।

# चाणक्य जेपी पब्लिक स्कूल में बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** दीपोत्सव को लेकर चाणक्य जेपी पब्लिक स्कूल में बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने रंगोली प्रतोयोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिए।जहां एक से बढ़कर एक रंग बिरंगी रंगोली को बनाकर प्रदर्शित किए।बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। इस तरह के आयोजन से बच्चे काफी उत्साहित दिखे।स्कूल निदेशक प्राचार्य सत्यम भारती ने कहा कि इस तरह प्रतियोगिता आयोजन करने से बच्चों में बेहतर करने की प्रेरणा जागृत होती है। बच्चों को अपने अंदर छिपी प्रतिभा को उभारने का अवसर मिलता है। आयोजन को सफल बनाने में पूनम कुमारी, सौरभ कुमार, हिमांशु मयंक, समृद्धि पवन आदि शामिल थे।

## मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर लाखों की हुई चोरी

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरियारडीह चौक स्थित मोबाइल दुकान में सोमवार की रात दुकान का ताला तोड़कर लाखों के सामान और मोबाइल की चोरी कर ली गई। दुकान के संचालक मुरकमनाई निवासी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि दीपावली के दिन सोमवार की शाम पूजा करने के बाद दुकान बंद कर अपने घर चले गए। मंगलवार की सुबह उन्हें मोबाइल पर सूचना मिली की उनकी दुकान के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद वे वो दुकान आये तो देखा कि दुकान के ग्रिल व दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। जब वे दुकान के अंदर गए तो दुकान का सामान बिखरा हुआ पाया। उन्होंने बताया की चोरों ने विभिन्न कंपनियों के 18 एंड्रॉइड मोबाइल व रिपेयरिंग के लिए रखे आठ मोबाइल की चोरी कर ली। इसके अलावा दुकान में रखे मिक्सर और मोबाइल के अन्य पार्ट भी गायब थे। संचालक कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि चोरी किये गए सामानों की कीमत लगभग छह लाख रुपये है। घटना की सूचना मिलने पर मरकच्चो थाना प्रभारी सुमित साव, नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा, एसआई कुंदन कुमार, एसआई रंजीत कुमार, विजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली। मालूम हो कि कुछ माह पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा बरियारडीह चौक पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था, लेकिन एक माह पूर्व केबल टूट जाने से सीसीटीवी कैमरा बंद पड़ा था। घटनास्थल से बरियारडीह पुलिस पिकेट की दूरी महज सौ मीटर ही है।

## हर्षोल्लास के साथ दिवाली व काली पूजा का पर्व संपन्न



**चरही (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कोयलांचल और बरगहियां क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ दिवाली और काली पूजा का पर्व संपन्न हुआ। तमाम जगहों पर बाजार चाक चौबंद रहा। बडी संख्या में पटाखे बिके शहर व कस्बों में आधुनिक रंगों का लाइट जगमगाते नजर आया तो कही पर मिट्टी का दिया जलया गया पुरे रात पटाखे का आवज गुजंता रहा लोगों ने एक दुसरे को दिवाली का मुबारकबाद देते नजर आया तो मिठाईयां खिलाकर भी मुबारकबाद दिया गया लोगों ने सारा रात झुमते गाते देखा गया साथ ही जगह जगह पर काली पुजा का भी आयोजन किया गया था इस अवसर पर बसाडी में नृत्य आर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया गया बहुत ही श्रद्धा के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना किया।

## विधायक ने लक्ष्मी पूजा पर स्थापित पूजा पंडालों का किया भ्रमण



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर किमनीया, चुगलामों, गंगपाचों, तुर्कबाद समेत कई जगह प्रतिमा स्थापित किया गया। इस दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने सभी जगह भ्रमण कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और मां लक्ष्मी से कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं देवतुल्य जनता के सुख, समृद्धि एवं वैभव की कामना की। उन्होंने मां लक्ष्मी जी के आशीर्वाद से हर घर धन-धान्य से भरा रहने। झारखंड प्रदेश वासियों के दिनोंदिन अधिक सामर्थ्यवान होने की प्रार्थना की।

# बड़कागांव में दीपावली, काली पूजा, लक्ष्मी पूजा एवं सोहराय पूजा धूमधाम से हुई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** दीपावली, काली पूजा , लक्ष्मी पूजा एवं सोहराय पूजा प्रखंड तथा आसपास के क्षेत्रों धूमधाम से मनाया गया । बड़कागांव के काली मंदिर, चंदोल के काली मंदिर में 24 अक्टूबर को 8:00 बजे रात्रि अष्टमी पूजा की गई। जबकि 11:30 बजे से काली पूजा कुष्मांड बली पूजा की गयी। बड़कागांव काली मंदिर मैं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ,कांग्रेस के रामसेवक सोनी, संजय तिवारी, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा द्वारा नवज्योति क्लब के सदस्यों को भगवा वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।सूर्यग्रहण को लेकर लेकर 4:30 बजे से काली मंदिर में पूजा अर्चना बंद कर दी गई। तत्पश्चात संध्या 6:00 बजे के बाद मंदिर के शुद्धिकरण करें काली मंदिर में पूजा अर्चना की गई. महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। लक्ष्मी पूजा अपने अपने घरों में लोगों ने ऑनलाइन पूजा किया । संजय, साव, रविंद्र सिंह ने बताया कि गूगल से देखकर मंत्रोच्चारण कर पूजा-अर्चना स्वयं किया। इसमे अध्यक्ष बृजेश कुमार वर्मा उपाध्यक्ष अनु विश्वकर्मा, सचिव बैजनाथ रजक,कोषाध्यक्ष सांवर अग्रवाल, उपसचिव शंभू विश्वकर्मा, राज किशोर प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष लक्ष्मण विश्वकर्मा, मनोरंजन मंत्री राजू कुमार सोनी, मनोरंजन मंत्री शंभू ,चौरसिया पूजा प्रभारी घनश्याम विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, संगठन मंत्री लखन विश्वकर्मा, पूजा प्रभारी राम जी सोनी, रामविलास सोनी, मीडिया प्रभारी संजय सागर, अवधेश मिश्रा, आदित्य प्रजापति, अजय विश्वकर्मा, गौतम विश्वकर्मा, कैलाश राम, कारू पासवान, गौतम वर्मा, प्रमोद सोनी, सरोज विश्वकर्मा, आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

# खरांटी मे धूमधाम से हुई मां काली की पूजा

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चोपदार बलिया पंचायत के खरांटी गांव मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां काली की पूजा धूमधाम से संपन्न हुआ। परंपरागत तरीके से हुई इस पूजा में गांव के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई। आचार्य दीपेशर पंडित एवं प्यारेलाल पंडित के द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ मां काली की पूजा परंपरागत ढंग से संपन्न कराया गया । इस मौके पर मां काली का विशेष पूजा तथा हवन किया गया। काली पूजा को लेकर 2 दिनों पूर्व से ही पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखी जा रही थी। मां काली के पूजन में गांव के पुजारी वीनू यादव की भूमिका सराहनीय थी। काली पूजा के उपलक्ष में रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम मे गांव के बच्चे एवं युवा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। लोगों का भरपूर मनोरंजन हुआ। श्रद्धालुओं द्वारा मां के जयकारे लगने से पूरा माहौल मां काली के जयघोष से गुंजायमान हो गया। इस पूजा को संपन्न कराने में पूजा समिति के सभी लोग तथा पूरे गांव के लोगों का योगदान रहा शांति पूर्वक पूजा संपन्न होने पर पूजा समिति अध्यक्ष सह प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां के द्वारा बच्चों को पारितोषिक के रूप में कॉपी और कलम दिया गया । जिन्होंने रात्रि में एक से एक बढ़कर कार्यक्रम प्रस्तुत किया था तथा सभी ग्रामीण युवाओं महिलाओं को धन्यवाद दिया। तथा मां काली की प्रतिमा खराटी गांव के तालाब में विसर्जित की गई । मौके पर उपस्थित थे हेमंत भुइयां, मनोज यादव, राजेश राम, बासुदेव यादव, लालदेव साव, सुरेश प्रजापति, बिरेंद्र कुमार अमृत गोप, अरविंद ठाकुर, प्रतिमा की विसर्जित होती हैं काली पूजा संपन्न हो गई।

# विधायक जेपी पटेल ने शिलान्यास किया



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जे पी पटेल विष्णुगढ़ के बेड़ाहरियारा पंचायत स्थित राणा टोला में कमल रजवार के घर से लेकर राजकुमार रजवार के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके पूर्व ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकताओं ने माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की अगुवानी ढोल नगाड़ों के साथ की। गभवा तालाब में स्नान घाट का शिलान्यास जयप्रकाश भाई पटेल की उपस्थिति में बेड़ा हरियारा पंचायत मुखिया रामचन्द्र यादव एवं पूर्व पंचायत समिति दीपक रजक ने स्नान घाट का नारियल फोड़कर शिलान्यास कार्य किया गया। इस अवसर पर श्री पटेल ने जनता दरबार लगा कर लोगो की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं को हल करने की बात कही। महिलाओ ने कहा कि हमे पेयजल की समस्या हो रही आपने जो पेयजलापूर्ति की व्यवस्था की थी, वो जगह-जगह पर टूट जाने से पानी नही आ पाता इस पर विधायक ने त्वरित कार्यवाई करते हुए मरम्मती के लिए तुरन्त स्वीकृति प्रदान की। साथ ही उन्होंने कहा कि आप अपनी समस्याओं को बेझिझक मेरे पास रखें मैं आपकी समस्या हल करने के लिए ही हूँ। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, महादेव मंडल, निर्मल कुमार, हीरामन महतो, प्यारी राम, जीवन सोनी,चेतलाल महतो, राजेश यादव,किशोर यादव,नरेश यादव,सुरेश कुमार, मनोज यादव, लूटन महतो, तुलसी राणा, माधो महतो, त्रिवेणी प्रसाद, बालेश्वर महतो, हीरालाल महतो किशोरी यादव समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं महिलाएं मौजूद थी।

## खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में महाकाली पूजा हर्षोल्लास से संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हर साल की भांति इस साल भी महाकाली पूजा मुक्तिधाम खिरगांव में बहुत ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस सफल आयोजन में हजारीबाग क्षेत्र के हजारों महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भंडारा का प्रसाद पूड़ी ,सब्जी, बुदिया ग्रहण किया। सम्पूर्ण मंदिर परिसर पूरी तरह से सज धज के काली पूजा के लिए तैयार रही। सम्पूर्ण परिसर अलोकिक तरीके से सजी धजी रही। इस काली पूजा का विस्तृत कार्यक्रम बाबा भूतनाथ मंडली न्यास समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि सबसे पहले माँ का आह्वान हुआ। तय समय पर फिर प्रसाद का वितरण संध्या 7 बजे से लगातार भक्तों के बीच और साथ मे भजन संध्या शाम 6 बजे से 10 बजे तक भक्तिमय माहौल में समपन्न हुआ। रात्रि में पूजा और बलि पूजा और मंगलवार को महाभोग प्रसाद का वितरण सुबह 4 बजे से 9 बजे तक चला। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने उपस्थित सभी भक्त जनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि धार्मिक कार्य होने से वातावरण का शुद्धिकरण होता रहता है और धर्म के प्रति लोगो का जुड़ाव मजबूत होता है। काली पूजा को भव्य रूप से सफल करने में संस्था के सचिव राजेश यादव का भी विशेष योगदान रहा। इसके अलावा बाबा भूतनाथ मंडली न्यास के सारे सदस्य ने काली पूजा को भव्य तरीकों से सफल करने में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है। जिनमे मुख्य रूप से रमेश सिंह ,अनिल गोप, अनिल पांडे, फूलचंद साव, मुंगेस्वर चौधरी, बजरंगी गोप, छोटन साव, विनोद कुमार, मानव भाव सिंहका, राजेश कुमार गुप्ता, छेदी राम, गोपाल साव, शिव जी, विजेश साव, राजू यादव ,अनी सिन्हा, धनेश्वर साव, मुटुन सिंह, मुख्य पुजारी गौतम पांडेय, डोमराज रामप्रसाद ,अभिमन्यु और शहर के गणमान्य लोग भी इस पूजा में शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से श्रद्धानंद सिंह, आनंद देव, नारायण गुप्ता, शैलेन्द्र यादव आदि शामिल हैं।

## जिप चेयरमैन ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** डुमरौन पंचायत के गोबरदाहा में 25 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसकी सूचना पाते ही जिला परिषद चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने 100 केवी का ट्रांसफार्मर गांव वालों को दिलाकर दीपावली के दिन गांव में उजाला लाने का काम किया। इस दौरान जीप चेयरमैन ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते हुए कहा की जनता की समस्याओं का समाधान मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर भाजपा पश्चिमी मंडल मंत्री सुधीर कुमार मेहता, भाजपा सिझुवा बूथ कमेटी अध्यक्ष विक्की मेहता, छोटू मेहता, सुनील कुमार, पप्पू मेहता, मिथिलेश मेहता, कृष्णा महतो, बालेश्वर मेहता, सुरेश राम, गीता देवी, कृष्णा मेहता, जयलाल महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## नंदनी इंटरप्राइजेज का हुआ उद्घाटन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक बाजार पोस्ट ऑफिस रोड में दीपावली के अवसर पर नंदनी इंटर प्राइजेज का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन इचाक साहू समाज प्रखंड कमेटी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष महेश साव, श्यामलाल साव, कमल कुमार गुप्ता, शंकर साव, कौलेशवर साव आदि उपस्थित थे।

## जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय में फुटबॉल ट्रायल मैच का आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय में विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के तत्वावधान में इंटर कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गिरिडीह में 3 और 4 नवंबर को होना है। जिसके लिए जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय के खिलाड़ियों के लिए ट्राइल मैच का आयोजन किया गया। जिसमे 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया।इस मैच में 16 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस ट्रायल मैच का चयनकर्ता टीम में रत्नेश कुमार राणा, उमेश शर्मा, दयानंद कुमार यादव, विनय कुमार मेहता, दीपेंद्र कुमार ने निष्पक्षता पूर्वक चयन किया। प्राचार्य विनय कुमार ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। यह वो खेल है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रुप से स्वस्थ और अच्छा बनाता है। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा की जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय हमेशा से स्पोर्ट्स में अपना परचम राज्य स्तर पर लहराता रहा है।

## उपप्रमुख ने स्कूली बच्चों के साथ धूम-धाम से मनाया दिवाली पर्व



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांड़तरी में उपप्रमुख बचनदेव कुमार के उपस्थिति में बड़े धूमधाम के साथ दीवाली का त्यौहार मनाया गया। इसमें स्कूल के नन्हें बच्चियों ने तरह-तरह की रंगोलियाँ बनाई साथ ही साथ स्कूल के चारों तरफ दीये जलाएँ और पटाखे फोड़कर हर्षोल्लास के साथ दीवाली का त्यौहार मनाया गया। मौके पर उपस्थित उपप्रमुख बचनदेव कुमार ने दीवाली पर्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि दिवाली पर्व अधर्म पर धर्म के विजय के उल्लास में मनाई जाती है। क्योंकि त्रेता युग में भगवान श्रीराम को 14 वर्षों का वनवास हुआ था। जिसमें राक्षस राज रावण के वध के ठीक 20 दिनों बाद भगवान श्रीराम अपनी जन्म भूमि अयोध्या लौटे थे। इसीलिए अयोध्या वासियों ने श्रीराम के लौटने पर उनका स्वागत घी के दीए जलाकर किया था और तभी से दिवाली का यह त्यौहार मनाया जाता है। कार्तिक अमावस्या के दिन लोग अपने-अपने घरों में धन की देवी माँ लक्ष्मी की पूजा करते हैं। और दीया जलाते हैं। दिवाली के दिन लोगों को यह याद दिलाता है कि सच्चाई और अच्छाई की हमेशा जीत होती है। इस दिन लोग एक दूसरे को उपहारों का आदान-प्रदान भी करते हैं और एक-दूसरे को मिठाइयाँ बाँटते हैं। यह त्यौहार पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपप्रमुख बचनदेव कुमार, शिक्षक प्रकाश कुमार, रविन्द्र कुमार, शिवम कुमार, प्रिया भारती, पल्लवी कुमारी, पुष्पा कुमारी, अन्नू प्रिया, सविका कुमारी, मोनिका रंजन आदि।

## अनियंत्रित बोलेरो पुल के डिवाइडर से टकरायी, दो व्यक्ति घायल

**चरही (आजाद सिपाही)।** अनियंत्रित बोलेरो मंगलवार को चरही पुल के डिवाइडर से टकराने से दो व्यक्ति घायल हो गया घयल व्यक्ति को चरही पुलिस एस आई रंजन सिंह के नेतृत्व में हाईवे की एम्बुलेंस से मांडू स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है दोनों व्यक्तियों का हलात नियंत्रण में है बोलेरो हजारीबाग से रामगढ की ओर जा रही थी टक्कर इतना जोरदार था कि बोलेरो का दिशा हजारीबाग जाने की ओर हो गया हाईवे रोड कुछ देर के लिए एक साइड का आवा गमन बाधित हो गया किरान की द्वारा दुर्घटना घटित वाहन को किनारे पर किया गया और आवा गमन चालू कर दिया गया।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने छठ घाट की सफाई करवायी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चेपकला में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर के नेतृत्व में महिला पुरुष सभी सदस्यों के द्वारा आस्था के महा पर्व छठ को देखते हुए चेपा कला मुख्य सड़क, तालाब के चारोओर, मंदिर प्रांगण, तथा छठ घाटो को व्रतियों की सुविधा को देखते हुए छठ घाट की साफ-सफाई किया गया । वही जेसीएमयू के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर के नेतृत्व में साफ सफाई कार्य को करने में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि गंदगीयों की फैलने से हम सब बीमार हो सकते है पूजा मात्र एक बहाना है सफाई की लेकिन हम लोग को जागरूक होना पड़ेगा और आस पड़ोस में भी जागरूकता करना पड़ेगा कि घरों के आसपास गंदगी ना फैलाएं वही साफ-सफाई में समाजसेवी बसंत कुमार महतो ने अपनी जेसीबी देखकर अभियान को सफल बनाया मौके पर पत्रकार उपेंद्र कुमार ,गोपाल महतो, कृष्णा गंझू, संतोष सिन्हा, उमेश महतो ,चमन साव, सुरेंद्र महतो, सुनील कुमार, उमेश महतो, अंगुल कुमार महिलाओं में मुख्य रूप से उषा देवी, सरिता देवी, फूलमती देवी, अंजू देवी, निरासो देवी, ललिता देवी, यूगेश्वरी देवी, आशा देवी, उर्मिला देवी, जसवा देवी और अनीता देवी के अलावा जेसीएमयू के कई सदस्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



## कुजू में विधि विधान के साथ मां लक्ष्मी और मां काली की हुई पूजा अर्चना



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल कुजू व आसपास के क्षेत्रों मे मां काली की पूजा पूरे विधि विधान के साथ हुई। इसमें आकर्षण का केंद्र रहा जीएम कॉलोनी डटमामोड़ कुजू स्थित मां काली की प्रतिमा और भव्य पंडाल। यहां आचार्य धीरन मुखर्जी द्वारा यजमान मिंटू पांडेय को विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच पूजा अर्चना कराया गया। रात दस बजे से लेकर सुबह तीन बजे तक पूजा का कार्यक्रम चला। पूजा समाप्ति के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। मंगलवार को सूर्य ग्रहण को लेकर दिन भर पट बन्द रहा। वही, शाम की बेला में आरती की गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि बुधवार को सुबह दस बजे आरती के बाद कन्यापूजन और भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने संजय सिंह, हरि महतो, नन्दलाल यादव, बसंत लाल, पंकज शर्मा, कृष्ण बिहारी पासवान, रॉथिन बंगाली शामिल रहे। वहीं, क्षेत्र के लोगों ने सुख और समृद्धि का प्रतीक मां लक्ष्मी की पूजा अपने-अपने घरों तथा दुकानों में पूरे हर्षोल्लास के साथ किया। इधर, मंगलवार को सूर्य ग्रहण को लेकर मंदिरों का पट बंद रहा।

## करमा में विवाहिता ने लगायी फांसी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत करमा शेख मुहल्ला में बीती रात एक विवाहिता महिला की आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। वही, विवाहिता महिला के मायके वालों ने कुजू ओपी को आवेदन दिया है। बताया जाता है की, शेख मोहल्ला करमा निवासी मो समीर उर्फ कारु की पत्नी अकीदा प्रवीण (उम्र 30 वर्ष) घरेलू विवाद के कारण रात्रि करीब 9 बजे एस्बेस्टस शीट के सहारे फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। वही, महिला के दो पुत्र एवं एक पुत्री है। इधर, घटना की सूचना के बाद कुजू पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नम आंखों से लोगों ने मां काली को दी विदाई

## धूमधाम से मनी दीपावली, खुशहाली के दीये हुए रोशन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने घरों और प्रतिष्ठानों को दीपों और झालरों से सजाया। वही, शाम ढलते ही मां लक्ष्मी और गणेश जी की पूजन के बाद लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। गली-मोहल्ले और रिश्तेदारों के यहां मिठाई बांटकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। वहीं, सोशल मीडिया पर भी दिवाली के शुभकामना संदेश की खूब आवाजाही रही। लोगों ने सुख समृद्धि के लिए मां लक्ष्मी और गणेश जी से प्रार्थना कर परिवार में खुशहाल की कामना की।

### बाजार में दिन भर रही भीड़भाड़

रविवार और सोमवार को दीपावली की खरीददारी करने के लिए बाजार में दिन भर भीड़भाड़ रही। विशेषकर मिठाइयों, सजावटी सामान की दुकानों में ग्राहकों की अच्छी भीड़ थी। शाम को बच्चों से लेकर बुजुर्ग सभी उत्सवमयी रंग में रंगे हुए थे और हर कोई सभी कोई खुशियां समेट लेने का बेताब था।



### जमकर हुई आतिशबाजी

शाम होते ही बच्चे पटाखे, फूलझड़ियां छोड़ने में व्यस्त रहे। बच्चों ने आतिशबाजी कर जहां आपस में खुशियां बांटी, वहीं बड़ों ने एक दूसरे को गले लगा एवं पैर छूकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।



### नम आंखों से लोगों ने मां काली की प्रतिमा को दी विदाई

दीपावली पर शहर के दुसाध मुहल्ला, बंगाली टोला सहित अन्य जगहों पर माता काली की पूजा अर्चना की गई। मंगलवार को धूमधाम से माता की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। वही लोगों ने नम आंखों से मां काली की प्रतिमा को विदाई दी।

## मां काली पूजा पंडाल का नगर परिषद उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र के धनहारा साण्डी में माँ काली पूजा पण्डाल का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने किया। मौके पर मनोज कुमार महतो माता का विधिवत पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि पूजा करने से सभी तरह की नकारात्मक ऊर्जा लोगों की घर ओर परिवार से दूर चली जाती हैं। काली पूजा द्वारा भक्त की नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा होती हैं। कालिका की उपासना से जीवन में सुख, शांति, शक्ति, विद्या की प्राप्ति होती हैं। काली पूजा से हर तरह की अशुद्धियाँ खत्म हो जाती हैं। मौके साथ मे जयकिशोर महतो, भीम महतो,अनिल महतो, मेवलाल महतो,गुड्डू सिंह,समिति के अध्यक्ष बढ़न रजवार, सचिव नन्दकिशोर ठाकुर,कोषाध्यक्ष जुगल महतो,रवि तिवारी,धर्मेंद्र रजवार,रवि कुमार,नरेश महतो,युगल महतो एवं समित के लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा एवं काली पूजा को लेकर उरीमारी में नागपुरी ऑर्केस्ट्रा का आयोजन



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा एवं काली पूजा समिति द्वारा उरीमारी हेसाबेड़ा दुगार्मंडप के समीप नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन रविवार को किया गया। आर्केस्ट्रा का विधिवत उद्घाटन राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका-सयाल के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका-सयाल के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि पद्मश्री रामदयाल मुंडा जी का मंत्र ह्यजे नाची से बाचीह्न झारखंड का लोक नृत्य गीत संगीत झारखंडी जीवन का दर्शन कराती है, इस तरह के आयोजन से मनोरंजन के साथ-साथ झारखंडी लोक कला के साथ रूबरू होने का अवसर मिलता है। उन्होंने मंच से समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी । गूंज झारखंड कला मंच पिठौरिया द्वारा आर्केस्ट्रा में रंगारंग नागपुरी, भोजपुरी व फिल्मी गानों पर डांस प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत भक्ति गानों के साथ हुई। जिसमे मुख्य कलाकार इग्नेश कुमार, क्युम रूमानी, पूनम खलखो, विमला देवी, चिन्ता देवी, मनोज कुमार, एंकर प्रभात साहू एवं डांसर पुनम मौजूद थे. मौके पर मुख्य रूप से पूजा समिति के सचिव सीताराम किस्कू, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कानू मरांडी, विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव महादेव बेसरा, , पोटंगा पंचायत के मुखिया चरका करमाली, डॉ जी आर भगत, उरीमारी उप मुखिया सतीश कुमार, रवि पवरिया, सिगु पवरिया, कृष्णा किस्कू, विजय करमाली, मुनिशराम मांझी, कंचन मांझी, महावीर प्रसाद, लालो महतो, गणेश राम, कजरू उरांव, तालु हेम्ब्रम, सनोज हेम्ब्रम, नरेश सोरेन, अक्षय किस्कू, अविनाश किस्कू, चंदन पवरिया, सुनील हेम्ब्रम, संतोष हेम्ब्रम, आकांक्षा किस्कू, मिनी किस्कू, खुशबू पवरिया, आशालता किस्कू, प्रेमलता किस्कू, अमृता हेम्ब्रम, शबनम किस्कू, डोली पवरिया, प्रियंका हंसदा, खुशी पवरिया, नेहा किस्कू, कविता सोरेन, आराध्या पवरिया, सरोज हंसदा, शोभा हंसदा, पूजा हंसदा, पीहू हेम्ब्रम, कुसुम सोरेन, अनामिका किस्कू, नैना मुर्मू, सपना टुडू सहित कई लोग मौजूद थे।

## रजरप्पा मंदिर के दक्षिणेश्वर काली में धूमधाम से हुई मां काली की पूजा

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा के सिद्ध पीठ स्थल मा छिन्मस्तिका मंदिर के पश्चिम दिशा में विराजमान मां दक्षिणेश्वर काली की काली पूजा के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे इस मौके पर रात भर मंदिर का द्वार खुला रहा लगभग 30, हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना एवं सुख समृद्धि की कामना की श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना पूरी के लिए दक्षिणेश्वर काली मंदिर क्षेत्र में कई दर्जन बकरे की बलि चढ़ाई गई मंदिर क्षेत्र में बिजली के चकाचौंध से रात भर श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा पूरा क्षेत्र में काफी चहल-पहल रहा इस मौके पर चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के काली चौक बरियातू के काली मंदिर छोटकी पोना सहित कई स्थानों में धूमधाम से मां काली की पूजा अर्चना विधि विधान से की गई की गई पूजा अर्चना के दौरान दर्जनों अस्त्र शस्त्र खड़क



की पूजा भी हुई, उधर रजरप्पा मंदिर में भीड़ को देखते हुए रजरप्पा पुलिस काफी चौकस रहे रात भर मंदिर पर क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल के जवान तैनात किए गए जिससे पूजा अर्चना करने में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिली देर रात काली पूजा में पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा चार पहिया वाहन के पार्किंग के लिए सड़क किनारे लगे मंदिर मुख्य द्वार के दोनों चोर पर चार पहिया वाहन की पार्किंग की सुविधा दी गई थी। चितरपुर काली चौक पर काली पर पहुंच गए गिरिडीह सांसद चंद प्रकाश चौधरी द्वारा काली पूजा का शुभ उद्घाटन किया एवं पूरे क्षेत्र के लोगों को सुख समृद्धि शांति की शुभकामनाएं दी।

## मां काली की असीम कृपा व शक्ति से मानव समाज को मिलती है सुख समृद्धि, शांति : सांसद

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड के सिकनी में काली पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण एवं सांस्कृतिक डांस रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अथिति गिरिडीह सांसद विकास चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित जिला पार्षद सरस्वती देवी,व पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रम्हदेव महतो, शामिल हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व अतिथि द्वारा संयुक्त रुप से द्वारा भक्ति जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। पूजा समिति के द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों को फूल माला पहनाकर एवं बुके देकर भव्य रुप से ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया इस मौके पर उद्घाटन समारोह में शामिल ग्रामीणों को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा की मां काली शक्ति की देवी है जो भी श्रद्धालु भक्ति भाव से एवं सच्चे



मन से पूजा अर्चना करने वाले लोगों की मनोकामना पूरी करती है मां काली का असीम कृपा से जीवन में सुख समृद्धि शांति एवं खुशहाली मिलती है, गांव में भगवती जागरण का आयोजन होने से लोगों में आपसी प्रेम भाव और सद्भावना बना रहता है तथा धर्म के प्रति लोग जागरूक रहते हैं इस अवसर पर समस्त रामगढ़ जिला वासी एवं प्रदेशवासियों काली पूजा की ढेर सारे शुभकामनाएं भी दी जबकि रामगढ़ जिला परिषद पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो ने भी ग्राम वासियों को काली पूजा एवं सोहराय त्यौहार पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर आजसु पार्टी कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमृतलाल मुंडा आजसू पार्टी वरिष्ठ नेता ब्रजनंदन महतो दुलमी मुखिया रविन्द्र कुमार, दुलमी प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, सिकनी उपमुखिया सह पूजा कमेटी के अध्यक्ष उमाशंकर महतो, छोटेलाल महतो, राजेन्द्र रमन पटेल, सीडी महतो, आजसू नेता अशोक टाइगर, गौतम महतो, मुरली महतो, बसंत महतो, दिनानाथ महतो, सहित कार्यक्रम में कई ग्रामिल उपस्थित थे।

## दुकान में चोरी करते एक आरोपी को पकड़ा, दूसरे की तलाश जारी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत डीएवी आरा के सामने स्थित एक जनरल स्टोर के एस्बेस्टस शीट छत को तोड़कर चोरों ने नगदी सहित लाखों रुपए मूल्य के सामानों की चोरी कर ली। घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक चोर की पहचान की गई। जिसके बाद भुक्तभोगी ने पकड़ कर कुजू पुलिस के हवाले किया। वही, पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। घटना के संबंध में भुक्तभोगी द्वारा कुजू पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार, आरा 48 नंबर कॉलोनी निवासी गणेश कुमार महतो पिता हीरामन महतो की आरा डीएवी स्कूल के सामने राहुल जनरल स्टोर दुकान के एस्बेस्टस शीट छत को तोड़कर 23-24 अक्टूबर की रात चोरों ने दुकान से सीसीटीवी, एलसीडी, चालीस हजार नगदी, कैडबरी चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक्स तथा कॉस्मेटिक आइटम की चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद दुकानदार द्वारा दुकान के पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में दो चोरों को देखकर एक की पहचान अजाम अंसारी पिता सुल्तान अंसारी (19वर्ष) आरा कॉलोनी निवासी के रूप में की गई। उसे पकड़कर उससे पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। वही, उसके पास से एक स्प्रिंग चाकू मिला। सामान वापस करने के लिए दबाव बनाने पर उसने एलसीडी मॉनिटर, कोल्ड ड्रिंक्स एवं कुछ खुदरे पैसे वापस किया। शेष सामान वापस नहीं करने तथा एक अन्य साथी का नाम नहीं बताने पर उसे कुजू पुलिस के हवाले कर दिया गया। इधर, कुजू पुलिस ने भुक्तभोगी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया।

## बगैर आमसभा किये कब्रिस्तान चारदीवारी निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद रामगढ अंतर्गत वार्ड संख्या बीस अम्बाटांड़ हेहल में कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत योजना कब्रिस्तान की चारदीवारी कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन ।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गाँव के ही कांग्रेसी नेता अबु हसन अपनी मनमानी करते हुए बिना आमसभा किये लाभुक समिति का गठन किये हैं जिसमे अपने रिश्तेदारों को ही लाभुक कमिटी के पदाधिकारी बना लिए है ।ग्रामीणों ने बताया अबु हसन द्वारा जालसाजी तरीके से कमिटी बनाते हुए कब्रिस्तान चारदीवारी का निर्माण कार्य कराना ग्रामीणों के साथ धोखाधड़ी है ।ग्रामीणों ने इस बात की शिकायत बरकाकाना ओपी, जिला कल्याण पदाधिकारी रामगढ,बरकागाँव विधानसभा विधायक अम्बा प्रसाद सहित रामगढ जिला उपायुक्त को किया है ।ग्रामीणों ने माँग की है कि ग्रामीणों के बीच आमसभा का आयोजन कर चुने गए सदस्यों को लाभुक कमिटी व निगरानी कमिटी का गठन किया जाय। वही कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अबु



हसन ने नियम संगत कार्य करने की बात कही। बताते चलें कि कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत चौबीस लाख की कब्रिस्तान चारदीवारी कार्य से संबंधित शिकायत ग्रामीणों ने बरकाकाना ओपी से की ।प्राप्त आवेदन पर ततपरता दिखाते हुए बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार ने निर्माण कार्य को बंद रखने का आदेश दिया ।मौके पर अम्बाटांड़ हेहल के अंजुमन कमिटी के सदर सज्जाद अंसारी, सचिव मोहिब अन्सारी,सह सचिव मुबारक अंसारी,मो मुश्ताक, इसरमुल अंसारी, साकिर हुसैन, अनवर अली, जाकिर अंसारी, तौकीर अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## हथियार के साथ टीएसपीसी का दुर्दांत एरिया कमांडर गिरफ्तार, चार कारतूस व मोबाइल जब्त

अजय चौरसिया

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा में हंटरगंज थाना पुलिस को प्रकाश पर्व दीपावली के दौरान दोहरी सफलता मिली है। प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सली संगठन के सेकेंड सुप्रीमों आक्रमण दस्ते का एरिया कमांडर वीरेंद्र भोक्ता उर्फ सतेंद्र उर्फ बिहारी हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली के पास से पुलिस ने 315 बोर का थरनट हथियार, 315 बोर का चार कारतूस व मोबाईल जप्त किया है। नक्सली की गिरफ्तारी हंटरगंज थाना क्षेत्र के जावादोहर गांव के समीप से हुई है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर संगठन के शीर्ष नक्सली के इशारे पर चतरा के हंटरगंज और बिहार के गया जिला अंतर्गत रौशनगंज थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में संगठन विस्तार व लेवी वसूली को ले सक्रिय था। उन्होंने बताया कि एरिया कमांडर की गिरफ्तारी से संगठन को बड़ा झटका लगा है। वहीं चोरी के हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल और हथियार के साथ दो शातिर चोरों रविंद्र भारती व गणेश भारती को भी हंटरगंज पुलिस ने धर दबोचा है। वाहन चेकिंग अभियान के



दौरान खूंटी केवाल इलाके से चोरों की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार चोरों के पास से एक देशी कट्टा व एक कारतूस बरामद हुआ है। एसडीपीओ ने बताया कि झारखंड बिहार सीमावर्ती इलाके में नक्सलियों की बढ़ती गतिविधि की मिली गुप्त सूचना व दीपावली के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लें एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर थाना प्रभारी सनोज चौधरी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को दोनों सफलताएं मिली है। उन्होंने बताया कि एरिया कमांडर की गिरफ्तारी से जहां नक्सली संगठन टीएसपीसी को बड़ा झटका लगा है वह है इलाके में सक्रिय बाइक चोर गिरोह के दो शातिर चोरों की गिरफ्तारी गिरोह के मंसूबों पर पानी फेरते हुए गिरोह में शामिल अन्य शातिर चोरों की गिरफ्तारी की दिशा में सार्थक कदम बढ़ा दिया है।

## छठ महापर्व को लेकर घाटों को साफ साफ किया गया



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर मंगलवार को सयाल दामोदर नदी के पांच छठ घाट जिसमें वन बी घाट,वन सी घाट,भानु कालोनी घाट, मंदिर साइड घाट,नालापार घाट,की साफ सफाई अभियान चलाकर की गई। जिसमें सीसीएल प्रबंधन का सहयोग रहा ।साफ सफाई अभियान में मुख्य रूप से बिरेंद्र पासवान, अनूप कुमार उर्फ पिंटू सिंह, कृष्णा साव,छोटन सिंह, सतीश लाला, पुटूस कुमार, दीपक मेहता, संटू सिंह, गुड्डू यादव,राजा रजक,सुकेश भगत, अजित सिन्हा,बापी गांगुली, अशोक कुमार, मुन्ना कुमार, रंजीत कुमार, गोविंद साव आदि मौजूद थे।

## दीपावली और कालीपूजा को लेकर बलकुदरा में ऑर्केस्ट्रा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बलकुदरा में मंगलवार को दीपावली और कालीपूजा के अवसर पर नागपुरी ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुखिया विजय मुंडा, आजसू केंद्रीय सचिव विजय साहु, झामुमो युवा नेता योगेंद्र यादव, समाजसेवी संजय यादव, अजय यादव, रामप्रसाद यादव, रामजन्म यादव, आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम में राज म्यूजिकल ग्रुप के गायक आरती, पूजा, डांसर रजनी, शुलेखा आदि कलाकारों ने गीत और संगीत के एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश कर लोगों को खूब झूमाया। देर रात तक लोगों ने ऑर्केस्ट्रा का आनंद लिया। आयोजन को सफल बनाने में राजाराम प्रसाद, ब्रजकिशोर प्रसाद, जगदेव प्रसाद, धनेश्वर मुंडा, मंगल मुंडा, नंदकिशोर मुंडा, कुलदीप यादव, मनोज मुंडा, अमर यादव, संजय प्रसाद, पंसस राजू मुंडा, पूर्व पार्षद झरी मुंडा, प्रकाश मुंडा, शुशील उरांव, बबलू उरांव, मनोज महली, उकेश यादव, दीपक महली, वीरेंद्र बेसरा, दिनेश मुंडा, रविंद्र यादव वार्ड सदस्य, गुलचंद मुंडा, शुशील मुंडा, झनु मुंडा, रवि मुंडा, गणेश मुंडा सहित अन्य ने योगदान दिया।

## भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की हुई विशेष पूजा, विद्युत सज्जा व आतिशबाजी रहा आकर्षण का केंद्र, देर रात्रि मां काली की हुई पूजा-अर्चना

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में सोमवार की मध्य रात्रि काली पूजा धूमधाम और भक्तिभाव से संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न पूजा-पंडालों और काली मंडप में पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच रात्रि में मां काली की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें सैंकड़ों महिला पुरूष और बच्चों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। कोयलांचल के जवाहर नगर, थाना चैक स्थित काली मंदिर, पगला आश्रम, हॉस्पीटल



कॉलोनी, पटेल नगर, बिरसा चैक, शिव नगर, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, कोल कंपनी, रीवर साईड, बलकुदरा, कुरसे, चिकोर, महुआ टोला, निम्मी, पाली, सुद्दी, देवरिया, मतकमा, लादी, पाली, लपंगा, जयनगर, सौंदा बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों में पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इसके पूर्व दीपावली के अवसर पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा-अर्चना के दौरान आराध्य देवी-देवताओं के गगनभेदी उदघोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। दीपावली के अवसर पर दुकानों और कॉलोनियों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था। वहीं लोगों ने अपने-अपने घरों में रंगोली और दीया जलाकर दीपावली का त्योहार मनाया। इस दौरान जमकर आतिशबाजियां भी हुई जो देर रात्रि तक चलती रही। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर पर्व की बधाई दी। वहीं भाग्य आजमाने को लेकर कही-कहीं लोगों को जुआ खेलते भी देखा गया। इधर जवाहर नगर ज्योति क्लब भुरकुंडा, भदानीनगर के कोल कंपनी, थाना चैक भुरकुंडा स्थित काली मंदिर सहित कई जगहों पर काली पूजा के पावन अवसर पर मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजा को ले बलकुदरा सहित कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और भक्ति जागरण का भी आयोजन हुआ। वहीं जवाहर नगर ज्योति क्लब प्रांगण में बुधवार की संध्या भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है। पूजा कमेटी के लोगों ने क्षेत्रवासियों से भारी संख्या में जागरण में शामिल होने की बात कही।

## सोसो कला : दोस्ताना लाइन होटल में फास्ट फूड का उद्घाटन



**ललपनिया /रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** गोला थाना क्षेत्र अंतरगर्त सोसो कला स्थित दोस्ताना लाईन होटल मे रविवार को फास्ट फूड दुकान का उद्घाटन होटल के संचालक रंजीत ठाकुर की मां दुखनी देवी द्वारा फीता काट कर किया गया. इस अवसर पर होटल का संचालक रंजीत ठाकुर ने बताया कि अब यहाँ पर लोगों को फास्ट फूड खाने के लिए दूर- दराज नही जाना पड़ेगा. लोगों को अब हमारे यहाँ शुद्ध खाना के साथ साथ शुद्ध फास्ट फूड का भी व्यवस्था किया गया है. उन्होंने कहा कि अभी का दौर मे लोग जिस तरह फास्ट फूड को पसंद कर रहे हैं. उसी को देखते हुए ये व्यवस्था किया गया है. उन्होंने बताया कि हमारे यहां चोउमीन, वेज चिली, चिकन चिली, अंडा रोल,वेज शुप, चिकन शुप, मोमो, व और भी बहुत तरह का वेज नन वेज आईटम मिलेगा. इस मौके पर विश्वनाथ ठाकुर, विजय ठाकुर, लाडली कुमारी, बेबी कुमारी, अंश कुमार ठाकुर व अन्य कई लोग उपस्थित थे.

# एटमी हथियारों की मची होड़

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव चुन लिये गये। इसमें शायद ही किसी को शक रहा हो। इसके लिए सारे जरूरी इंतजाम चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की शनिवार को समाप्त हुई 20वीं कांग्रेस में कर लिये गये थे। इस कांग्रेस के दौरान गठित सर्वशक्तिमान सात सदस्यीय स्टैंडिंग कमेटी में शी के समर्थकों की एंट्री सुनिश्चित की गयी और पूर्व प्रधानमंत्री ली समेत सभी संभावित असंतुष्टों को सत्ता केंद्रों से दूर कर दिया गया। हालांकि कांग्रेस की करीब एक सप्ताह चली बैठक पूरी तरह से शांतिपूर्ण और पूर्वनियोजित ही रही, लेकिन आखिरी दिन पूर्व राष्ट्रपति हू चिनताओ को जिस तरह बैठक स्थल से निकाला गया, उसने थोड़ी असहजता जरूर पैदा की। बाद में कहा गया कि पूर्व राष्ट्रपति की तबीयत ठीक नहीं थी, इसलिए उन्हें बाहर ले जाना पड़ा। बहरहाल, औपचारिक तौर पर भले ही शी को तीसरा कार्यकाल दिया गया हो, वास्तव में माना यही जा रहा है कि वह आजीवन सत्ता में बने रहेंगे। इस तरह से चीन में शुरू हो रहे नये दौर को शी युग का नाम दिया जा रहा है। जिन कुछेक खास वजहों से चीन के इस शी युग को पूरी दुनिया के लिए चिंताजनक बताया जा रहा है, उनमें प्रमुख है परमाणु हथियारों की होड़ दोबारा शुरू होने की आशंका। 20वीं पार्टी कांग्रेस के उद्घाटन सत्र में ही शी ने कहा था कि हम सामरिक प्रतिरोध की एक मजबूत व्यवस्था बनायेंगे। शी ने, जो सेंट्रल मिलिट्री कमिशन (सीएमसी) के भी प्रमुख हैं, अपनी 63 पेज की रिपोर्ट में 'पीएलए (पीपल्स लिबरेशन आर्मी) का केंद्रीय लक्ष्य हासिल करना और राष्ट्रीय रक्षा तथा सेना का आधुनिकीकरण' शीर्षक से सेना को समर्पित पूरा एक अध्याय शामिल किया है। उन्होंने अनमैंड कॉम्बैट की क्षमता तेजी से विकसित करने और नेटवर्क इन्फॉर्मेशन सिस्टम के विकास और इस्तेमाल को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया। इसका मतलब यही है कि उनके नेतृत्व में चीन अपनी परमाणु प्रतिरोध क्षमता को मजबूती देगा। इससे भारत को भी परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ानी पड़ सकती है। अभी चीन-पाकिस्तान के मुकाबले भारत के पास कम परमाणु हथियार हैं। इसके अलावा, अगर चीन को उसका पुराना गौरव वापस दिलाने की शी की घोषित नीति और उसके आक्रामक तेवर को ध्यान में रखें तो आने वाले दिनों के लिए ये संकेत सकारात्मक नहीं कहे जा सकते। यह अकारण नहीं है कि जापान ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के साथ नया द्विपक्षीय सुरक्षा समझौता किया, जिसमें मिलिट्री, इंटेलिजेंस और सायबर सिक्यॉरिटी में सहयोग बढ़ाने पर खास जोर दिया गया है। इस बीच यह खबर भी आयी है कि चीन और पाकिस्तान सीपीईसी (चाइना-पाकिस्तान इकॉनमिक कॉरिडोर) के अलावा तीन और कॉरिडोर के साझा प्रॉजेक्ट शुरू कर सकते हैं। जाहिर है, आने वाले दौर में अंतरराष्ट्रीय शांति कायम रखने की कोशिशें तेज करने की जितनी जरूरत होगी, सतर्कता के साथ हर तरह के हालात से निपटने की तैयारी रखना भी उतना ही अहम होगा।

**चीन में शुरू हो रहे नये दौर को शी युग का नाम दिया जा रहा है। जिन कुछेक खास वजहों से चीन के इस शी युग को पूरी दुनिया के लिए चिंताजनक बताया जा रहा है, उनमें प्रमुख है परमाणु हथियारों की होड़ दोबारा शुरू होने की आशंका।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफाई के काम को छोटा सा काम बताया था, पर अब तक का अनुभव बताता है कि सफाई का काम उन बड़े-बड़े कामों से कम खर्चीला नहीं है, जिनके लिए सरकारें हमेशा पैसे की कमी का रोना रोती रही हैं। आज 8 साल बाद भी देश की राजधानी दिल्ली के ही पॉश इलाकों तक में पर्याप्त सफाई नहीं दिखती। जगह जगह कूड़े के ढेर दिखायी दिखते हैं।**

# स्वच्छता अभियान कहां अटक गया

विनीत नारायण

2014 में जब देश में पीएम नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आते ही स्वच्छता के प्रति जोर-शोर से एक अभियान छेड़ा था तो सभी को लगा कि जल्द ही इसका असर जमीन पर भी दिखेगा। इस अभियान के विज्ञापन पर बहुत मोटी रकम खर्च की गयी। कुछ ही महीनों में मोदी सरकार की प्राथमिकताएं दिखनी भी शुरू हो गयीं। जितनी तीव्रता से इस विचार को सामने लाया गया उससे नयी सरकार के योजनाकार भी भौंचक्के रह गये।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफाई के काम को छोटा सा काम बताया था, पर अब तक का अनुभव बताता है कि सफाई का काम उन बड़े-बड़े कामों से कम खर्चीला नहीं है, जिनके लिए सरकारें हमेशा पैसे की कमी का रोना रोती रही हैं। आज 8 साल बाद भी देश की राजधानी दिल्ली के ही पॉश इलाकों तक में पर्याप्त सफाई नहीं दिखती। जगह जगह कूड़े के ढेर दिखायी दिखते हैं। प्रश्न है कि क्या इसके लिए केवल सरकार जिम्मेदार है? क्या स्वच्छता के प्रति हम नागरिकों का कोई दायित्व नहीं है? सोचने वाली बात है कि अगर देश की राजधानी का यह हाल है तो देश के बाकी हिस्सों में क्या हाल होगा? देश के 50 बड़े शहरों में साफ- सफाई के लिए क्या कुछ करने की कोशिश नहीं की गयी? रोचक बात यह है कि 600 से ज्यादा जिला मुख्यालयों में जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन अगर वाकई किसी मुद्दे पर आंखें चुराते हुए दिखता है, तो वह साफ-सफाई का मामला ही है। उधर देश के 7 लाख गांवों को इस अभियान से जोड़ने के लिए हम न जाने कितने साल से लगे हैं। यानी कोई कहे कि इतने छोटे से काम पर पहले किसी का ध्यान नहीं गया तो यह बात ठीक नहीं होगी। महत्वपूर्ण बात यह होगी कि इस सार्वभौमिक समस्या के समाधान के लिए व्यावहारिक उपाय ढूंढने के काम पर लगा जाए तो शायद सही दिशा में अच्छे परिणाम आयेंगे। इसके लिए नागरिकों और सरकार की सहभागिता के बिना कुछ नहीं होगा।

**आने वाले समय में नयी चुनौती यह खड़ी होने वाली है कि शहरों और कस्बों से निकले कूड़े-कचरे के पहाड़ हम कहां-कहां बनायें?**



**आने वाले समय में नयी चुनौती यह खड़ी होने वाली है कि शहरों और कस्बों से निकले कूड़े-कचरे के पहाड़ हम कहां-कहां बनायें? उसके लिए जमीनें कहां ढूंढें? दिल्ली जैसे महानगर में भी कूड़ा इकट्ठा करने के स्थान भर चुके हैं और यहां भी कूड़ा इकट्ठा करने के लिए नये स्थान खोजे जा रहे हैं।**

गांधी जयंती पर केंद्र या राज्य सरकार के तमाम मंत्री किस तरह खुद झाड़ू लेकर सड़कों पर सफाई करते दिखायी देते हैं, उससे लगता है कि इस समस्या को कर्तव्यबोध बता कर निपटाने की बात सोची गयी थी। यानी हम मान रहे हैं कि नागरिक जब तक अपने आसपास का खुद ख्याल नहीं रखेंगे तब तक कुछ नहीं होगा। इस खुद ख्याल रखने की बात पर भी गौर करना जरूरी है। शोधपरक तथ्य तो उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन सार्वभौमिक अनुभव है कि देश के मोहल्लों या गलियों में इस बात पर झगड़े होते हैं कि मेरे घर के पास कूड़ा क्यों फेंका? यानी समस्या यह है कि घर का कूड़ा-कचरा इकट्ठा करके कहां फेंका जाए?

निर्मला कल्याण समिति जैसी कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं के अनुसार उपनगरीय इलाकों में घर का कूड़ा फेंकने के लिए लोगों को आधा किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है। जाहिर है कि देश के 300 कस्बों में लोगों की तलाश बसावट के बाहर कूड़ा फैंकने की है। खासतौर पर उत्तर-प्रदेश और मध्य प्रदेश का अनुभव यह है कि हमारे बेशकीमती जल संसाधन मसलन तालाब, कुंड और कुएं-कूड़ा कचरा फेंकने के खड्डु बन गये हैं। इन नये खड्डों की भी अपनी सीमा थी, पर अब हर जगह ये कूड़े से पट गये हैं।

आने वाले समय में नयी चुनौती यह खड़ी होने वाली है कि शहरों और कस्बों से निकले कूड़े-कचरे के पहाड़ हम कहां-कहां बनायें? उसके लिए जमीनें कहां ढूंढें? दिल्ली जैसे महानगर में भी कूड़ा इकट्ठा करने के स्थान भर चुके हैं और यहां भी कूड़ा इकट्ठा करने के लिए नये स्थान खोजे जा रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय पूर्वी दिल्ली में बने कूड़े के पहाड़ों को लेकर दिल्ली सरकार की खिंचाई कर रहा है।

गांव भले ही अपनी कमजोर आर्थिक हालत के कारण कूड़े-कचरे की मात्रा से परेशान न हों लेकिन जनसंख्या के बढ़ते दबाव के चलते वहां बसावट का घनत्व बढ़ गया है। गावों में तरल कचरा पहले कच्ची नालियों के जरिए भूमिगत जल में मिल जाता था। अब यह समस्या है कि गांवों से निकली नालियों का पानी कहां जाये। इसके लिए भी गांवों की सबसे बड़ी धरोहर पुराने तालाब या कुंड गंदी नालियों के कचरे से पट चले हैं।

यह कहने की तो जरूरत है ही नहीं कि बड़े शहरों और कस्बों के गंदे नाले यमुना जैसी देश की प्रमुख नदियों में गिराये जा रहे हैं। चाहे विभिन्न प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हों और चाहे पर्यावरण पर काम करने वाली स्वयंसेवी संस्थाएं -और चाहे कितनी भी चिंतित सरकारें -ये सब गंभीर मुद्रा में चिंता करते हुए दिखते तो हैं लेकिन सफाई जैसी बहुत छोटी या बहुत बड़ी समस्या पर गंभीर कोई नहीं दिखता। अगर ऐसा होता तो ठोस कचरा प्रबंधन, औद्योगिक कचरे के प्रबंधन, नदियों एवं सरोवरों या कुंडों के प्रदूषण स्वच्छता और स्वास्थ्य के संबंध जैसे विषयों पर भी हमें बड़े अकादमिक आयोजन होते जरूर दिखायी देते।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों, प्रबंधन प्रौद्योगिकी संस्थानों और चिंताशील स्वयंसेवी संस्थाओं के समन्वित प्रयासों से, अपने-अपने प्रभुत्व के आग्रह को छोड़ कर, एक दूसरे से मदद लेकर ही स्वच्छता जैसी बड़ी समस्या का समाधान खोजा जा सकता है, पर हर समस्या को समस्या बना कर रखने की अभ्यस्त नौकरशाही इस समस्या को भी अपनी लालफीताशाही की फाइलों में कैद रखने में ही अपनी कामयाबी समझती है। इसलिए कोई हल नहीं निकल पाता। पश्चिमी देशों की नजर में भारत सबसे गंदे देशों में से एक है। ये हम सबके लिए शर्म की बात है। हम सबको सोचना और कुछ ठोस करना चाहिए।

# उद्देश्य से भटकती घातक दिवाली



सुनील बादल

धार्मिक और शास्त्रीय कारणों से अलग हर पर्व त्योहार को मनाने के पीछे कुछ ना कुछ वैज्ञानिकता होती है। जब पहले कच्चे घरों में लोग रहते थे और कीड़े-मकोड़े बरसात के दिनों में जाले बना लेते थे तो घरों की सफाई के उपरांत इनको नष्ट करने के लिए दीपक जलाने के त्योहार के रूप में भी दिवाली मनायी जाती थी। घरों की सफाई होती थी लिपाई-पुताई होती थी, जिससे बरसात के बाद हुए संक्रमण से घर मुक्त हो जाते थे और दिवाली के बाद इसी तरह सरोवर की सफाई करते हुए छठ मनाया जाता है इसी तरह व्यक्तिगत सफाई का त्योहार होली को माना जाता था। पर इन पर्व त्योहारों का जो उसका वर्तमान स्वरूप है, वह इसके मूल उद्देश्य को कहीं न कहीं पीछे छोड़ कर प्रदूषण फैलाने की ओर बढ़ा हुआ है। दिवाली घरों के प्रदूषण को समाप्त करने और छठ नदी तालाबों के प्रदूषण को हटाने के लिए मनाये जाने की परंपरा थी, तो होली के प्राकृतिक रंगों और गुलाल से मनुष्य मनोरंजन पाने के साथ संक्रमण से भी मुक्त हो जाता था। इन्हें धार्मिक अनुष्ठान बनाया गया, ताकि धर्म के नाम पर लोग पूरी श्रद्धा के साथ सफाई करें और स्वस्थ रहें, क्योंकि पहले आज की तरह एंटीबायोटिक या अन्य प्रभावशाली दवाएं नहीं थी। जो प्राकृतिक चिकित्सा थी वह बहुत धीमी गति से असर करती थी, तो मनुष्य ने अपने बचाव के लिए यह प्राकृतिक तरीके विकसित किये थे। आज दिवाली में घरों की सफाई हो ना हो, लेकिन पटाखों की होड़ जरूर बढ़ी है और शान की बात यह समझी जाती है कि सबसे ज्यादा रंगीन लाइटों की सजावट कौन करता है और सबसे ज्यादा पटाखे और हर तरह की आतिशबाजी कौन करता है! प्रदूषण रोकने वाली संस्थाएं और विशेषज्ञ हमें बार-बार चेतावनी दे रहे हैं कि बारूद और खतरनाक रसायनों से युद्ध के मैदान से भी अधिक खतरनाक स्थिति बनती जा रही है, जिसमें हमारे देश की राजधानी दिल्ली भी शामिल है, पर हम इसे मानने के लिए तैयार नहीं हैं। देश की अदालतों ने अपने निर्देशों और आदेशों में यह स्पष्ट किया है कि 8 से 10 बजे तक 2 घंटे तक आतिशबाजी हो और सुरक्षा मानकों का भी पालन किया जाए लेकिन अपनी सुरक्षा ताक में रख कर लोग भव्यता प्रदर्शन, शक्ति प्रदर्शन और कहीं न कहीं अपने अहंकार की तुष्टि के लिए लाखों करोड़ों रुपए फूंक कर न सिर्फ अपने लिए जहरीला वातावरण विकसित कर रहे हैं, बल्कि अपने बच्चों और बीमार लोगों के लिए भी मुसीबतें खड़ी कर रहे हैं। दूसरी तरफ प्रदूषण की चिंता किये बिना उत्तेजना के लिए नये नये तरीके इजाद किये जा रहे हैं, कोई नये प्रकार के रॉकेट छोड़ रहा है, कोई आसमान को छूते पटाखे फेंकने वाले यंत्र विकसित करवा रहा है, कोई गुब्बारे चलवा रहा है और सब की देखा देखी भोले-भाले ग्रामीण या बच्चे इस बात से बेखबर कि पेट्रोल जैसे ज्वलनशील पदार्थ हर किसी के घर की गाड़ियों में या सूखी लकड़ियां पुआल जैसे ज्वलनशील पदार्थ हर किसी के घर के पास मौजूद होते हैं, आंख मूंदकर पटाखे छोड़ते हैं हर बार दीपावली में कुछ न कुछ ऐसी दुखद घटनाएं होती है, जो कुछ दिनों के बाद भुला दी जाती हैं। दिवाली के दिन बस के अंदर दिया जलाकर सोने वाले दो लोग पूरी बस के साथ रांची राजधानी में जल कर मर गये। इसी प्रकार जमशेदपुर में स्कूटी में पटाखों से आग लग गयी। असुरक्षित बिना लाइसेंस बिकने वाले पटाखा दुकानों में विजयवाड़ा में आग लगी, जिससे कई लोग जलकर मर गये। अभी बहुत जगहों की इस तरह की दुर्घटनाओं के समाचार एकत्रित हो रहे हैं और इन दुर्घटनाओं से जो तुरंत नुकसान होता है, उसका तो ऑकलन हो जाता है, लेकिन अनेकों बीमारियां और सांस संबंधी जो शिकायतें होती हैं, जो बीमार, वृद्ध और बच्चों को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं, उसका कोई आंकड़ा ना तो हम एकत्रित हैं और ना उसका महत्व समझते हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# विधायक मंगल कालिंदी ने पंडालों में पूजा-अर्चना कर मां से लिया आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** दीपावली एवं काली पूजा के शुभ अवसर पर झारखंड सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के परशुडीह प्रमोथनगर में श्री श्री लोकनाथ मंदिर में मां काली के समक्ष माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। मौके पर विधायक ने क्षेत्र के विभिन्न पंडालों का उद्घाटन किया। विधायक ने कैरेज कॉलोनी में आयोजित श्री श्री कालीपूजा कमिटी, खाडंगझार बस स्टैंड में आयोजित श्री श्री कालीपूजा कमिटी, लोको कॉलोनी गंगोत्री चौक में काली पूजा पंडाल कमिटी,जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत श्री श्री श्यामा मां पूजा कमिटी, परसुडीह के नव संघ हलुदबनी कमेटी में आयोजित मां काली पूजा में शामिल होकर विधिवत पूजा पंडालों का फीता काट कर उद्घाटन किया।

विधायक ने मां काली के प्रतिमा के समक्ष माथा टेके एवं क्षेत्र वासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की।

इस दौरान झामुमो के कार्तिक मछुआ, ज्ञानराज, राकेश चक्रवर्ती, पप्पू ठाकुर, नितिन हासदा, विमल पाल, अविनाश उपाध्याय, राजा पांडे, सौरभ शर्मा, अनिकेत पात्रों, तरूण पाल, मुखिया काजल हरदा, पंचायत सदस्य करवा, हरीश कुमार,वरिष्ठ नेता मनोहर हुसैन, मोहम्मद शमीम सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने स्वीकृत योजनाओं की गुणवत्ता का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानगो के विभिन्न क्षेत्रों में स्वीकृत योजनाओं की गुणवत्ता का निरिक्षण किया। साथ ही प्रारंभ हो रही नए योजना के लिए क्षेत्रों के जनता से मिलकर विकास कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। मंत्री ने मानगो सुमन होटल,जाकिर नगर, मंजर काजमी चौक,जाकिर नगर रोड 1, 2, 3, 4, 5, 6, बावन गोड़ा चौक, कुली रोड, ईदगाह मैदान, जवाहर नगर रोड नंबर 14, हयात नगर लाल बिल्डिंग, संकोसाई रोड नंबर 5 के क्षेत्र का दौरा किया।

मानगो सुमन होटल से आनंद विहार कॉलोनी तक, मानगो बड़ा हनुमान मंदिर से दीपा साही तक, एनएच-33 हनुमान मंदिर से जेकेएस सोसाइटी तक, जवाहर नगर रोड नंबर 14 क्रॉस रोड नंबर 13, ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 2 से रोड नंबर 7 तक सड़कें, रोड नंबर 10 वेस्ट ओल्ड पुलिया रोड आजाद बस्ती भाया जाकिर नगर, मानगो रोड नंबर 17 से नेशनल कमेटी बावन गोड़ा चौक ग्रीन वैली रोड तक, मानगो पारडीह रोड नंबर 17 से कुली रोड तक ओल्ड पुरुलिया रोड से सरायकेला बॉर्डर तक, आजाद नगर बावन गोड़ा चौक और ईदगाह रोड नंबर 3 ग्रीन वैली तक,जवाहर नगर रोड नंबर 6 से कालिका नगर तक सड़क का निरीक्षण किया।



इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सभी जगह बनने वाले सड़कों का कार्य एक से दो दिन के अंदर प्रारंभ हो जाएगा। मौके पर मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव, पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता बम प्रसाद, सहायक अभियंता अभिषेक श्रेष्ठ उपस्थित रहे।

# सुंदरनगर में उत्पाद विभाग की छापामारी एक आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** सुंदरनगर थाना क्षेत्र के तुरामडीह में उत्पाद विभाग ने मंगलवार को अवैध शराब की बिक्री स्थलों पर छापामारी की है। अवैध शराब के दो बिक्री स्थलों पर छापामारी की गई है। इस दौरान नाथू टूडू गिरफ्तार हुआ है। वह सुंदरनगर के तुरामडीह का रहने वाला है। एक व्यक्ति फरार हो गया। इस शराब विक्रेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कुल 16 लीटर विदेशी शराब बरामद की गयी। इसमें गोल्ड फादर बियर की 29 बोतल, गोल्ड फादर बियर के आधा लीटर बोतल की 21 बोतल बरामद हुई है।

# पूर्वी सिंहभूम जिले के एसडीएम पीयूष सिन्हा ने संभाला पद्भार

## निवर्तमान एसडीओ ने गुलदस्ता देकर किया उनका स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा ने मंगलवार को शहर पहुचे। मौके पर कार्यालय में पूर्व निवर्तमान एसडीओ संदीप कुमार मीणा ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। कार्यालय में क्षेत्र के नव पदस्थापित एसडीएम पीयूष सिन्हा ने निवर्तमान एसडीएम संदीप कुमार मीणा से पदभार ग्रहण किया। मौके पर जिले के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर नये एसडीएम का स्वागत किया।



निवर्तमान एसडीएम को उनके कुशल नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी। निर्वतमान एसडीएम संदीप कुमार मीणा का तबादला एसडीएम कोडरमा के रूप में किया गया। मौके पर उन्होंने कहा धालभूम अनुमंडल में अपने 15 महीने के कार्यकाल में बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक पदाधिकारी के रूप में दिये गये दायित्वों का बेहतर निर्वाहन करने का प्रयास रहा है। उन्होंने अपने उच्चाधिकारियों का उनके प्रति मार्गदर्शन के लिए आभार व अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मियों का सहयोग के लिए धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने कहा कोरोना काल की चुनातियों में उन्हीने पूरे राज्य में एक दिन के कार्यकाल में सर्वाधिक वैक्सीन का डोज 43 हजार लोगो को दिया था। जिसके परिणाम पूर्वी सिंहभूम जिला नंबर वन पर रहा था। उन्होंने 15 महीने के कार्यकाल में पूर्वी सिंहभूम जिले के जनता के लिए कई अहम कार्य की है। जिसे जनता याद करेगी।मौके पर एसडीएम पीयूष सिन्हा ने पदभार ग्रहण के दौरान कहा उन्होंने कहा 2020 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी के रूप में उनका पहला पदस्थापन है। पूर्व के एसडीएम संदीप कुमार मीणा के द्वारा किये गए अधूरा कार्य को पूरा करने का प्रयास रहेगा। साथ ही जिले के अनुमंडल क्षेत्र में विधि व्यवस्था का बेहतर सुविधा तथा अच्छे कार्यों को आगे बढ़ाना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा एसडीएम के रूप में मिलने वाली नई जिम्मेदारियों को अच्छे से समझते हुए कर्तव्यों का निर्वहन का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर एलआरडीसी धालभूम, बीडीओ, सीओ जमशेदपुर सदर, कार्यपालक पदाधिकारी मानगो नगर निगम एवं अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## दीपावली के अवसर पर देवी जागरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित शिशु मंदिर के परिसर में दीपावली पूजा के अवसर पर देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख अजय साव, उप प्रमुख अर्जुन पासवान, बीस सूत्री उपाध्यक्ष देव चंद यादव, मुखिया तेजलाल भुईयां ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रमुख ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होने से लोगों में अपने धर्म के प्रति उत्सुकता बढ़ती है। वहीं पूजा के अवसर पर इस तरह का आयोजन होने से पूजा समिति के लोग भी उत्साहित होते हैं और कमेटी के लोगों को मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि जागरण करने का उद्देश्य है कि देवी की उपासना को लोग समझें और देवी को मानने वाले लोग इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करते हैं, इसके लिए उन्होंने पूजा कमेटी के लोगों को बधाई दी। इस दौरान उप मुखिया मंगलेश यादव, पूर्व मुखिया नारायण दास यादव, समिति के अध्यक्ष विपुल यादव, चंद्रकांत यादव, जनार्धन यादव, जयमंगल यादव, सूर्यकान्त यादव सहित पूजा समिति के सभी सदस्य व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जागृति युवा क्लब जबरिया ने छठ घाट एवं संपूर्ण गांव की सफाई का कार्य पूर्ण किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जागृति युवा क्लब जबरिया के द्वारा छठ घाट एवं संपूर्ण गांव की सफाई की व्यवस्था आज पूर्ण कर ली गई है। क्लब के द्वारा प्रत्येक वर्ष संपूर्ण गांव रास्ते को साफ सफाई की जाती है एवं जहां-जहां रास्ते में गड्ढा हो गया था वहां मिट्टी भरकर उसकी मरम्मत करायी गयी। इस कार्य को क्लब के सभी सदस्यगण श्रमदान से करते हैं। इसमें क्लब के पदाधिकारी अध्यक्ष जितेंद्र पाल, सचिव आशीष कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रेम रंजन सिंह, संगठन मंत्री रमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विवेकानंद पाल, डॉक्टर सत्येंद्र पाल, दिनेश कमलापुरी, बिहारी पाल, गुड्डु, बृजेश, आकाश, आनंद, वार्ड पार्षद चैतु कुमार, ओम प्रकाश पाल, अरविंद कुमार, उदय पाल, सरवन कुमार, उपेंद्र, बृजनाथ इत्यादि सदस्य मौजूद थे।

## कुश्ती दंगल कार्यक्रम में भाग लेकर भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह ने पहलवानों का बढ़ाया हौसला



**रंका (आजाद सिपाही)।** दीपावली की पूर्व संध्या पर रंका श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर में आयोजित कुश्ती दंगल कार्यक्रम में भाग लेकर पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह ने पहलवानों का हौसला बढ़ाया। बताते चलें कि रंका में दीपावली की पूर्व संध्या बेला में परंपरागत महावीरी झंडा जुलूस सम्पन्न होने के पश्चात श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर स्थित अखाड़े में कुश्ती दंगल कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें गिरिनाथ सिंह अवश्य भाग लेते हैं और आयोजन समिति और पहलवानों के हौसले को बढ़ाने का काम करते हैं। इस वर्ष भी गिरिनाथ सिंह पहुंचे और विजेता-उपविजेता पहलवानों को तलवार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, पूर्व पहलवान सेवानिवृत्त जवान राम लगन ठाकुर, विकास कुमार ठाकुर, श्रवण ठाकुर, कांग्रेस अध्यक्ष ब्रजेंद्र चौधरी, महन्त बलराम पांडेय, संजय ठाकुर, ओम प्रकाश दास, हिंदू धर्म रक्षा सभा के अध्यक्ष सुलपानी सिंह एवं सदस्य काफी संख्या में श्रद्धालु लोग उपस्थित थे।

**प्रदर्शन :** पांच दिन बाद भी झामुमो नेता के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर लोगों ने जताया आक्रोश

# थाना मोड़ के सामने गढ़वा-चिनिया मुख्य सड़क को किया जाम

- थाना प्रभारी की ओर से पांच दिन का और समय देने की मांग को आक्रोशित लोगों ने ठुकरा दिया है
- प्रदर्शनकारियों ने कहा- जब तक एसपी आकर गिरफ्तारी का आश्वासन नहीं देंगे जाम जारी रहेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**चिनियां।** चिनिया के मुखिया जहेरा बीबी के पति और झामुमो के केंद्रीय समिति के सदस्य अयूब मंसूरी के हत्याकांड के पांच दिन बाद भी हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं किये जाने से चिनिया में जनाक्रोश भड़क गया है।

आक्रोशित लोगों ने पुलिस की कार्रवाई से असंतोष व्यक्त करते हुए आज सुबह 9:00 बजे से सड़क जाम कर दिया है।

सामाजिक कार्यकर्ता फरीद खान, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, प्रमुख सुनैना देवी, उपप्रमुख फारुख हसन तथा भुटो मंसूरी के नेतृत्व में आक्रोशित लोगों ने थाना मोड़ के सामने गढ़वा-चिनिया मुख्य सड़क को जाम कर दिया है।

सड़क जाम स्थल पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों को समझा-बुझाकर गिरफ्तारी के लिए पांच दिन और समय देने की थाना प्रभारी विरेंद्र हंसदा के मांग को आक्रोशित लोगों ने ठुकरा दिया है।

आक्रोशित लोगों का कहना है कि पुलिस ने 12 घंटे के अंदर गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था बावजूद पांच दिन बीतने पर भी हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस इस मामले में जानबूझकर नजरअंदाज कर रही है। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम स्थल पर पुलिस अधीक्षक को बुलाने की मांग करते हुए शर्त रखी है कि जब तक पुलिस अधीक्षक स्वयं आकर गिरफ्तारी का आश्वासन नहीं देंगे, तब तक सड़क जाम जारी रहेगा।

सड़क जाम स्थल पर भारी संख्या में महिला पुरुष और युवक शामिल हैं।

विदित हो कि विगत पांच दिन पूर्व अयूब मंसूरी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## पीएनबी शाखा सिंघीताली में लटका रहा ताला, दिन भर परेशान हुए ग्राहक




- बिना सूचना के गायब रहे बैंक के सभी कर्मी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** बैंक में अवकाश नहीं रहने के बावजूद मंगलवार को भवनाथपुर टाऊनशिप रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा सिंघीताली पूरी तरह बंद रहा। पत्रकार द्वारा कारण पूछे जाने के बाद बैंक मैनेजर ने आनन फानन में तीन बजे के करीब केवल बैंक का शटर खोला।

बैंक कर्मियों की मनमानी रवैये के कारण दूरदराज से आये बैंक ग्राहकों को बेवजह परेशान होकर बिना बैंकिग कार्य किये लौटना पड़ा। वहीं बैंक को आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ी। उल्लेखनीय है कि उक्त बैंक में मैनेजर के रूप में राजेश टोप्पो, ऑफिसर अमित कुमार, हेड केशियर संतोष कुमार रजक, केशियर कमलेश पांडे, पिउन नुनू मेहता एवं गार्ड हरेंद्र तिवारी कार्यरत हैं। बावजूद बैंक में ताला लटकना दुर्भाग्यपूर्ण है।

इस बाबत पूछे जाने पर बैंक मैनेजर राजेश टोप्पो ने बताया कि स्टाफ नहीं रहने के कारण बैंक बन्द है। पुनः जब उनसे पूछा गया कि स्टाफ सूचना देकर नहीं आये हैं, इस पर उन्होंने कहा स्टाफ बिना सूचना के ही गायब हैं। साढ़े तीन बजे के करीब पत्रकार द्वारा जब पुनः बैंक की तरफ अवलोकन किया गया तब आसपास के लोगों द्वारा पता चला कि अभी कुछ देर पहले यानी तीन सवा तीन बजे के करीब बैंक मैनेजर साथी सुनील कुमार के साथ बैंक का शटर खोल अंदर गए हैं।

हैरत की बात है कि बैंक स्टाफ बिना सूचना के गायब हो जा रहे है वहीं मैनेजर भी बैंक में ताला लटकाकर बैंकिग कार्य को बाधित कर रहे हैं।

## झारखंड ग्रामीण बैंक बुका शाखा प्रबंधक पर केसीसी लोन धारकों ने अवैध वसूली का लगाया आरोप

- बताया- सभी लोन धारकों से 45 से 50 प्रतिशत राशि की वसूली गयी है
- पूछे जाने पर बैंक मैनेजर ने उक्त अवैध वसूली में किसी भी बैंक कर्मी की संलिप्तता से स्पष्ट इनकार कर दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बुका के शाखा प्रबंधक एवं बिचौलियों द्वारा केसीसी लोन धारकों से लाखों रुपये अवैध वसूली किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। भवनाथपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रोहिनिया के केसीसी लोन धारक मनोहर साह, रामावतार सिंह, कमलेश, रामलखन राम, रामाशीष सिंह सहित कई लोगों से अवैध वसूली की गई। उक्त लोगों ने बताया कि मकरी निवासी अनिरुद्ध पासवान द्वारा हम सबों को बताया गया कि आप सबों के खाते में दिवाली बोनस आया है। बैंक मैनेजर सहित उच्चाधिकारी को मैनेज करने में 50 प्रतिशत खर्च होगा। हम सबों द्वारा पैसा निकासी करने के बाद अनिरुद्ध पासवान बैंक के नीचे आया एवं हम सबों से 45 से 50 प्रतिशत तक की राशि ले ली। लोन धारकों ने बताया कि मनोहर साह से दस हजार निकासी करने पर 4500 रु., रामावतार सिंह द्वारा 24000 रु. निकासी करने पर 10000 रु., कमलेश राम द्वारा 25000 रु. निकासी करने पर 12500 रु., राम लखन राम द्वारा 20000 रु. निकासी करने पर 10000 रु., राम आशीष सिंह द्वारा 18000 रु. निकासी करने पर छह हजार रुपये अनिरुद्ध पासवान द्वारा बैंक मैनेजर को सेट करने के नाम पर ले लिया गया। उक्त लोगों द्वारा शिकायत किये जाने पर भाजपा नेता ने बैंक पहुंच मामले की जानकारी लेनी चाही, जिस पर बैंक मैनेजर ने उक्त अवैध वसूली में किसी भी बैंक कर्मी की संलिप्तता से स्पष्ट इनकार कर दिया गया। वहीं लोन धारकों से अवैध वसूली करने वाले तथाकथित अनिरुद्ध पासवान से संपर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु संपर्क नहीं हो सका।

## मानसिक दिव्यांग लड़की ने की आत्महत्या

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के मझिगावां गांव के नवडीहवा टोला निवासी सुरेश रजवार की 17 वर्षीया पुत्री मीरा कुमारी मानसिक दिव्यांग ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना मंगलवार सुबह करीब दस बजे की है। घटना की सूचना पर हरिहरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। मृतका के पिता ने पुलिस को दिये बयान में बताया है कि मेरी पुत्री की मौत के पीछे कोई जिम्मेवार नहीं है। वह मानसिक रूप से दिव्यांग थी। पुलिस ने मामले को दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## नदी के किनारे पलाश के पेड़ से झूलता हुआ मिला वृद्ध का शव

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला डंडई थाना क्षेत्र के पचोर गांव में नदी के किनारे पर पलाश के पेड़ में एक वृद्ध का शव झूलता हुआ पाया गया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया। शव की पहचान पचोर गांव के हरिजन टोला निवासी 50 वर्षीय मनु राम के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों से मामले की पूछताछ कर शव को अंत्य परीक्षण के लिए गढवा पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। घटना के संबंध में थाना प्रभारी सुनील कुमार पटेल ने बताया कि परिजनों के अनुसार बीते बुधवार को दोनों पति-पत्नी के बीच नोकझोंक हुई थी। मनु राम अपनी पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर रहे थे, जिसे लेकर दोनों के बीच नोकझोंक हुई थी, जिसके बाद मृतक मनु राम की पत्नी हीरा मोती देवी अपने मायके चली गई थी। जिसके बाद शुक्रवार को अचानक मनु राम गायब हो गए, जिसकी सूचना मिलते ही उनकी पत्नी व उनके घरवाले सभी खोजबीन करने लगे किंतु आज सुबह गांव के ही ग्रामीणों द्वारा मनु राम का शव नदी किनारे पलाश के पेड़ में झूलता हुआ देखा गया। ग्रामीणों ने मांग की कि पुलिस मामले का पर्दाफास करे कि यह घटना हत्या है या आत्महत्या।

## मारपीट की घटना में 50 वर्षीय वृद्ध घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला डंडा थाना क्षेत्र के कोरियाडीह गांव निवासी 50 वर्षीय भिखारी चौधरी मारपीट की घटना में घायल हो गया, जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में घायल भिखारी चौधरी ने बताया कि गांव के ही मुनेश्वर चौधरी से मेरी पत्नी बुधनी देवी का अवैध संबंध है, जिसे लेकर गांव में कई बार पंचों के द्वारा पंचायती भी की गयी किंतु मुनेश्वर चौधरी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। बीते सोमवार की सुबह मुनेश्वर चौधरी हमारी पत्नी बुधनी देवी से बात कर रहे थे, जिसे लेकर जब अपनी पत्नी बुधनी देवी को डांट-फटकार कर रहे थे तभी मुनेश्वर चौधरी हमारे साथ टांगी और लाठी डंडे से मारपीट करने लगा। पीड़ित ने इस मामले में डंडा थाना में भी लिखित आवेदन देकर नामजद मुनेश्वर चौधरी पुत्र सत्केद्र चौधरी उसकी पत्नी ललिता देवी एवं राजनाथ चौधरी की पत्नी गुलेरिया देवी के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करा दी है।

## बीस सूत्री अध्यक्ष ने सर्पदंश से मृतक गद्दू यादव के परिजनों को दी खाद्य सामग्री



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी प्रखंड क्षेत्र के रक्सी पंचायत अंतर्गत धोबनी गांव में बीस सूत्री अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी मृतक गद्दू यादव के घर सोमवार को पहुंचकर परिजनों को खाद्य सामग्री प्रदान कर मदद की है। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष ने मृतक गद्दू यादव की पत्नी को पारिवारिक लाभ के तहत बीस हजार रुपये और अंबेडकर आवास दिलाने के लिए आश्वासन दिया है। मृतक गद्दू यादव की मौत गत दिनो सांप के डंसने से हो गई थी। वहीं मृतक की पत्नी वे बेटा अवधेश यादव ने बताया कि रोजाना की तरह वह खाना खाने के बाद मक्के की खेत में माचा पर सोने गये थे इसी दौरान सांप ने डंस लिया था। वहीं उनकी आसमयिक मृत्यु हो जाने के बाद बेटा और पत्नी अब बेसहारा हो गए हैं और वह अत्यंत ही गरीब हैं। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष ने स्व. गद्दू यादव की सांप के डंसने से मृत्यु होने के बाद परिजनों के समक्ष गहरा दुख प्रकट किया है। बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा है कि मृतक गद्दू यादव की पत्नी व परिजनों को उनसे जितना हो सकेगा उतनी मदद की जाएगी। बीस सूत्री अध्यक्ष ने इस दौरान खाद्य सामग्री भी प्रदान की। इस अवसर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, रफीक अंसारी, गणेश यादव, उदित यादव, राजनाथ यादव, रितेश यादव, पवन यादव, विनेश यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## व्यवसायी राकेश पाल ने खिलाड़ियों के बीच मनाया अपना जन्मदिन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले सुप्रसिद्ध व्यवसायी व गढ़वा ओलंपिक संघ के संरक्षक राकेश पाल ने अपना जन्मदिन डे बोर्डिंग कुश्ती खिलाड़ियों के साथ मनाया। सभी खिलाड़ी एवं प्रतिनिधियों ने उनका सम्मान शॉल ओढ़कर एवं बुके देकर किया। मौके पर केक काटकर जन्मदिन मनाते हुए राकेश पाल ने खुशी जाहिर करते हुए खिलाड़ी प्रतिनिधि एवं सभी बच्चों के प्रति खुशी जाहिर किया। साथ ही उन्होंने कहा कि आज जन्मदिन बच्चों के बीच मनाकर मैं बहुत ही खुश हूं, क्योंकि जन्मदिन बच्चे, अपने फैमिली, अपने दोस्त व चाहने वालों के बीच में मनाया जाता है। इसलिए सभी को एक बार फिर से मेरी ओर से बधाई, जिन्होंने मेरा जन्मदिन इतनी अच्छी तरीके से मनाया। यादगार पल के रूप में यह रहेगा।

## भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रकाश पर्व दीपावली रंका अनुमंडल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में इस वर्ष हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। दीपावली के अवसर पर बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं अपने घरों में भी रंगोली बनाकर सुंदरता में चार चांद लगाने का काम किया। दीपावली में लक्ष्मी पूजा को लेकर हमारे व्यावसायिक भाइयों एवं वैश्य समाज में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर कंचनपुर रबदा गांव के उत्साही युवकों के द्वारा रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसका आनंद लोगों ने उठाया। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, मधुसूदन राम, संतोष चंद्रवंशी, लवली उरांव, राजकिशोर रवि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** एनएच 343 रंका-अंबिकापुर मार्ग पर सदर थाना क्षेत्र के ओबरा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में विजय राम घायल हो गया। वह गढ़वा थाना क्षेत्र के नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत दीपवां मोहल्ला का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार विजय राम अपनी मोटरसाइकिल से रंका की ओर जा रहा था। इस दौरान अनियंत्रित गति के कारण उसकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में विजय राम घायल हो गया। घटनास्थल स्थल के आसपास के लोगों की मदद से घायल विजय राम को सदर अस्पताल में भेजवाया गया, जहां इलाज चल रहा है।

**अवैध उत्खनन :** धुरकी सुरक्षित वन क्षेत्रों में धड़ल्ले से किया जा रहा है पत्थरों का अवैध उत्खनन

# 25 सौ रु. प्रति ट्रैक्टर सड़क निर्माण कार्य में खपाया जा रहा अवैध पत्थर

- सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी के पेटी कांट्रेक्टरों के कारण धुरकी के सुरक्षित जंगल, पहाड़ और नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है

कृष्णा यादव



### जो भी ऐसा कर रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी : सीओ

इस संबंध में अंचल अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने कहा कि सूचना मिली है। सुरक्षित जंगल और पहाड़ों का दोहन करने की छूट किसी को नहीं दी जाएगी, और जो भी ऐसा कर रहे हैं उनके विरुद्ध सरकारी राजस्व की क्षति पहुंचाने के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी और सड़क निर्माण कंपनी पर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### जानकारी मिली है, शीघ्र ही छापेमारी की जायेगी : वनपाल

वनपाल प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि जानकारी मिली है शीघ्र ही स्पेशल टास्क फोर्स के माध्यम से सीओ और डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी की जाएगी और अवैध उत्खनन कराने वाले सभी संलिप्त लोगों पर भारतीय वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के साथ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी वन क्षेत्र में इन दिनों धड़ल्ले से बड़े पैमाने पर पत्थरों का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। सुरक्षित वन क्षेत्र कनहरतटीय नदी क्षेत्र से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से उत्खनन करने के बाद नगरउंटारी से धुरकी अंबाखोरया व धुरकी से बेलासपुर निमार्णाधीन पथ में पुल पुलिया और गार्डवाल निर्माण कार्य के लिए मोटे दामों पर बिक्री की जा रही है। धुरकी सुरक्षित वन क्षेत्र के अंबाखोरया, परासपानीकला, राज्यपाल नगर, केतमा, खाला, शुरू और सेमरवा के जंगलों से पहाड़ों में अवैध तरीके से उत्खनन किया जा रहा है। सोमवार को जेएमएम के नेता सरफराज अंसारी, ग्रामीण बसंत सिंह गोड़, सोहर सिंह, नरेश कोरवा, कल्लू कोरवा, बीडीसी प्रतिनिधि रामभरोसा राम, सत्येंद्र सिंह ने बताया कि धुरकी से अंबाखोरया होते नगरउंटारी तक निर्माणाधीन पथ में पुल, पुलिया, कल्वर्ट और गार्डवाल निर्माण में सुरक्षित वन क्षेत्र से निम्न स्तर का पत्थर लगाया जा रहा है। वहीं सड़क का चौड़ीकरण सह मजबूतीकरण के लिए निर्माण कार्य करा रही एनजी प्राइवेट लिमिटेड के छोटे-मोटे पेटी कांट्रेक्टर, मुंशी और कर्मियों के द्वारा स्थानीय स्तर पर सुरक्षित जंगलों से अवैध उत्खनन धड़ल्ले से करवाया जा रहा है। इसके बदले पेटी कांट्रेक्टर और छोटे-मोटे ठेकेदार द्वारा अवैध उत्खनन करवाने के एवज में मोटी रकम भी दी जा रही है। उक्त ग्रामीणों ने बताया कि प्रति ट्रैक्टर पच्चीस सौ रुपये की दर से खरीदारी की जाती है। आपको बता दें सड़क निर्माण कार्य करा रही एनजी प्रोजेक्ट लिमिटेड के पेटी कांट्रेक्ट के छोटे-मोटे ठेकेदारों के बहकावे और उकसावे में आकर इन दिनों धुरकी के सुरक्षित जंगल, पहाड़ और नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। एक तो पूर्व से ही जंगल से हरे-भरे पेड़ों की कटाई से जंगल नष्ट हो रहे हैं, अब बचा-खुचा जंगल के पहाड़ और पत्थरों को भी बड़े पैमाने पर उत्खनन कर पत्थरों का अवैध व्यवसाय किया जा रहा है।

**प्रमुख शांती देवी** ने कहा की जानकारी मिली है अवैध उत्खनन करने की और अंबाखोरया से धुरकी नगरउंटारी पथ में निम्न स्तर का पत्थर लगाने की। वह उपायुक्त को लिखित रूप से आवेदन देकर कार्रवाई की मांग करेंगी।

**जिप सदस्य सुनीता कुमारी** ने कहा कि सुरक्षित वन क्षेत्र के पहाड़ों को एनजी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा पत्थरों का खनन करवाकर जंगल को नष्ट और दोहन करवाया जा रहा है। इससे जंगल का अस्तित्व मिट जाएगा। वह जिले के वरीय अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग करेंगी।

सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता ने बताया कि सड़क निर्माण करा रहे एनजी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सड़क निर्माण में निम्न स्तर का घटिया पत्थर तो लगाया ही जा रहा है और जंगल के पहाड़ों से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन कर और वही निम्न स्तर का पत्थर लगाया जा रहा है, जिससे सड़क की गुणवत्ता भी खराब हो रही है, और धुरकी के जंगल और पहाड़ों का दोहन किया जा रहा है।

# समाज सेवा करना मेरा धर्म है : अभिषेक कुमार सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के युवा समाजसेवी अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा ग्राम बेगा टोला के मृतक टोटल भुइयां कामकाज के लिए खाद्य सामग्री एवं नगद राशि प्रदान किया। अभिषेक कुमार सिंह अपने पंचायत क्षेत्र में लगातार देखने को मिल रहा है गरीबों के बीच हमेशा बना रहना। हर किसी सुख दुख में शामिल होकर उनका हौसला को बड़ा कर रखना। समाज के प्रति खड़ा होकर हमेशा मदद करना इनका स्वभाव है। उन्होंने कहा अपने फर्ज से हम पीछे कभी नहीं हटेंगे सिर्फ मेरे कानों तक बाग पहुंचना चाहिए। आगे भी इस तरह का कार्य क्षेत्र में हमारे द्वारा जारी रहेगा।

मौके में शंभू पासवान, संतोष पासवान, जितेंद्र बैगा, सुरेंद्र ठाकुर, अंकित कुमार, घनश्याम सिंह, रामचंद्र सिंह, कमलेश भुइयां, मृतक के परिजन उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद में हत्या की आशंका

## मृतक के पुत्र ने थाना में कराया पांच लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका (लातेहार)।** मनिका थाना क्षेत्र कोपे पंचायत के जगतु गांव निवासी तेतर भुइयां 61 वर्ष की रविवार की रात कुदाल से काटकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी। मृतक के पुत्र दिनेश भुइयां ने बताया कि हम लोगों का दो घर है। एक घर जगतू गांव में है और दूसरा जंगल में है। पिताजी रविवार की रात करीब साढ़े आठ बजे खाना खाकर जंगल वाले घर में सोने चले गये। उसने बताया कि वह हमेशा उसी घर में सोते थे। सुबह में लोगों से जानकारी मिला कि उसके पिता की हत्या हो गयी है। घटना की जाकारी मिलते ही मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। परिजनों ने जैसे ही शव को देखा कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसआई गौतम कुमार, प्रदीप राय समेत कई पुलिस बल के जवान घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। हत्यारा कुदाल के पिछले हिस्से से सिर पर बार किया था और बांया पर भी काटकर क्षत विक्षत कर दिया। मृतक के पुत्र ने बताया जमीन का विवाद गांव के ही लोगों के साथ चल रहा था। उसने बताया कि वह जंगल का जमीन साफ करके खेती बाड़ी के लिए तैयार किया था। परंतु गांव के दरोगा सिंह समेत कई लोग हमारे जंगल के जमीन पर कब्जा करना चाहता था। कई बार लड़ाई झगड़ा भी हुआ था। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने कहा कि हत्या के मामले में मृतक के पुत्र ने पांच लोग दरोगा सिंह, मनोहर सिंह, मिथिलेश सिंह, विकास सिंह और शिला देवी के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है। दर्ज मामले के आलोक में अनुसंधान किया जा रहा है। हत्या के आरोपी को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार, भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा पुलिस ने मंगलवार को पत्नी की हत्या के आरोपी पति उदरंगी निवासी अमजद अंसारी को कांड संख्या 65/022, धारा-302/304/ बी /34 आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दे कि आरोपी के घर में पत्नी निखत खातून का शव फांसी में लटका हुआ पाया गया था। घटना की सूचना देने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और शव को फंदे से उतार और पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। इधर लड़की के पिता नरकोपि थाना क्षेत्र के मंदरो गांव निवासी अफसर अंसारी ने अपनी पुत्री की हत्या करने का मामला अपने दामाद अमजद अंसारी एवं मां शाहीन खातून, बहन गुलनाज परवीन इन तीनो द्वारा हत्या करने का मामला दर्ज कराया है। लड़की के पिता आवेदन में कहा है कि मेरी पुत्री निखत परवीन उम्र 27 का शादी 2018 में उदरंगी निवासी अमजद अंसारी उम्र 30 के साथ हुआ था। दहेज के तौर पर एक अपाची मोटरसाइकिल तथा नगद और सारा सामान दिया था परन्तु लड़का और उसकी मां को दहेज की कमी हमेशा रहा है। उसके बाद भी लड़का को स्कॉर्पियो गाड़ी खरीदने के नगद एक लाख 70 हजार दिए साथ ही एक गाय जिसकी कीमत 50 हजार रुपए। फिर भी दहेज के लिए तंग किया जाता था। आवेदन में कहा है कि हत्या की आशंका पहले से ही था। निखत खातून अपनी सहेली के पास हत्या होने की असंका जताई थी। एक बजे रात में फोन आया कि आपकी बेटी खुदकुशी कर ली। लड़की के पिता अफसर अंसारी ने भंडरा थाना में अपने दामाद अमजद अंसारी और लकड़ा की मां शाहीन खातून, बहन गुलनाज परवीन पर हत्या करने का मामला दर्ज कराया है।

# तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत अंतर्गत डुमर टोली निवासी स्व. जगरनाथ लोहरा के 60 वर्षीय पुत्र तुलसी लोहरा सोमवार को गांव के समीप तालाब में नहाने गया था। नहाने के दौरान तालाब में डूबने से उसकी मौत हो गयी। जिसकी सूचना बच्चों के माध्यम से परिजनों को मिलते ही तालाब के समीप पहुंच कपड़ा एवं चप्पल को देख तुलसी लोहरा का वस्तु के रूप में पहचान किया गया। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से मंगलवार को तालाब से शव को निकाल कर परिजनों द्वारा घटना की सूचना थाना प्रभारी ऋषिकांत को दिया गया।

# बच्चा चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस

**सेन्हा थाना पुलिस घटना का जायजा लेते हुए जांच में जुट गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अंतर्गत पारही विसाहा टोली में बच्चा चोरी की सूचना पर पुलिस पहुंची। सेन्हा थाना पुलिस घटना का जायजा लेते हुए जांच में जुट गयी। जानकारी के अनुसार पारही विसाहा टोली निवासी चरवा उरांव के 7 वर्षीय पुत्र सोहन उरांव की चोरी करने की बात सामने आ रहा है। जिसकी सूचना परिवार द्वारा पुलिस प्रशासन को देते हुए बताया गया की घटना शनिवार देर शाम का है। चरवा उरांव ने प्रसाशन को बताते हुए कहा कि शाम 5 बजे घर के समीप मेरा बेटा खेल रहा था। उसके बाद 6 से बजे बच्चा का कोई सुराग नहीं मिलने पर बच्चा चोर द्वारा चोरी का आशंका जताया जा रहा। वही मुखिया अनिल उरांव द्वारा परिजनों एवं ग्रामीणों को सुझाव देते हुए कुआं तालाब या अगलबगल गांव में छानबीन करने को कहा गया। बच्चा चोरी की सूचना पर थाना प्रभारी ऋषिकांत सआनि राजेश शर्मा जमशेद खान दलबल के साथ विसाहा टोली पहुंच ग्रामीणों एवं परिजनों से जायजा लिया। जिसके अनुसार बच्चा चोरी होने की बात बताई जा रही है। परंतु चोरी का कोई प्रमाण नहीं मिल रहा है। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने जांचोपरांत कहा कि बच्चा चोरी मामला हो या लापता हो दोनो पहलू पर जांच किया जा रहा है।

# दो दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड अन्तर्गत बेसिक उच्च विद्यालय के खेल मैदान में नव युवक संघ सेन्हा द्वारा दीपावली के अवसर पर दो दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें 8 टीमो ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित मुखिया धनवाज उरांव द्वारा खिलाड़ियों परिचय प्राप्त कर खेल प्रारम्भ कराया गया। कहा कि खेल को खेल की भवना से खेले और सफलता प्राप्त करें हार जीत खेल का पहलू है। जो हारता है वही जीत का जज्बा भी रखता है। हार से निराश न हो और जीत से उत्साहित न हों अनुसाशन के साथ खिलाड़ी खेलने का प्रयास करें। वही समाजसेवी गुजरात खान द्वारा फुटबॉल में कीक मार कर खेल प्रारंभ किया गया। फाइनल मैच के जीएन आजाद बस्ती अरु तथा फुटबॉल लकब लातेहार के बीच खेला गया। जिसमे दोनों टीम बराबरी पर रहा। वही पेनाल्टी सूट आउट में लातेहार की टीम 2-1 से विजयी हुई। वही विजेता और उप विजेता और टीम को अतिथियों द्वारा पुरस्कार स्वरूप एक एक खस्सी तथा नगद राशि दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त टिक को भी पुरस्कार दिया गया।

मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, कांग्रेस कमिटी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष नन्दकिशोर शुक्ला, शौकत अंसारी, मिथलेश मिश्रा, अजय सोनी, तबारक हुसैन, किनेश साहु, प्रदीप मेहता, फैयाज अंसारी, रेयाज खान के अलावे सैकड़ों खेल प्रेमी उस्थित थे।

# चंदवा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विकास के नाम पर लूट जारी

मुकेश कुमार सिंह



**चंदवा।** चंदवा के समाज सेवी सह पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तो भवन निर्माण और बाउंड्री वाल तथा पेबर ब्लॉक बिछाने व ईट जोड़ाई तथा प्लास्टर की कार्य चल रहे है। महीनों से कार्य डीएमएफटी योजना के तहत कार्य चल रहे है। परंतु अनियमितता चरम पर पहुंच गया है। पेबर ब्लॉक बिना लेबलिंग किए ही मजदूर जैसे तैसे पेबर ब्लॉक बिछाने का काम कर रहे हैं। लेबलिंग बिना किए पेबर ब्लॉक बिछाने से कहीं उंच कहीं निंच दिख रही है, इससे ढलान में पानी जम जायेगी। ईटा पथाई में प्रयोग होने वाले चिकना मिट्टी को पेबर ब्लॉक बिछाने में प्रयोग किया जा रहा है। जबकि बालू का प्रयोग किया जाना है। दिवाल का ईट जोड़ाई व प्लास्टर में भी चिकना मिट्टी का ही प्रयोग किया जा रहा है। वर्षा होने के बाद पेबर ब्लॉक की निचे की मिट्टी बह जायेंगे तथा पेबर ब्लॉक में पैदल चलने फिरने व गाड़ी मोटरसाइकिल चलने से पेबर ब्लॉक हिलने डुलने लगेगी। जिससे परेसानी जैसे के तैसी ही रहेगी। ऐसे ही कार्य बाउंड्री वाल का चल रहा है। उसमें भी पुराने बाउंड्री पर ही नये बाउंड्री वाल खड़ा किया जा रहा है। उसके बाद भवन निर्माण किया जा रहा है। उसमें देखा गया कि भवन के ऊपर भवन बन रहा है। परंतु पुराने भवन में 16 एमएम के छड़ दिया गया है। और अभी नया निर्माण किया जा रहा है। उसमें 12 एमएम का छड़ दिया जा रहा है। इट पूरी तरह घटिया किस्म का प्रयोग किया जा रहा है। सीमेंट और बालू का मिक्सिंग का भी बहुत अंतर है। पेबर ब्लॉक भी अच्छा क्वालिटी का नहीं है। उसमें बाद जमीन पर पेबर ब्लॉक लगाया जा रहा है। उस जमीन को बराबर भी नहीं किया जा रहा है।

# ग्रामीणों के साथ मनिका विधायक ने जनसमस्याओं को लेकर की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास में प्रखंड के छिपादोहर पंचायत की मुखिया बेरोनिका कुजूर ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ जनसमस्याओं को लेकर की मुलाकात। समस्याओं को सुनकर विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का निदान हर हाल में जल्द किया जायेगा। इसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। मौके पर ग्रामीणों द्वारा कि छिपादोहर पंचायत में पीसीसी पथ निर्माण, नाली निर्माण की मांग की गयी और बरसात के दिनों में सड़क में जल जमाव होने की वजह से होने वाली समस्या से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि सड़क का निर्माण जल्द कराया जायेगा। ग्रामीणों ने एक बात और कहा कि कई बार उन्होंने वृद्धापेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, राशन कार्ड आदि का फॉर्म भरा है पर अब तक उनकी कोई समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। साथ ही कई लोगों का प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल पाया हैं। विधायक ने तुरंत बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूरभाष से संवाद कर समस्याओं का शीघ्र निदान करने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र काफी बड़ा है बहुत सारे ग्रामीण मुझ तक अपनी समस्या नहीं पहुंचा पाते हैं इसीलिए अब मैं खुद अपनी जनता के समक्ष जाकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उनके निदान के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। जिस आशा उम्मीद और विश्वास के साथ मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है उस पर खरा जरूर उतरूंगा। मौके पर समाजसेवी हीरालाल सिंह, बिजेंद्र गुप्ता, भरत कुमार इंद्रजीत सिंह, लक्ष्मण सिंह, कृष्णा सिंह, पंकज सिंह, विजय बहादुर सिंह समेत और भी लोग मौजूद रहे।

# काली पूजा में है गहरी आस्था : सांसद डीपी साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** दीपावली के मौके पर सदर थाना क्षेत्र के निगनी गांव स्थित प्रख्यात काली पूजा पूरे उमंग उल्लास और श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। जय मां काली पूजा समिति निंगनी के द्वारा सोमवार की रात काली मंदिर में भव्य तरीके से मां काली की पूजा अर्चना की गयी। जीर्णोद्धार मंदिर का उद्घाटन भी किया गया। काली पूजा का उदघाटन राज्यसभा सांसद धीरज साहू, सांसद समीर उरांव समेत अन्य अतिथियों ने किया। हजारों श्रद्धालुओं ने माता काली की पूजा अर्चना में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस दौरान माता काली को लगभग 400 बकरे की बलि अर्पित की गयी। दीपावली को रात भर निगनी गांव मां काली की आराधना में लीन रहा। निगनी स्थित साहू मोहल्ला में माता काली का भव्य मंदिर स्थापित है। मंदिर का इस वर्ष जीर्णोद्धार कर आकर्षक और सुंदर बनाया गया। पूजा समिति के संरक्षक डॉ टी साहू मंदिर निर्माण में व्यक्तिगत भागीदारी निभाया और पूजा समेत आयोजनों के प्रति समर्पित रहे। सोमवार को काली पूजा के मौके पर मंदिर जीर्णोद्धार का भव्य उद्घाटन राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने विधिवत किया। इस मौके पर सांसद डीपी साहू ने माता काली का विशेष आराधना किया। लोहरदगा के सुख समृद्धि और विकास की कामना किया। सांसद डीपी साहू ने उपस्थित जनसमूह से कहा कि निगनी गांव में स्थित काली पूजा मैं उनकी गहरी आस्था है। दीपावली की रात शक्ति की आराधना वह बचपन से देखते आ रहे हैं। यहां सदियों से काली पूजा भव्य तरीके से आयोजित होने की परंपरा चली आ रही है। अतिथि के रूप में पहुंचे राजसभा सांसद समीर उरांव ने भी काली पूजा में भागीदारी निभाया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि हम ऐसे राष्ट्र में जन्मे हैं जहां हमारी संस्कृति और परम्परा सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाती है। उन्होंने युवा शक्ति को अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाने की सलाह देते हुए कहा कि मां काली सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करे। पूजा समिति के संरक्षक डॉ टी साहू ने काली पूजा का का इतिहास और लोकप्रियता से उपस्थित जनसमूह को परिचय कराया। पूजा समिति द्वारा दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को पूजा स्थल पर भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## धूमधाम से मना दीपावली का महापर्व

# रोशन रहे घर-गली और सड़क

रवि कुमार गुप्ता



**बरवाडीह।** अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक पर्व दीपावली सोमवार को बरवाडीह प्रखंड मे धूमधाम से मनायी गयी। दीपों की सुंदर कतार और टिमटिमाती जगमगाती रंग-बिरंगी रोशनी से घर, गली, सड़क रोशन रहे। देर रात तक उत्सव और उमंग का माहौल रहा। बधाई और शुभकामनाएं देने व लेने का सिलसिला सुबह से देर रात तक चलता रहा। पर्व के प्रति लोगों का उत्साह चरम पर था। दिन भर की साफ-सफाई के बाद शाम ढलते ही शुभ मुहूर्त में घरों और प्रतिष्ठानों में समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी और शुभ के देवता भगवान गणेश का विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद शुरू हुआ दीपों को सजाने का सिलसिला जो देर शाम तक चलता रहा। पटाखों की गूंज दोपहर से ही सुनाई देने लगी थी, शाम को पूजन के बाद इसमें तेजी आ गयी। घरों के साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी बिजली की रंग बिरंगी लरियों से सजाया गया था।

व्यावसायिक स्थलों में सुबह से देर रात तक पूजा-पाठ का कार्यक्रम चलता रहा। **खूब बिकी मिठाइयां :** सोमवार को सर्वाधिक भीड़ लाई, गट्टा, चीनी की मिठाई और पटाखों की दुकानों पर देखने को मिली। मिठाइयों, ड्राई फ्रूट्स बेसन और मोतीचूर के लड्डू के प्रति लोगों का विशेष रुझान दिखा।

### घरों में बने लजीज पकवान

**दीपावली के मद्देनजर घरों में सुबह से ही लजीज पकवान बनने शुरू हो गए थे। त्योहार होने के कारण सुबह-सुबह मीठा खाकर लोगों ने दिन की शुरूआत की। वहीं, शाम को घरों में खीर-पूड़ी, पुलाव, पनीर, छोले, मशरूम आदि की सब्जियां बनायी गयीं, जिसका लोगों ने जायका लिया।**

## सुख-समृद्धि की कामना के साथ जिलेवासियों ने दीपावली का त्योहार मनाया

# लोहरदगा में पटाखे और रौशनी से जगमगाया शहर





आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** दीपावली का त्योहार जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में श्रद्धा, उमंग, उल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया गया। घर और बाजार दीए और झालरों से जगमगाते रहे। लोगों ने दीपावली के त्योहार का पूरा आनंद लिया। घरों, मंदिरों, प्रतिष्ठानों और पूजा-पंडालों में धन-वैभव की प्रार्थना को लेकर लक्ष्मी-गणेश की पूजा हुई। प्रकाश पर्व दीपावली पर उल्लास छाया रहा। सतरंगी छटा बिखरी रही। विभिन्न प्रतिष्ठानों व घरों में भगवान गणेश व मां लक्ष्मी की पूजा कर भक्तों ने धन-वैभव की प्रार्थना की। सोमवार शाम से देर रात्रि तक आतिशबाजी होती रही। आसमान आतिशबाजी की रंगों से रंगीन हो रही थी। शाम से ही बच्चें पटाखें छोड़ना शुरू कर दिए थे। हर घर में दीपावली को गणेश लक्ष्मी की पूजा सुबह से ही शुरू हो गई थी। दीपावली के निमित लोगों ने घरों में साफ-सफाई कर भगवान लक्ष्मी-गणेश की अराधना-उपासना की तैयारी में जुट गए थे। चारों तरफ दीयों की रौषनी से जगमगा रही थी। दीपावली के मौके पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। बच्चों ने भी खूब पटाखें खरीदें। बाजार में पटाखों की बिक्री खूब हुई। दीपावली पर्व को लेकर लोगों ने अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठानों को लाइटिग और फूल माला से सजाया था। सुख-समृद्धि की कामना के साथ जिलेवासियों ने दीपावली का त्योहार मनाया। शहर के मुख्य पथ के अलावा गली-मुहल्लों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, घरों में मिट्टी के दीये जगमगा रहे थे।

### हर्षोल्लास से मनायी गयी दीपों का त्योहार दीपावली

**सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मना दीपों का पर्व दीपावली। सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। दीपावली के दिन सुबह से ही लोग अपने-अपने घरों को साफ सुथरा कर उसे सजाने में लगे हए थे। रविवार शाम लोगो द्वारा छोटी दीपावली मनायी गयी वही सोमवार देर शाम होने के साथ ही हर घरों में दीप जलाकर दीपों का त्योहार दीपावली को धूम-धाम से मनाया गया। सभी के घरो में शाम होते ही मिट्टी के बने दिए जगमगा रहे थे। वही घरो का सजावट दीपावली को और भी आकर्षक बना रही थी। दीप जलाने के बाद से शाम में बच्चे और बड़ो ने भी जमकर अतिशबाजी की। इसके सभी लोग अपने अपने घरों में धन की देवी लक्ष्मी एवं गणेश की पूजा किये। पूजन के उपरान्त सभी लोग ने धन की देवी लक्ष्मी तथा गणेश से अपने अपने घर परिवार के लोगों के लिये सुख समृद्धि की कामना किये। वही प्रखण्ड क्षेत्र में कही भी किसी प्रकार का अप्रिय घटना की सूचना नही मिली। अप्रिय घटना को रोकने के लिए सेन्हा थाना क्षेत्र में पुलिस जवानों के द्वारा देर रात तक क्षेत्रो में गश्त किया गया। इस दौरान क्षेत्र में जुआ और शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। परन्तु कही से जुवाड़ी या शराबी नही मिले। वही लोगो ने शान्ति एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाया।**

### मां काली की मूर्ति स्थापित कर हुई पूजा अर्चना

**सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को दीपावली के दिन लक्ष्मी गणेश पूजन के उपरान्त काली पूजन किया गया। मेन रोड सेन्हा में मां काली का मूर्ति स्थापित कर भक्तो ने धूम धाम से पूजा अर्चना किया और प्रखण्ड क्षेत्र वासियो के लिये सुख समृद्धि का कामना किया गया। पूजन कार्यक्रम पण्डित अवनीश पाठक द्वारा सम्पन्न कराया गया।**

हत्या : जलडेगा में डायन-बिसाही के शक में 60 वर्षीय महिला की चाकू मार कर हत्या, मृतका के पति को भी गंभीर रूप से किया जख्मी

# हत्या के बाद तीनों युवकों ने थाने में किया सरेंडर

**नशे में गांव के ही तीन युवकों ने दिया घटना को अंजाम, गांव में खुलेआम बिक रहा है महुआ दारू**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जलडेगा/सिमडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र के कोलोमडेगा पहानटोली में सोमवार की देर रात लगभग एक बजे जिरानी कंडुलना, पति सुलेमान कंडूलना नामक 60 वर्षीय महिला को गांव के ही तीन युवकों ने डायन-बिसाही के शक में तेज धारदार चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बाद तीनों हत्यारोपियों ने जलडेगा थाना में आत्मसमर्पण कर दिया।

थाना प्रभारी फिलिप मिंज, एसआई अरूनिश रोशन, प्रदीप खलखो, रवींद्र कुमार पांडे प्रातः दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी ली और शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त एक चाकू और लोहे का रड बरामद किया है।

मृतका के बेटे बसंत कन्डुलना ने बताया कि सोमवार रात मां जिरानी कन्डुलना, पिताजी सुलेमान कन्डुलना घर पर अलग-अलग जगहों पर सो रहे थे। देर रात लगभग 11 बजे गाब्रियल तोपनो ने मां जिरानी कन्डुलना के दरवाजे को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन मां ने टार्च की लाईट मारी तो भाग गया। इसके बाद मां जिरानी कन्डुलना डर से पति के पास साथ में सोने चली गई। इधर रात लगभग एक बजे अभिराम तोपनो, गाब्रियल तोपनो और जेम्स तोपनो ने हथियार के साथ फिर से घर पर हमला किया और घर का दरवाजा तोड़कर पति-पत्नी को घसिटते हुए घर से बाहर निकालने लगे। इस बीच एक युवक ने सुलेमान कंडूलना के सिर पर अचानक लोहे के रड से हमला किया और पकड़ में ढील की तो सुलेमान कन्डुलना ने भाग कर अपनी जान बचायी। सुलेमान भाग कर घर आया और दूसरे घर में सो रहे अपने बेटा बहू के पास चला गया। दूसरी ओर अपराधी जिरानी कन्डुलना को घर से सौ मीटर दूर पुलिया के पास तेज धारदार चाकू से गोद कर मार डाला। हत्या करने के बाद गांव की ही महिला चौकीदार सुखमनी तोपनो के पास जाकर सारी घटना को बताया और हत्या करने की बात स्वीकार की। इधर महिला चौकीदार ने तीनों हत्यारोंपियों को इधर-उधर भागने से मना किया और सभी को थाना जाकर आत्मसमर्पण करने को कहा। महिला चौकीदार सुखमनी तोपनो की बात को मानकर तीनों हत्यारोंपियों ने अहले सुबह खुद थाना आकर अपना अपराध स्वीकार करते हुए आत्मसमर्पण कर दिया। फिलहाल तीनों पुलिस हिरासत में हैं और तीनों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

इधर जान बचा कर भागे सुलेमान कन्डुलना अपने बेटे बसंत कन्डुलना को पूरी घटना की जानकारी देते हुए देर रात में ही टार्च लेकर जिरानी कन्डुलना की खोज में निकल गए। कुछ दूर पर मां जिरानी कन्डुलना को मृत अवस्था में देखकर रातोंरात थाना पहुंचे और घटना की जानकारी दी। दूसरी ओर आरोपी अभिराम गाब्रियल और जेम्स रात में ही थाना पहुंचे और अपराध स्वीकार करते हुए आत्मसमर्पण किया।

अभियुक्त जेम्स तोपनो, गाब्रियल तोपनो और अभिराम तोपनो ने अपराध स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि हम लोगों ने डायन-बिसाहिन के आक्रोश में हत्या की है। गाब्रियल तोपनो ने कहा कि मेरे पिताजी की मौत का कारण जिरानी कन्डुलना है। गाब्रिएल ने कहा कि मृतका जिरानी ने ही ओझा-गुणी करके उसके पिताजी को मार डालने का आरोप लगाया। वहीं मृतका के पुत्र बसंत कन्डुलना ने बताया कि दो साल पूर्व गाब्रियल तोपनो ने मेरे घर पर हमला कर घर के दरवाजे को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। मैंने भी आवेश में गाब्रियल की जमकर पिटाई की थी, जिसके बाद उसने दरवाजे की भरपाई की थी और गांव में पंचायती कर मामले में आपसी समझौता किया गया था। इसी आवेश में गाब्रियल कन्डुलना ने घटना को अंजाम दिया है।

बताते चलें कि कोलोमडेगा के सीमावर्ती गांव सावनाजारा नशा मुक्त गांव है, जहां शराब बनाना और बेचना दोनों ही अपराध है। शादी-विवाह या पर्व-त्योहार के मौके पर ग्राम सभा से इजाजत लेकर ही शराब बनायी जा सकती है। वहीं कोलोमडेगा गांव में जोरों से शराब की बिक्री की जाती है। पुलिसिया दबिश को धत्ता बताते हुए बड़े पैमाने पर देसी महुआ शराब की बिक्री और निर्माण किया जाता है।

## एसपी की रोक लगाने के निर्देश के बाद भी बाजारों में अवैध शराब की बिक्री जारी है

**जलडेगा में लगातार बढ़ रहे अपराध लोगों के मन में सवाल पैदा कर रहे हैं। पिछले दिनों से ही पुलिस द्वारा मानव तस्करी, नशापान और अंधविश्वास को लेकर लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी डायन-बिसाही का मामला कम नहीं हुआ। यही नहीं, सिमडेगा एसपी के रोक लगाने के निर्देश के बाद भी अभी तक बाजारों में अवैध शराब की बिक्री जारी है। लोगों ने कहा कि सोमवार को कोलोमडेगा बाजार लगा था, उक्त बाजार में तीनों हत्यारों ने शराब पीकर रात में घटना को अंजाम दिया है। नशा के कारण अपराध में वृद्धि हो रही है, जो काफी गंभीर विषय है। लोगों ने शराब का निर्माण और बिक्री पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है।**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### गुमला जिले के पूरे शहर में दीपावली के दीपों ने अंधेरी रात में भर दी रौशनी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कच्ची दीया और फिर पक्की दीया दोनों अवसरों पर गुमला प्रकाश में सराबोर रहा। दिवाली के प्रकाश से सारा शहर जगमगा उठा और लोगों ने इस त्यौहार को पटाखों के साथ खूब इंजॉय किया। मिट्टी के दीयों के साथ चाइनीज लाइट की साज-सज्जा से सारा शहर जगमगाता दिखाई दिया। केले के पेड़ों से लेकर आर्टिफिशियल तोरण द्वारों ने भी शहर की साज-सज्जा में चार चांद लगाया। विशेषकर गुमला शहर का मेन रोड सीसई रोड, पालकोट रोड, जसपुर रोड, और लोहरदगा रोड में दीपों के जगमग से अंधेरी रात रोशनी से नहा उठी। बच्चों ने अपने अपने घरों के सामने निकलकर पटाखे फोड़े। हालांकि इस बार अन्य वर्षो की तुलना में पटाखे कम फोड़े गए,लेकिन दीप सज्जा और चाइनीज लाइटों की सजावट में कमी दिखाई नहीं पड़ी। ऐसा भी कहा जाता है कि विभिन्न स्थानों में जुआरियों ने भी जमकर जुआ खेला। हालांकि जुआरियों के पकड़े जाने की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई।गुमला शहर में दिवाली की साज-सज्जा काफी आकर्षक रही।शहर के विभिन्न स्थानों पर काली पूजा के लिए पंडाल लगाए गए। कई स्थानों पर लक्ष्मी पूजा की गई। विशेषकर शहर के पटेल चौक, कुम्हार टोली, डीएसपी रोड, पालकोट रोड आदि स्थानों पर पूजा पंडाल लगाए गए। जहां श्रद्धालुओं ने पहुंचकर देवियों के समक्ष अपनी श्रद्धा अर्पित की।

### कांग्रेस नेता ने किया मां भवानी संघ के काली पूजा पंडाल का उद्घाटन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा रोड गुमला स्थित मां भवानी संघ के काली पूजा पंडाल का उद्घाटन जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह सचिव श्री बड़ा दुर्गा मंदिर गुमला रमेश कुमार चीनी ने फीता काट कर किया। इस मौके पर रमेश कुमार चीनी के अलावा रामनिवास प्रसाद, हिमेश कुमार, बैजनाथ भगत भी मौजूद थे। रमेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि त्योहारों का यह मौसम गुमला के लिए शांति, समृद्धि और भाईचारा ले कर आया है। मौके पर गुमला शहर के सभी समुदायों के लोगों ने शांतिपूर्वक मिलजुल कर त्यौहार मनाया। यह गुमला का इतिहास है कि अनेकता में एकता का बंधन कभी नहीं टूट सका। उन्होंने गुमला नगर वासियों की सुख शांति, सभी की तरक्की व भाई चारा की कामना की। उद्घाटन के मौके पर पंकज, कौशिक, राजेश, मुकेश, रविशंकर, सरवन, नीरज, सुजीत, शंकर रॉय, प्रतीक, मंशू,आयुष, सनी, दीपक,सूरज सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### घाघरा में माधवंश क्लब काली पूजा पंडाल में भक्तजनों ने की आराधना



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में माधवंश क्लब द्वारा काली पूजा धूमधाम से मनायी गयी। दीवाली की मध्य रात्रि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्त गण ने पूजन अनुष्ठान किया। जहां पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आचार्य ने पुजारियों को विधि विधान के साथ पूजन संपन्न कराया। इस मौके पर माधवंश क्लब के पदाधिकारी नीरज साहू ने कहा कि हम क्लब के तमाम भक्त एक-दूसरे के सहयोग और मां काली के आशीर्वाद से पूजन अनुष्ठान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करते आ रहे हैं और प्रखंड मुख्यालय के साथ पूरे क्षेत्र में मां काली का आशीर्वाद की कामना करते हैं। इस मौके पर नीरज साहु, भूषण साहु, सचिन कुमार, दीपक कुमार, जसवंत महतो, निखिल कुमार, अंशु कुमार, राहुल कुमार, विक्की कुमार, प्रवीण कुमार, संजय साहू, विपिन साहू, बसंत साहू, कुणाल साहू, राज भगत, क्षितिज राज, मयंक कुमार, नवीन साहू, प्रवीण साहू, सुजल कुमार, अमित साहू, चीनू कुमार, नितिन कुमार, रिकी गुप्ता, बॉबी गुप्ता, सुदामा साहू, सहित कई लोग मौजूद थे।

## नाइट्रिक एसिड लदा टैंकर पलटा, नदी की मछलिया मरीं, धान की फसल नष्ट



**कई घंटे तक तेज गंध लोगों के लिए मुसीबत बन गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखण्ड के गुमला जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के तोरपा नदी पुल (निर्झर ढोढा पुल) के पास गुमला-सिमडेगा मुख्य सडक पर नाइट्रिक एसिड लदा टैंकर मंगलवार को अनियंत्रित होकर पलट गया। केमिकल लदा यह टैंकर गढ़वा जिले से ओडिशा के राउरकेला शहर जा रहा था। इसी दौरान तीखा मोड़ होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। सड़क, नदी और खेतों में बड़े पैमाने पर नाइट्रिक एसिड फैल गया है। इसके दुष्प्रभाव से खेतों में खड़ी धान की फसल नष्ट हो गई है। वहीं, नदी में मछलियां मर गईं। टैंकर पलटने की सूचना के बाद पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा घटनास्थल पर पहुंचे। तुरंत अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी गई। दमकल गाड़ियों के आने से पहले टैंकर से बड़े पैमाने पर नाइट्रिक एसिड बहकर खेतों व नदी में चला गया। सड़क पर दूर दूर तक इसका तेज गंध लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। पुलिस ने इस सड़क पर आने-जाने पर तत्काल रोक लगा दी है। उधर, आसपास के खेतों में धान की फसल नष्ट होने से किसानों में आक्रोश है। किसानों का कहना है कि धान की बालियां मुरझा गई हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि तोरपा नदी में भी बड़े पैमाने पर नाइट्रिक एसिड बह गया है। इससे नदी में मछलियां मर गई हैं। घटना की सूचना के बाद प्रखंड प्रमुख सोनी लकड़ा व बंगरु पंचायत की मुखिया पूनम एक्का पीड़ित किसानों से मिलने पहुंचीं। प्रशासन से इसकी शिकायत कर हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। फसल की स्थिति देखने पहुंचीं सुकरमणी देवी, गीता देवी, अनिल महली, सुशील लकड़ा, बली उरांव ने बताया कि केमिकल का गंध हवा में जितनी दूर फैला है, उस क्षेत्र में धान की फसल को प्रभावित किया है। मालूम हो कि नाइट्रिक एसिड का इस्तेमाल कारखानों में किया जाता है। विशेषकर यह रासायनिक कारखानों में काफी मात्रा में इस्तेमाल में लाया जाता है। इसका विशेष उपयोग विस्फोटक पदार्थ, दवा व उर्वरक बनाने के लिए भी होता है।

## पुलिस संस्मरण सप्ताह पर पुलिस ने चलाया सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान

**एसपी के नेतृत्व में बुधवार को होगा रन फॉर यूनिटी आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पुलिस संस्मरण सप्ताह के अवसर पर गुमला पुलिस ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाया। बता दें कि गुमला पुलिस द्वारा शहीदों के सम्मान में पुलिस संस्मरण सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन कुछ नया कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इसी कड़ी में मगंलवार को पूरे गुमला शहर में सामाजिक कुरीतियां के विरुद्ध रैली निकाली गई। जिसमें गुमला पुलिस के वरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ सभी वर्ग के कर्मियों ने भी अपने हाथों में तख्ती थाम कर सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गुमला में व्याप्त डायन बिसाही में बरती जाने वाली हिंसा एवं मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूकता फैलाना था। साथ ही साथ यातायात में भी बरते जाने वाले लापरवाही के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने का प्रयास गुमला पुलिस द्वारा किया जा रहा है। यह सभी कार्यक्रम गुमला पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसकी अगली कड़ी में बुधवार को रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा। ठीक उसके गुरुवार को महापुरुषों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा और शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पूरे शहर में मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा।

## तार चोरी मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने तार चोरी के मामले के फरार अभियुक्त टांगर गांव निवासी 21 वर्षीय शोएब अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंगलवार को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी रंजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरी के तार के साथ एक कार को पुलिस ने पकड़ा था जिसका आरोपी शोएब अंसारी फरार हो गया था। जिसकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि शोएब टांगर में है, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## दुर्घटना में बाइक सवार दो व्यक्ति घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी थाना क्षेत्र के बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर रानी टोली करम पेड़ के समीप मंगलवार की अपराह्न लगभग तीन बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मसियातु नवाटोली बेड़ो निवासी 45 वर्षीय सुनील उरांव पिता स्व. गंगा उरांव व 42 वर्षीय कृष्णा लोहरा पिता मोहर लोहरा हैं। जिन्हें ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जानकारी के अनुसार एक बाइक में दोनों व्यक्ति चट्टी गांव गए थे वापस लौटने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये।

## लायंस क्लब का लाटरी ड्रा संपन्न

**कई भाग्यशाली विजेताओं को दिया गया पुरस्कार**




**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के सहायतार्थ लगाए जाने वाले शिविर को लेकर लॉटरी का आयोजन किया गया था सोमवार की रात्रि लॉटरी का ड्रॉ किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता नंदलाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरदार रंजीत सिंह व नगर परिषद के पूर्व सभापति योगेंद्र साहू की मौजूदगी में लॉटरी का ड्रॉ किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने बताया कि बंपर पुरस्कर 235, प्रथम पुरस्कर 153, द्वितीय पुरस्कर- 3472, तृतीय पुरस्कार 2801, चतुर्थ पुरस्कर 3365, पंचम पुरस्कर- 529, छठा पुरस्कर 116, सातवां पुरस्कर-2770, आठवा पुरस्कार 253 ने प्राप्त किया। मौके पर राजकुमार अग्रवाल, शंकरलाल जाजोदया, विजय गोयल, पवन अग्रवाल, पदम साबू, विजय गाड़ोदिया, अभिजीत जयसवाल, अभिनंदन जायसवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अच्छी सड़क के लिए तरस रहे सूरजपुर गांव के लोग

**गांव के ग्रामीण खराब सड़क के कारण पांच किलोमीटर लंबी दूरी तय कर पंथा होते हुए बसिया अनुमंडल मुख्यालय आते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** प्रखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित सूरजपुर गांव के लोग एक अच्छी सड़क के लिए वर्षों से परेशान है। मालूम हो कि अनुमंडल मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर बसिया सिसई मुख्य मार्ग सूरजपुर मोड़ से सूरजपुर गांव की दूरी साढ़े तीन किलोमीटर है लेकिन उक्त गांव तक जाने का रास्ते में बड़े बड़े बोल्डर पत्थर एवं गड्ढों से भरे होने से राहगीरों के लिए किसी दुश्वार से कम नहीं है। उक्त गांव के ग्रामीण खराब सड़क के कारण पांच किलोमीटर लंबी दूरी तय कर पंथा होते हुए बसिया अनुमंडल मुख्यालय आते हैं। इस संबंध में पूर्व मुखिया एवं सूरजपुर निवासी बसंत गुड़िया बताते हैं कि इस सड़क की मरम्मती हेतु बहुत जगह गुहार लगायी गयी परंतु ये हमारे गांव का दुर्भाग्य है कि यह सड़क आज तक नहीं बन पायी। इसी तरह का दर्द स्थानीय पीटर तिर्की, राजेन्द्र मांझी, रमेश देवघरिया, पुरुषोत्तम चक्रवर्ती, अनिल तिर्की, राजेश इंदवार, सीलिना इंदवार आदि ग्रामीणों ने बताया कि अगर किसी बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने की स्थिति में हमें डर बना रहता है कि हम उन्हें सही सलामत पहुंचा पायेंगे भी या नहीं। उन्होंने अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताया कि हमारे गांव की पहुंच पथ को छोड़कर अगल-बगल के सारी सड़क का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कर दिया गया। हमारे गांव के लोगों की बदकिस्मती है कि क्षेत्र के विकास पुरुषों को अनेकों बार गुहार लगाने के बावजूद हम एक अच्छी सड़क के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया वे जल्द ही इस संबंध में गुमला जिले के उपायुक्त महोदय को एक आवेदन देकर सड़क बनाने का आग्रह करेंगे और उन्हें आशा है कि कुम्हारी सूरजपुर मोड़ से सूरजपुर गांव तक की सड़क का निर्माण प्राथमिकता और आवश्यकता के आधार पर जल्द बनवाने का कार्य करेंगे।

स्वागत : रामगढ़ में लहरा गुमला जिले का विजय पताका, हुआ स्वागत

## ग्रेपलिंग कुश्ती में गुमला के खिलाड़ियों ने हासिल किये 10 पदक

**इन सभी खिलाड़ियों का चयन नवम्बर में उत्तर प्रदेश में होने वाले नेशनल ग्रेपलिंग में हुआ है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रामगढ़ के बड़काकाना में आयोजित दो दिवसीय झारखंड स्टेट जूनियर-सीनियर बालक और बालिका ग्रेपलिंग कुश्ती में गुमला के खिलाड़ियों ने कुल 10 पदक प्राप्त कर खेल नगरी का झंडा गाड़ दिया। इस प्रतियोगिता में गुमला के खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें सीनियर पुरुष और महिला वर्ग मे 3 स्वर्ण, 2 रजत हासिल हुआ। जिसमें अनिश साहू 62 किलो में स्वर्ण, कलावती कुमारी और रीता कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया। वहीं दीपक कुमार 66 किलो में रजत और रवि गुप्ता 74 किलो में रजत प्राप्त किया। जूनियर वर्ग बालक में 2 स्वर्ण और 2 रजत प्राप्त हुआ। जिसमें चंद्रभांन राय 71 किलो में स्वर्ण और आदित्य साहू 77 किलो में स्वर्ण, प्रवीण गोप 58 किलो में रजत और विजय साहू 62 किलो में रजत प्राप्त किया। कैडेट भार वर्ग में 1 स्वर्ण जो हर्षित कुजूर 92 किलो ने प्राप्त किया।

जुन्नू रैन ने कहा कि इन सभी खिलाड़ियों का चयन नवम्बर में उत्तर प्रदेश में होने वाले नेशनल ग्रेपलिंग में हुआ है। साथ ही रांची में नेशनल कैंप के लिए भी इनका चयन किया गया है। हफीजुर रहमान द्वारा सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी गयीं। साथ ही इन खिलाड़ियों की जीत कर आने की खुशी में गुमला में धूमधाम से स्वागत किया गया व माला पहना कर और मिठाई खिला कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

मौके पर सीनियर खिलाड़ी विक्रम राज, विकाश साहू, अमित कमांडो, नेल्सन भगत, असर अब्दीन आदि लोग मौजूद थे।

# मां लक्ष्मी शहर को सुख समृद्धि और शांति प्रदान करे : महापौर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** दीपावली की रात नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाजार क्षेत्र का दौरा करते हुए व्यवसायियों को दीपावली की शुभकामना दी। महापौर ने महालक्ष्मी से प्रार्थना करते हुए कहा कि हमारे शहर को सुख समृद्धि एवं शांति प्रदान करें। महापौर के बाजार दौरे में व्यवसायी काफी उत्साहित थे सबों ने बढ़ चढ़कर महापौर का स्वागत किया और महापौर के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## महापौर ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने शहर के कई छठ घाटों का निरीक्षण कर निगम कर्मियों को सफाई का निर्देश दिया। उन्होंने ने कहा कि छठ हम हिंदुओं का काफी महत्वपूर्ण पर्व है जिसमें सफाई की बहुत आवश्यकता होती है। चूकि छठ व्रती जमीन पर सो कर सूर्य को नमस्कार करते आराधना करती है। इसी उद्देश्य से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मैं निगम के हर घाट का खुद मॉनिटरिंग कर रही हूँ ' महापौर ने कहा कि छठ से पहले सभी रोड के लाइट बनाए जाएंगे साथी ही सड़क को पानी का फुहारा से साफ भी किया जाएगा। महापौर ने टोल फ्री नंबर जारी करते हुए कहा कि कहीं भी किसी भी घाट या सड़क पर गंदगी हो तो लोग वहां की तस्वीर खींच कांटेक्ट नंबर एवं नाम के साथ मुझे मोबाइल नंबर 7544003917 पर व्हाट्सएप करें यथासंभव मैं कार्य करवाऊंगी। महापौर ने सभी सामाजिक एवं व्यवसायिक संस्था से भी अनुरोध किया है कि इस महापर्व में हम सब मिलकर शहर को स्वच्छ बनाने में निगम को मदद करें।

# डायन-बिसाही का आरोप लगाकर मां-बेटी की पिटाई

## घर में आग लगाने का प्रयास



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कबरा कला गांव में एक महिला और उसकी बेटी को डायन बताकर कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। इससे महिला गभीर रूप से घायल हो गई। संजय चौधरी की पत्नी चंद्रावती देवी ने मंगलवार को हैदरनगर थाना में आवेदन देकर गांव के ही कुछ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।महिला ने आवेदन में कहा है कि सलिक चौधरी, सुशील चौधरी, लक्ष्मण चौधरी और मोहन चौधरी ने मृत बच्चे के शव को खाट पर ले जाकर महिला के घर के सामने रख दिया और डायन बताकर उसकी पिटाई करने लगे। मृत बच्चे को जिंदा करने को कहने लगे। सलिक चौधरी भद्दी भद्दी गाली देने लगा।घर में आग लगाने की बात कहने लगा। महिला की आवाज सुनकर गांव के कुछ लोगों ने बीच बचाव किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई नितिन पोद्दार सदल-बल पहुंच कर बच्चे की लाश को महिला के घर से हटवाया। थाना प्रभारी अजित कुमार मुंडा ने बताया कि महिला ने आवेदन दिया है। घटना 15 अक्टूबर की है। मामले की जांच कर कड़ी करवाई की जाएगी। पहले भी महिला को डायन बताकर मार पिटाई की गई थी। उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## लोटनियां गांव के पास उतर कोयल नहर से युवक का शव बरामद

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के उतर कोयल मुख्य नहर के लोटनियां गांव के समीप सोमवार को 95 आरडी नहर फाटक के पास पुलिस ने एक 30 वर्षीय अखिलेश गुप्ता नामक युवक का शव को बरामद किया है। मृतक ऊटारी थाना क्षेत्र के लहर बंजारी गांव निवासी जगरनाथ साव का बेटा है। मंगलवार को परिजनों ने शव की पहचान कर हुसैनाबाद थाना से घर ले गये। बताया जाता है कि सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने फाटक में फंसे एक शव को देखा, और इसकी सूचना दंगवार ओपी को दी।सूचना मिलते ही हुसैनाबाद व दंगवार पुलिस उक्त स्थल पर पहुंचकर सफाईकमीर्यों व ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला।शव पूरी तरह से गल चुकी थी।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल से मेदिनीनगर भेज दिया।

## जपला रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर मिला एक अज्ञात व्यक्ति का शव



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सोननगर गढ़वा रेलखंड के जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 3 के अंतिम छोर के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना जपला आरपीएफ व जीआरपी पुलिस को दी।जीआरपी पुलिस मौके पर पहुँचकर शिनाख्त का प्रयास किया,लेकिन पहचान नही हो सकी।जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। घटना विती रात्रि का है।संभावना जताई जा रही है कि ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत हो गयी।

# आयुष हॉस्पिटल की ओटी में लगी आग, लाखों का नुकसान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय के समीप एनएच 98 किनारे स्थित आयुष हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर में सोमवार की रात करीब 11 बजे आग लगने से अफरा तफरी मच गयी। अस्पताल के ओटी में आग शॉर्ट सर्किट से लगी। घटना के वक्त हॉस्पिटल में एक दर्जन से अधिक मरीज भर्ती थे। आग लगने के बाद मरीजों को हॉस्पिटल के स्टाफ तथा आसपास के लोगों द्वारा आनन-फानन में हॉस्पिटल से बाहर निकाला गया। हॉस्पिटल में आग बुझाने की मशीन नहीं होने से आग बुझाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। वही इस घटना में ऑपरेशन में उपयोग आने वाले विभिन्न उपकरण सहित लाखों का समान नष्ट हो गया।

# धान के खेत में गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से भैंस चरवाहा की मौत

**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के नामुदाग पंचायत के अंतर्गत टोला मंसाटाड मे मंगलवार को भैंस चरा रहा चरवाहा दरोगा यादव उम्र लगभग 62 वर्ष एवं दो भैंस बिजली प्रवाहित टुटे हुए तार के चपेट मे आ गए जिससे चरवाहा दरोगा यादव की मौत हो गई। वहीं दोनों भैंस घायल हो गए। इस हादसे के बाद गांव मे मातम पसरा हैं। मृतक के पुत्र व परिजनों के आंसू थम नहीं रहे हैं। ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया अर्थ का तार जंग लगा हुआ जर्जर पतला था। धान के खेत मे तार गिरा हुआ था पता नहीं चला इसी दौरान खेतों मे चर रहे भैंस को करंट लगा भैंस को छटपटाते देख दरोगा यादव भैंस को बचाने के लिए गए इसी क्रम मे बिजली की तार के चपेट आने से उनकी मौत हो गई। वार्ड पार्षद सिकंदर राम ने घटना की सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों को दी। ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग की हैं। पंचायत मुखिया जितेंद्र पासवान ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इस घटना मे बिजली विभाग की लापरवाही बताई है। मुखिया जितेंद्र पासवान ने पुरे नामुदाग पंचायत मे पुराने जर्जर तार को बदलने की मांग की है ताकि इस तरह की घटना ना हो। स्थानीय ग्रामीणों व मुखिया ने कहा जर्जर तार को बदलने के लिए कई बार बिजली विभाग को बोला गया है लेकिन इस पर कोई सुनवाई नहीं होती है। सूचना मिलने पर नौडीहा पुलिस के जवान घटनास्थल पहुंच चुके थे।

# जिप उपाध्यक्ष टूटू सिंह ने पूजा में शामिल होकर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद क्षेत्र में दीपों का पर्व दीपावली संपन्न हो गया। इस अवसर पर लोगों ने सोमवार को विशेष रूप से धन की देवी लक्ष्मी की आराधना व पूजा पाठ की।इसके पूर्व घरों व प्रतिष्ठानों की विशेष सफाई व रंग रोगन किया गया।खासकर व्यवसायियो ने सोमवार की रात पूरी रात जागरण कर लक्ष्मी व कुबेर की पूजा की। इस अवसर पर प्रतिष्ठानों को विशेष रूप से सजाया गया था।इस अवसर पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह ने क्षेत्र के कई गांवों में आयोजित लक्ष्मी पूजा कार्यक्रम में शामिल होकर माता लक्ष्मी का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। उन्होंने लोगो को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि लक्ष्मी माता की कृपा से ही शांति व खुशहाली आएगी। पोलडीह पंचायत की मुखिया संजू देवी व समाजसेवी अशोक यादव ने पंचायत के सभी पूजा स्थानों पर शामिल हुये। इधर मंगलवार को पशुपालकों द्वारा वीर कुंअर देवता की पूजा की गयी। लेकिन कई क्षेत्रों में सूर्यग्रहण के कारण बुधवार को भैयादूज के दिन ही गायदाढ़ पूजा की जाएगी।

## तेज धारदार हथियार से मारकर ग्रामीण को किया घायल

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय थाना हैदरनगर थाना क्षेत्र के पतरिया गांव में मंगलवार को पुरानी रंजिश को लेकर लाठी, टांगी और गंडासा से वार कर उपेन्द्र सिंह को गंभीर रुप से जख्मी कर दिया गया। घायल उपेन्द्र की पुत्री चांदनी कुमारी ने थाना में आवेदन देकर कहा है कि उसके पिता दीपावली पर्व पर गांव के बिरनाथ बाबा के चबूतरा पर दीया जलाने गये थे। वापसी में जैसे ही भगवान पासवान के दरवाजे पर पहुंचे तो लाठी, गंडासा व लाठी के साथ घात लगाए कई लोगों ने हत्या करने की नीयत से उनपर हमला बोल दिया। आवेदन में कहा गया है कि भगवान पासवान, संतन पासवान, राजेश पासवान उर्फ बंडा, मनी चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, अभिषेक पासवान उर्फ सोनू ने पतरिया गांव के आरोपित के साथ मिलकर भगवान पासवान के दरवाजे पर एकमत होकर उनके पिता की हत्या करने की साजिश रची और यही से गुजरते वक्त उक्त लोगों ने जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया। चांदनी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता पर हमला से पूरा परिवार दहशत में है।

# रहस्यमयी तरीके से जला एक करोड़ से अधिक मूल्य का केंदू पत्ता, मामला दर्ज

**पलामू (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चियांकी में दीपावली की सुबह रहस्यमयी ढंग से केंदू पता गोदाम में आग लग गई. इस घटना में आग से 1 करोड़ से अधिक रूपए मूल्य का केंदू पता पूरी तरह से जलकर खाक हो गया. इस संबंध में मनिका के वन क्षेत्र पदाधिकारी (रेंजर) फुलवंत मिश्रा ने सदर थाना को लिखित शिकायत कर मामला दर्ज कराया है. इस संबंध में थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि 1354 मानक बोरा (वास्तविक 1946 बोरा) उस भंडार में रखे हुए थे. ये बोरे वन निगम के होने की जानकारी में थी. यह भंडार अजित कुमार का है. भंडार में आग लगने की जानकारी उस वक्त सामने आई, जब केंदू पत्ता के खरीददार मयंक कुमार तिवारी गोदाम पहुंचे थे. इस दौरान साथ में गोदाम मालिक अजित कुमार भी थे. थानेदार ने बताया कि दोनों ने भंडार के भीतर धुआं उठते देखा, तब आग लगने की जानकारी बाहर आई. बाद में दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया गया. उन्होंने बताया कि आग लगने की वजह अबतक अज्ञात है. मामले की जांच की जा रही है. इधर, रेंजर ने बताया कि केन्दु पत्ते के खरीदार मयंक कुमार तिवारी से दूरभाष पर सूचना मिलने के बाद तत्काल कुंदरी प्रक्षेत्र पदाधिकारी प्रसून कुमार नायक के साथ पहुंचकर गोदाम का शटर तोड़कर देखा. पाया गया कि गोदाम भाग 02 में भंडारित केन्दू पत्ता से आग की लपटे निकल रही हैं. उन्होंने बताया कि यहां दो लॉट का केन्दू पत्ता रखा हुआ था. इसका बाजार मूल्य एक करोड़ से अधिक है, जबकि सरकारी रेट 55 से 60 लाख रूपए है. पूरे मामले की जांच की जा रही है.

# पटाखों की चिंगारी से बड़ी मस्जिद के सामने एम करण कलर लैब में लगी आग




**पलामू (आजाद सिपाही)।** रोशनी का त्योहार दीपावली उत्सव पूरे उत्साह के साथ सोमवार को पलामू में मनाया गया. इस दौरान बेतरतीब तरीके से पटाखे फोड़े गए. सोमवार की रात छोड़े गए पटाखे की चिंगारी से मेदिनीनगर के छह मुहान के समीप बड़ी मस्जिद के ठीक सामने साहिल कांपलेक्स में स्थित एम करण कलर लैब में आग लग गई. हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लेने के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया.कलर लैब के संचालक करुणा करण ने बताया है कि 50 हजार से लेकर एक लाख की संपत्ति जल कर नष्ट होने का अनुमान है. पटाखों की चिंगारी उड़कर उनकी दुकान के बाहर रखें फोटो फ्रेमिंग के सामान में लगी और भड़क गई. हालांकि आसपास के लोगों ने तत्काल पानी डालकर आग बुझा दी. मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंची थी, लेकिन उसके पहले ही आग पर काबू पा लिया गया. उन्होंने बताया कि कांपलेक्स के नीचे कुछ लोग पटाखे फोड़ रहे थे. संभावना है कि पटाखे से निकली चिंगारी उड़कर उसकी दुकान के शटर के पास रखे सामान में लग गई होगी. जल कर नष्ट हुए सामानों में फोटो फ्रेमिंग से संबंधित आइटम थे. घटना के तुरंत बाद उन्हें सूचना मिली, वह मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली. आग को पूरी तरह बुझाया.करण ने बताया कि आग बाहर तक ही रही, शटर के अंदर प्रवेश करने पर भारी नुकसान हो सकता था. इधर घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा, टीओपी एक के प्रभारी रेवा शंकर राणा मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली. आग बुझाने में तत्परता दिखाने पर आसपास के लोगों की प्रशंसा की जा रही है.

# हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के 3 गांवों में चोरी, मामला दर्ज



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बेलबीघा पंचायत के लमार एवम चौखंडी गांव में रविवार की रात दो घरों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।जबकि सोमवार की रात चौवा चट्टान गांव में चोरों ने नकदी व आभूषण पर हाथ साफ किया। इस चोरी में लमार गांव निवासी सतेंद्र यादव के घर से नगदी आभुषण समेत एक लाख से अधिक की संपत्ति चोरों की हाथ लगी है।वहीं चौखंडी गांव निवासी अरबिंद पाठक के घर पर चोरों ने चोरी का प्रयास कर रहे थे इसी क्रम में उनकी पत्नी जग गई और शोर मचाने लगी पकड़े जाने के डर से घर मे घुसें चोरों ने उन्हें मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उनका इलाज सदर अस्पताल मेदिनीनगर में किया जा रहा है।घटना की सूचना मिलते ही दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।बेलबीघा पंचायत की मुखिया अनंति देवी ने कहा की पंचायत में चोरी की घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।वहीं इस घटना को लेकर सतेंद्र यादव ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।वही सोमवार को दीपावली की रात चौवा चट्टान गांव में प्रकाश विश्वकर्मा के घर से नकदी आभूषण समेत करीब पांच लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी कर ली गयी है।इस संबंध में प्रकाश विश्वकर्मा ने अज्ञात चोरों के बिरुद्ध हुसैनाबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# स्पोर्ट्स



वॉर्नर के 6 बॉल में 2 शानदार फील्डिंग एफर्ट : उड़ते हुए बाउंड्री रोकी, फिर 25 यार्ड दौड़कर डाइविंग कैच भी पकड़ा

# ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप का हिस्सा होंगे झारखंड के सुजीत मुंडा



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा इलाके के रहने वाले सुजीत मुंडा भारतीय क्रिकेट टीम के हिस्सा बन गए हैं। वह इसबार ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप के हिस्सा होंगे। यह मैच अगले महीने 4 दिसंबर से शुरू होगा और 17 दिसंबर को समाप्त होगा। सुजीत मुंडा इस दौरान अपनी प्रतिभा से क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीतते नजर आएंगे। सुजीत मुंडा के इस चयन से झारखंड के लोग काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

## रांची के धुर्वा इलाके में रहते हैं सुजीत मुंडा

मालूम हो कि सुजीत मुंडा आदिवासी समुदाय से संबंध रखते हैं। वह राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रह चुके हैं। रांची शहर के धुर्वा में ही उनका घर-परिवार है। वह पहले भी भारतीय क्रिकेट टीम के हिस्सा रह चुके हैं। इससे पूर्व भी वह भारतीय टीम के लिए ब्लाइंड क्रिकेट मैच खेल चुके हैं। खेल के मैदान में उनका पिछली प्रदर्शन बेहद शानदार रहा था। उन्होंने खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया था।

## आज मां होती तो बेटे पर गर्व महसूस करती

सुजीत मुंडा को अपनी मां शांति देवी पर बहुत गर्व है। वजह, उन्हें अपने पुत्र पर भी बहुत गर्व था। मां अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपनी मां को हर क्षण अपने करीब महसूस करते हैं। कहते हैं- मां ने जिस गरीबी में पालकर उन्हें बड़ा किया। शारीरिक दिव्यांगता के बावजूद सपनों को साकार करने में मदद की, उसे कभी भुला नहीं सकते। देखा जाए तो हर कोई अपने आप में पूर्ण होता है।

## वर्ष 2014 से सुजीत खेल रहे क्रिकेट मैच

सुजीत मुंडा के अनुसार, उन्होंने वर्ष 2014 से क्रिकेट खेलना प्रारंभ किया था। अबतक वह कई मैच खेल चुके हैं। क्रिकेट का यह शानदार सफर अनवरत जारी है। यही वहज है कि वह एक आल राउंडर खिलाड़ी बन चुके हैं। वे खेल के मैदान में हर अंदाज में नजर आते रहते हैं। इस वर्ष वर्ल्ड कप खेलने को लेकर वह बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं। सुजीत मुंडा इस वर्ष 2022 में साउथ अफ्रीका के साथ मैच खेल चुके हैं। इससे पूर्व वह वर्ष 2020 में भारत-पाकिस्तान-बांग्लादेश के बीच मैच खेल चुके हैं।

## ऐसे भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल हुए सुजीत

सुजीत मुंडा के अनुसार, वह 10वीं कक्षा की पढ़ाई पूरी करने के बाद दिल्ली चले गए। वहीं गोलू नामक एक दोस्त से मुलाकात हुई। गोलू भारतीय ब्लाइंड क्रिकेट टीम को लीड कर रहे थे। उन्होंने ही मुझे भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया। अंततः सफलता हाथ लग गई। पहले उनका चयन झारखंड ब्लाइंड क्रिकेट टीम के लिए हुआ। वह 2014 से 2017 तक झारखंड टीम के लिए खेलते रहे। इसके बाद उनका चयन 2018 में भारतीय टीम के लिए हो गया।

## गरीब परिवार से हैं सुजीत, 3 भाई मजदूर

सुजीत मुंडा के अनुसार, वह बेहद गरीब परिवार से आते हैं। उनके तीन भाई मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। उनका परिवार रांची के ल्हएउ की एव अस्थायी कालोनी में निवास करते हैं, जहां केवल दो कमरे उपलब्ध हैं। इसी में उनका पूरा परिवार जीवन बसर करता है। चूंकि वह दृष्टिहीन हैं, इसलिए उनके भाई और परिवार के अन्य लोग उनकी काफी मदद करते हैं। उन्हीं की बदौलत उन्होंने अपने जीवन में यह सफलता अर्जित की है।

# श्रीलंका के खिलाफ मैच से पहले कोरोना संक्रमित हुए एडम जाम्पा

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलियाई स्टार लेग स्पिनर के एडम जाम्पा में कोरोना संक्रमण के मामूली लक्षण पाए गए हैं, जिसके बाद टी-20 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ उनका खेलना संदिग्ध है। क्रिकेट.कॉम.एयू के अनुसार, ₹टीम के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि जाम्पा हाल ही में कोरोना संक्रमित पाए गए हैं, हालांकिउनमें मामूली लक्षण हैं। उनका श्रीलंका के खिलाफ मैच में खेलना संदिग्ध है, हालांकि टीम का कहना है कि वह चयन के लिए उपलब्ध हैं। बता दें कि इससे पहले, आयरलैंड के जॉर्ज डॉकरेल में भी कोरोना के हल्के लक्षण थे, बावजूद इसके वह रविवार को श्रीलंका के खिलाफ होबार्ट में खेले थे। डॉकरेल को अपने साथियों से अलग यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ा, टीम के मेडिकल स्टाफ ने उनके अलग रहने और चिकित्सकीय देखरेख का प्रबंधन किया। अगर जाम्पा को चुना जाना है, तो उन्हें और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को एक ही दिशा-निर्देशों के तहत काम करना होगा। गौरतलब है कि डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अपने आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 अभियान की शुरूआत न्यूजीलैंड से 89 रन की हार के साथ की, फरवरी 2009 के बाद सफेद गेंद वाले क्रिकेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में यह उनकी पहली हार है।

## निरसा में आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, मुआवजा के आश्वासन के बाद हटा अवरोध

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन की मौत, 21 घायल

**दुर्घटनाओं में घायल तीन लोगों की हालत गंभीर, एक को किया गया दुर्गापुर रेफर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** दीपावली के शुभ अवसर पर सोमवार को जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों को मौत हो गई। मृतकों की पहचान कैलाश पंडित (45), मुन्ना पांडेय (14) और संजय वर्णवाल के रूप में हुई है। कैलाश और मुन्ना टुंडी के रहने वाले हैं, जबकि संजय निरसा के गोपालपुर का रहने वाला था। इसी हादसे में 21 लोग घायल भी हुए हैं। इनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक टुंडी के ठेठाटांड़ गांव से मालवाहक ऑटो से झरिया में लक्ष्मी पूजा कराने जा रही पंडितों की टीम बरवाअड्डा के जयनगर में सोमवार की शाम सड़क हादसे का शिकार हो गई। इसमें कैलाश पंडित और मुन्ना पांडेय की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए। इधर, हादसे में गंभीर रूप से घायल मोहन पांडेय को जालान अस्पताल से पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर मिशन अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों मृतक व सभई घायल एक ही गांव ठेठाटांड़ के रहने वाले हैं। घायलों में मोहन पांडेय, नीतेश पांडेय, अनूप पांडेय, रूपेश पांडेय व छोटेलाल पांडेय आदि शामिल हैं। बतातें चलें कि ठेठाटांड़-टुंडी से 19 पंडितों का दल ऑटो में सवार होकर झरिया में लक्ष्मी पूजा कराने जा रहा था। इस दौरान ऑटो असंतुलित होकर जयनगर गांव के समीप पलट गया। सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।





सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, विधायक अपर्णा सेनगुप्ता व अन्य। क्षतिग्रस्त टैंकर।

### टैंकर ने तीन वाहनों को रौंदा

दूसरी ओर, निरसा थाना क्षेत्र के मुगमा बाईपास में सोमवार की देर शाम सात बजे गैस टैंकर ने तीन वाहनों में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार गोपालपुर निवासी संजय वर्णवाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार पंडित जी और एंबुलेंस सवार तीन अन्य लोग घायल हो गए। उधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 रोड जाम कर दिया। उग्र लोग जिला प्रशासन व एनएचएआई अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाने की मांग कर रहे थे। वहीं, सूचना पाकर निरसा थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ देर में गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी संजय उरांव के अलावा एसडीपीओ पीतंबर सिंह खेरवार, विधायक अपर्णा सेनगुप्ता व पूर्व विधायक अरूप चटर्जी भी पहुंचे। सभी ने लोगों को समझाा बुझा कर किसी तरह शांत कराया। सरकारी नियमानुसार मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया। तब रात 9.30 बजे जमा हटाया गया। वहीं, विधायक ने कहा कि जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों को भी मुगमा एनएच-2 की स्थिति से अवगत कराया गया है। लगातार वहां दुर्घटना होती रहती है, लेकिन किसी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

### क्या है मामला

जानकारी के मुताबिक संजय वर्णवाल मुगमा मोड़ से पूजा कराने के लिए पंडित को अपने घर गोपालपुर स्थित निमकी फैक्ट्री ले जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे गैस टैंकर ने पहले धनबाद से चित्तरंजन की ओर जा रही एंबुलेंस को जोरदार टक्कर मारी। इसके बाद एंबुलेंस को घसीटते हुए करीब 50 फीट तक ले गया। इस दौरान गोपालपुर जा रहे स्कूटी सवार संजय वर्णवाल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे संजय वर्णवाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे चल रहे बाइक सवार पंडित जी घायल हो गए। इसके बाद सामने से आ रहे दूसरे गैस टैंकर में टक्कर मार दी। वहीं एंबुलेंस सवार चित्तरंजन निवासी राणा कुमार व उनके पिता व चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल को तुरंत इलाज के लिए धनबाद भेजा। वहीं, आक्रोशित लोगों ने रोड जाम कर दिया और एनएचएआई की लापरवाही का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग पर अड़े रहे।

# सूर्य ग्रहण पर दिनभर बंद रहे मंदिरों के पट

**धनबाद में 4.49 बजे शाम से 5.7:48 बजे तक सूर्यग्रहण का असर सर्वाधिक रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सूर्य ग्रहण के कारण मंगलवार को न सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान, बल्कि आम जनजीवन से भी जुड़ी चीजें भी प्रभावित हुईं। भले ही सूर्य ग्रहण आंशिक रहा हो, लेकिन इसका असर व्यापक रहा। मंगलवार को पूरे दिन मंदिरों के पट बंद रहे। सोमवार की रात सूर्य ग्रहण का सूतक लगने के कारण दीपावली पूजन के बाद ही मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। शहर के शक्ति मंदिर, खडेश्वरी मंदिर और भूईफोड़ मंदिर में श्यन आरती के बाद पट बंद हुए तो दिन में नहीं खुले। यहां तक कि सभी मंदिरों के दरवाजे भी बंद रखे गए। ताकि सूर्य की रोशनी अंदर न प्रवेश कर पाए। इधर, मां काली की अर्धरात्रि में पूजन के बाद कलश व कई जगहों पर प्रतिमा का का विर्सजन भी अंधेरे में कर दिया गया। भोग समेत अन्य अनुष्ठान भी तीन बजे के पूर्व कर लिए गए। सूतक लगते ही पंडालों के पट भी बंद कर दिए गए। संध्या में जब सूर्य ग्रहण समाप्त हुआ तब मंदिर की साफ-सफाई की गई। भगवान को स्नान कराया व वस्त्र बदले गए। गंगा जल से मंदिरों को धोया गया। बतातें चलें कि सोमवार को धनबाद जिले में 4.49 बजे शाम से 5.7:48 बजे तक सूर्यग्रहण का असर सर्वाधिक दिखाई पड़ा।

# बीएंडके के ठेका मजदूरों को नहीं मिला दुर्गापूजा का बोनस, मायूसी




आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** सीसीएल में कार्यरत ठेका मजदूरों को दुर्गा पूजा का बोनस नहीं मिला है। पर अन्य सुविधाएं सीसीएल बीएण्डके क्षेत्र के ठेका मजदूरों को छोड़कर कुछ क्षेत्रों में उपलब्ध होने की बात कही जा रही है। बतातें चलें कि नियमानुसार सीसीएल के ठेका मजदूरों को बोनस के साथ अन्य सुविधाएं कंपनी की ओर से जारी सर्कुलर के मुताबिक प्रति मजदूर फार्म बी में नाम दर्ज, फार्म डी में हाजिरी, आई कार्ड, मेडिकल सुविघा, 8 घंटे काम, 26 दिन काम करने पर 30 दिन का वेतन, सुरक्षा सामग्री सहित अन्य सुविधाएं संवेदक को देना है। लेकिन संवेदक से 8 घंटे के बजाय 12 घंटे काम लिया जा रहा है। सप्ताहिक छुट्टी किसी को नहीं दिया जाता है, जो श्रम कानून का उल्लंघन है। इसकी जानकारी श्रमिक संगठन की ओर से सीसीएल बीएण्डके क्षेत्र के महाप्रबंधक एमके राव को कई बार दी गई। लेकिन उन्होंने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की है। सूत्रों का कहना है कि उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है वे श्रमिक हितों के संरक्षण के प्रति उदासीन होते जा रहे हैं। वहीं, कुछ संवेदकों का आरोप है कि ठेका की कुल राशि का 40 फीसदी बतौर कमीशन देना पड़ता है। ठेका मजदूरों ने महाप्रबंधक एमके राव से आग्रह किया है कि जाते-जाते उनका वाजिब हक दिलवाने का काम करवा दें, ताकि उनलोगों को अपने परिवार के परवरिश करने में सहूलियत हो सके।

# जोड़ापोखर में धूमधाम से मनायी गयी दीपावली और काली पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जोड़ापोखर।** थाना क्षेत्र में काली पूजा और दीपावली धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र की चर्चित सार्वजनिक काली पूजा का 45वां वार्षिक पूजा का सोमवार को शुभारंभ हुआ। कमेटी के सचिव काजल राय ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर कमेटी के बापी घोष, फाल्गुनी मुखर्जी, विश्वनाथ मोदी, हरे राम यादव और किशोर कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं डिगवाडीह बरारी मोड़ काली मंदिर में अग्रणी यूथ क्लब द्वारा 43वां वार्षिक काली पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। पुजारी पोरस चक्रवर्ती द्वारा मां की पूजा अर्चना की गई। जिसमें कमेटी के रंजन सिंह, अशीत शील, रंधीर सिंह आदि उपस्थित थे। शालीमार पुरनाडीह बस्ती स्थित काली मंदिर में पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्र यादव ने पूजा की। इस अवसर पर परिमल दास, साधु सिन्हा, दुर्गा दास आदि उपस्थित थे। डिगवाडीह घटवार बस्ती काली मंदिर में दीपक गोश्वामी ने पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर अमृत मोदी, निवारण प्रमाणिक, अनिल ठाकुर आदि थे। वहीं जोड़ापोखर क्षेत्र के 18 दुर्गा मंडप में माता काली की पूजा अर्चना की गई।

# शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद हीरा कुमार झा की प्रतिमा का अनावरण, चौक का हुआ नामांकरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जांबाज कमांडेंट, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीद जवान हीरा कुमार झा की प्रतिमा का मंगलवार को अनावरण किया गया। पार्क मार्केट, झरनापाड़ा मोड़ पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के धनबाद, प्रधानखांता स्थित 154 बटालियन के सेकेंड इन कमांड दलजीत सिंह भाटी एवं राजेश कुमार सिंह ने अनावरण किया। इस अवसर पर सीआरपीएफ के कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। सभी अतिथियों ने जांबाज कमांडेंट की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। हीरापुर में पले बढे स्व हीरा झा के सम्मान में इस चौक का नाम हीरा झा चौक रखा गया। इस अवसर पर शहीद हीरा झा के भाई रंजन झा एवं सुधीर झा एवं उनके मित्र बी सुधीर विशेष रूप से उपस्थित थे। सभी आगंतुक अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सेकेंड इन कमांड राजेश कुमार सिंह एवं दलजीत सिंह भाटी ने शहीद हीरा झा की मूर्ति अनावरण को एक गौरवपूर्ण क्षण बताया। इस अवसर पर श्रीश्री श्यामा पूजा कमेटी,पार्क मार्केट के विकास सिंह चौधरी, संजय सिंह चौधरी, दीपक सिंह चौधरी, कमल कुमार, संजीत मुखर्जी, धनबाद चेंबर पार्क मार्केट के अध्यक्ष संजीव चौरसिया, सचिव विनोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनीष रंजन, राजेश साव, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय झा, निर्मल प्रधान, लालमणि वृद्धाश्रम के कार्यकारी अध्यक्ष बी सुधीर आदि उपस्थित थे।

# सांसद व विधायक ने छठ व्रतियों के बीच बांटी साड़ियां

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** लोकआस्था के महापर्व छठपूजा को लेकर मंगलवार को धनबाद के विधायक ने सैकड़ों छठव्रतियों के बीच साड़ी वितरण किया। गांधीनगर सब्जी बागान रोड स्थित महावीर मंदिर के समीप आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि आस्था का महापर्व छठ सत्य का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व में सभी धर्म के लोग सेवाभाव से विभिन्न कार्य करते हैं। कोई फल वितरण करता है, कोई घाट की सफाई करता है तो कोई सड़क की सफाई करता है। इसी सेवाभाव से इस दिन सैकड़ो छठ व्रतियों के बीच धनबाद विधायक ने साड़ी वितरण किया है। वहीं राज सिन्हा ने कहा कि मैं जब से विधायक बना हूं प्रत्येक वर्ष इसी तरह आस्था के महापर्व छठ को लेकर छठ व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण करता आ रहा हूं। आज गांधी नगर सब्जी बगान स्थित महावीर मंदिर से इसकी शुरूआत की गई। जहां जरुरतमंद छठ व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम लगातार 2-3 दिन तक चलेगा। इस मौके पर मौसम सिंह, दिलीप सिंह, संजय कुशवाहा, अनिल सिन्हा, विभा रानी, अजीत शर्मा, जीत, सोनी, रमेश साव, निर्मल गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, प्रदीप साव, राजकिशोर रवानी, नरेश रवानी, इंद्रजीत कुशवाहा, सूरज सोनकर, राकेश राम, मनोज मालाकार, विजय साव और संजय सिन्हा, चुन्ना सिंह रामजी मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## शरारती तत्वों ने तीन वाहनों के शीशे फोड़े

**झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया थाना क्षेत्र के एना मल्लाह बस्ती में सोमवार की देर रात शरारती तत्वों ने कई वाहनों के शीशे तोड़ दिए। इसकी खबर मिलते ही स्थानीय लोग एकजुट होकर शरारती तत्वों को पकड़ने की मांग करने लगे। वाहन मालिक ने झरिया थाने में लिखित शिकायत दी है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर एक युवक को पकड़कर अपने साथ ले गई।**

# दीपावली पर रोशनी से जगमग हुआ धनबाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** दीपावली पर झिलमिल रोशनी से पूरा धमबाद शहर जगमग हो उठा। चकाचौंध रोशनी से पूरा शहर सजा था तो आतिशबाजियों से आसमान। सुख-शांति और समृद्धि के लिए लोगों ने मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। घर में रिद्धि-सिद्धि का वास हो इसके लिए आम के पत्तों का तोरण द्वार लगाया गया, जबकि मुख्य द्वार पर केले का थंब लगाया गया। फूलों से घर-मंदिर को सजाया गया। दीपावली पर महिलाओं व युवतियों ने घर-आंगन में एक से बढ़कर एक सुंदर व आकर्षक रंगोली बनाई। मान्यता है कि प्रभु श्रीराम इसी दिन 14 वर्ष के वनवास काटने के बाद अयोध्या लौटे थे। परंपरा के अनुसार दीप जलाकर व रंगोली बनाकर कामना की गई कि प्रभु श्रीराम के चरण कमल उनके घर-आंगन में भी पड़े। अपने घरों को दीपों से सजाने के बाद लोग आसपास के मंदिर पहुंचे और दीपोत्सव मनाया। मंदिर में अपने इष्ट देव के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मनोकामना पूर्ण करने की कामना की गई। खड़ेश्वरी मंदिर, सर्वेश्वरी आश्रम, शक्ति मंदिर, भूईफोड़ मंदिर दीपमाला से जगमग हुए। दीपावली पर लोगों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों में भी पूजा की। प्रतिष्ठान में नया बही खाता रखा गया और पूजा की गई। प्रतिष्ठानों में गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमा के साथ-साथ कलश स्थापित की गई। दीपावली पर भले ही पटाखे जलाने की समयसीमा तय की गई, लेकिन लोगों का उत्साह उसपर भारी पड़ा। जमकर आतिशबाजी की गई। कहीं आंगन में कहीं छत पर तो कहीं मुख्य सड़क पर ही पटाखे फोड़े गए। पटाखे की रंग-बिरंगी रोशनी से आसमान ऐसा सजा मानों एक रंगोली आसमान में भी बना हो। सोमवार की शाम बारिश से मौसम भले ही खुशनुमा हो गया हो, लेकिन दीपावली पर थोड़ी देर के लिए व्यवधान पड़ा। बाहर सजावट खराब हुई तो आंगन, छत और सड़कों पर मेहनत से बनाई गई रंगोली धूल गई।

## कार्तिक अमावस्या पर मध्यरात्रि में पूजी गयीं महाकाली

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कार्तिक अमावस्या पर श्रद्धा भाव के साथ सोमवार को महाकाली की पूजा-अर्चना हुई। हीरापुर के चिल्ड्रेन पार्क, जेसी मल्लिक, तेलीपाड़ा, हीरापुर में मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई, जबकि तेलीपाड़ा स्थित श्यामा काली मंदिर, कोयला नगर आद्या काली मंदिर, जेसी मल्लिक नेपाल काली मंदिर, हीरापुर हरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में मध्यरात्रि के बाद मां काली की विधिवत पूजा हुई। तेलीपाड़ा स्थित श्यामा काली मंदिर में बलिदान के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचे। यहां परंपरा के अनुसार सूर्य की रोशनी पड़ने से पूर्व ही प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया। हीरापुर से चिल्ड्रेन पार्क में शहर के सबसे बड़े पूजा पंडाल का निर्माण कर प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस बार राजस्थानी थीम पर पंडाल बनाया गया है। जिसमें राजस्थान संस्कृति को दशार्ती एक काल्पनिक मंदिर बना है।

# हर्ल सिंदरी में उत्पादन ट्रायल के दौरान हुआ अमोनिया गैस का रिसाव, मची अफरा-तफरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड (हर्ल) के सिंदरी उर्वरक प्रोजेक्ट में रविवार की देर रात यूरिया के ट्रायल उत्पादन के दौरान प्लांट में अमोनिया गैस का रिसाव होने से अफरा तफरी मच गई। हर्ल प्रबंधन ने अमोनिया के रिसाव को देखते हुए तत्काल प्लांट बंद कर दिया। इस संबंध में हर्ल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट दीप्तेन राय ने बताया कि उर्वरक संयंत्र में अमोनिया का लीकेज सामान्य घटना है। बहुत कम मात्रा में अमोनिया का रिसाव हुआ था। यूरिया प्लांट के हाई प्रेशर सेपरेटर में अमोनिया गैस के प्रवाहित होते ही रिसाव हो गया, जिससे ऐहतियातन प्लांट बंद कर दिया गया। जानकारी के अनुसार रात में हवा भी चल रही थी, इसलिए रिसाव के बाद अमोनिया तेजी से फैला। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रबंधन ने प्लांट शटडाउन कर दिया। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई। वहीं, अमोनिया रिसाव का असर निकटवर्ती डोमगढ़ क्षेत्र में हुआ है। स्थानीय लोगों में इसका असर देखा गया। रोहन सिंह, किशोर सिंह, अजय सिंह, समीर कुंडू, सत्येंद्र कुमार सिंह, अरविंद पाठक आदि ने बताया कि गैस रिसाव की वजह से आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ होने लगी। इसके बाद सभी लोगों को घर के अंदर बंद किया गया। इस बाबत प्लांट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट दीप्तेन राय का कहना है कि जिस समय रिसाव की यह घटना हुई। उस समय वह रिसाव के स्थान के समीप थे। अमोनिया रिसाव का कोई प्रभाव न तो उन पर और न ही उनकी टीम के किसी सदस्य पर हुआ है।

## एक दीया शहीदों के नाम : 501 दीपों से रौशन हुआ फुसरो बाजार

# पर्व-त्योहार में शहीदों को भी करना चाहिए याद : रविंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



दीपावली पर फुसरो में दीप प्रज्वलित कर शहीदों को नमन करते पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय व अन्य।

**फुसरो/बेरमो।** दीपावली के शुभ अवसर पर सोमवार को युवा व्यवसाई संघ के तत्वावधान में फुसरो बाजार में एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें संगठन के अध्यक्ष आर उनेश के नेतृत्व मे 501 दिए जलाये गए। पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों और शहीद जवानों ने अपने प्राणों की आहूति न दी होती तो आज हम आजाद नहीं होते। इसलिए जब भी हम अपना कोई पर्व-त्योहार मनाये तो हमें अपने शहीदों को भी याद करना चाहिए।

क्योंकि हमारा अस्तित्व आज उन्हीं शहीदों के चलते हैं। वहीं, युवा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष आर उनेश ने कहा कि दीपावली की संध्या देश के शहीदों को याद करना बहुत जरूरी है। क्योंकि उसने बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। बताया कि एक दिया शहीदों के नाम प्रत्येक वर्ष दीपावली के दिन व्यवसायी संघ के नेतृत्व में मनाया जाता है। इस अवसर पर नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, संघ के कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार, श्रमिक नेता रविंद्र कुमार मिश्रा, जवाहर लाल यादव, केदार सिंह, कृष्ण कुमार, अनिल गुप्ता, मोहम्मद रियाज अंसारी, इलियास हुसैन, मंजूर हुसैन उर्फ जिया, सुशांत राईका, दीपक तिवारी, प्रभात सिन्हा, रोहित मित्तल और गुलशन मिश्रा आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com
12

# चार राज्यों में तूफान सितरंग का रेड अलर्ट

## असर : असम-बंगाल में तेज बारिश शुरू, मेघालय-मिजोरम में तेज हवाएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**


पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के बक्खाली बीच पर साइक्लोन को लेकर एनडीआरएफ की टीम तैनात की गयी है।

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश के तटीय क्षेत्र से टकराने के बाद साइक्लोन सितरंग ने भारत में दस्तक दे दी है। मौसम विभाग (आइएमडी) ने असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा में रेड अलर्ट जारी किया है। रेड अलर्ट का मतलब है इन राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। आइएमडी के मुताबिक साइक्लोन सितरंग की भारत में एंट्री हो गयी है।

**छह राज्यों में तेज हवाएं, तीन में बारिश :** त्रिपुरा, असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, और नागालैंड में 100 से 110 किलोमीटर/ घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल रही हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और असम के कई जिलों में बारिश शुरू हो गयी है। मंगलवार को गुवाहाटी में बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को कहा है। इससे पहले सोमवार को सितरंग ने बांग्लादेश में भारी तबाही मचायी। साइक्लोन के कारण वहां 11 लोगों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बरगुना, नारेल, सिराजगंज और द्वीपीय जिले भोला से मौतों की सूचना मिली है।

**बांग्लादेश में कमजोर हुआ सितरंग :** मौसम विभाग के मुताबिक बांग्लादेश में सितरंग अब डिप्रेशन में बदल गया है। यानी वहां साइक्लोन अब कमजोर पड़ने लगा है। सितरंग ने 25 अक्टूबर की सुबह तिनकोना द्वीप और बारिसल के पास सैंडविच के बीच बांग्लादेश तट को पार किया। 24 अक्टूबर की रात साइक्लोन का केंद्र 11.30 बजे ढाका से करीब 40 किलोमीटर पूर्व में तटीय बांग्लादेश पर था।

**सात राज्यों में साइक्लोन का अलर्ट :** इससे पहले मौसम विभाग ने 7 राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया था। जिन सात राज्यों को हाई अलर्ट पर रखा गया है, उनमें त्रिपुरा, असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, पश्चिम बंगाल और नागालैंड शामिल हैं। इसके अलावा ओडिशा में भी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मंगलवार को सितरंग का सबसे ज्यादा असर सुंदरबन और पूर्वी मिदनापुर के तटीय इलाकों पर पड़ने की संभावना है।

**असम में बुई बारिश :** असम में सोमवार सुबह चक्रवाती तूफान सितरंग का असर महसूस किया गया। यहां राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हुई। इनमें असम के करीमगंज, कछार, हैलाकांडी और दीमा हसाओ जिले शामिल थे। आइएमडी के अनुसार सोमवार को तड़के 3.17 बजे सितरंग पश्चिम बंगाल में सागर द्वीप से 520 किमी दक्षिण और बांग्लादेश में बारिसल से 670 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में केंद्रित था।

## अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में सब कुछ सही, जन्म के समय बच्चे का हाथ-पैर नहीं

# गलत रिपोर्ट के लिए 10 लाख देंगे डॉक्टर साहब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** कई बार डॉक्टरों द्वारा गलत इलाज मरीजों के लिए भयानक होता है। हालांकि हाल ही में गलत रिपोर्टिंग देकर एक डॉक्टर के लिए महंगा पड़ा है। जन्म से पहले डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट दी कि गर्भस्थ शिशु पूरी तरह ठीक है, लेकिन जन्म के बाद सब कुछ उल्टा हो गया। बच्चे का जन्म के बाद एक पैर और एक हाथ नहीं था। पैर और हाथ टूटा हुआ देखने को मिला। ऐसी ही एक घटना देखने को मिला जगतसिंहपुर जिले के तिर्तोल प्रखंड में कोल्लर गांव का एक व्यक्ति अपनी पत्नी के गर्भस्थ बच्चे के इलाज के लिए अल्ट्रासाउंड कराने के लिए राहामा बाजार के एलएंडपी अस्पताल गय थे। अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि गर्भ में बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है। तीन बार अल्ट्रासाउंड का रिपोर्ट समान था, लेकिन जन्म के बाद बच्चे के हाथ-पैर टूटे देख कर परिवार में कोहराम मच गया।

इस घटना में बच्चे के पिता ने तिर्तोल थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी और खाउटी (कंज्यूमोर) कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। खाउटी (कंज्यूमोर) कोर्ट ने डाक्टर को बच्चे के भविष्य के लिए 10 लाख रुपये, परिवार को मानसिक आघात के लिए 50 हजार रुपये और अदालती खर्च के लिए चार हजार रुपये का भुगतान करेंगे। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद ऐसा आदेश दिया है। हालांकि, अदालत के इस फैसले की विभिन्न महलों में प्रशंसा हुई है। डॉक्टर साहब को 45 दिनों के भीतर सभी मुआवजे का भुगतान करने को कहा गया है।

# सर्च इंजन गुगल पर फिर 936.44 करोड़ का जुर्माना

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) ने टेक कंपनी गूगल पर एक बार फिर जुर्माना लगाया है। सीसीआइ ने इस बार गूगल पर 936.44 करोड़ रुपये का जुमाना लगाया है। सीसीआइ ने गूगल पर प्लेस्टोर नीतियों के संबंध में अपनी स्थिति का दुरुपयोग करने के आरोप में ये जुर्माना लगाया है। इससे पहले सीसीआइ ने अमेरिकी कंपनी पर 1,337.76 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। साथ ही सीसीआइ गूगल को अनफेयर व्यपार सिस्टम को बंद करने का भी निर्देश दिया।

**सीसीआइ ने तय समय सीमा का दिया अल्टीमेटम :** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआइ) ने कहा कि गुगल को एक निर्धारित समय सीमा के तहत अपने व्यवहार को बदलने का भी निर्देश दिया गया है। बता दें कि इससे पहले भी उउकने गूगल पर एंड्रायड मोबाइल डिवाइस इकोसिस्टम में अपने एकाधिकार का दुरुपयोग करने पर जुर्मना लगाया था। यह एक हफ्ते से भी कम समय में गूगल के खिलाफ सीसीआइ का दूसरा बड़ा एक्शन है।

**कुछ दिन पहले ही 1,337.76 करोड़ का लगा था जुर्माना :** बता दें कि 20 अक्टूबर को सीसीआइ ने एंड्राइड मोबाइल उपकरणों के संबंध में कई बाजारों में अपनी प्रमुख स्थिति का दुरुपयोग करने के लिए गूगल पर 1,337.76 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया और सर्च इंजन कंपनी को विभिन्न अनुचित व्यावसायिक सिस्टम को रोकने और बंद करने का आदेश दिया था। इससे पहले भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने देखा कि गूगल ने एंड्रायड ओएस (एंड्राइड ओएस) के माध्यम से एप स्टोर पर तो अपने एकाधिकार का दुरुपयोग किया ही है। साथ ही गूगल क्रोम एप के जरिये गैर-ओएस में भी अपनी मजबूत स्थिति को सुरक्षित किया है।

**गूगल ने जुर्मार्न के बाद दिया था बयान :** उन्होंने कहा था कि गूगल ने एंड्रायड ओएस में अपने एकाधिकार का इस्तेमाल करते हुए यूट्यूब के जरिये आनलाइन वीडियो होस्टिंग प्लेटफार्म पर भी अपनी स्थिति मजबूत की है। हालांकि उउक द्वारा लगाए गए जुमार्ने के बाद गुगल ने कहा था कि वह वाचडाग द्वारा कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी काम के लिए 1,338 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के फैसले की समीक्षा करेगा। गूगल ने सीसीआइ के इस आदेश को भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए एक बड़ा झटका करार दिया था।

## मल्लिकार्जुन खड़गे आज संभालेंगे कांग्रेस अध्यक्ष पद की कुर्सी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बुधवार को पदभार संभालेंगे, हालांकि यह जिम्मेदारी उनके सामने चुनौतियों का पहाड़ लेकर आने वाली है। उनके सामने एक तरफ राजस्थान का सियासी संकट तत्काल चुनौती बन कर खड़ा है, तो अगले कुछ हफ्तों में होने जा रहे गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव भी बड़ी चुनौती हैं। वहीं, 2024 का लोकसभा चुनाव उनके लिये सबसे बड़ी अग्निपरीक्षा होगी। खरगे बुधवार सुबह सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी के अन्य नेताओं की मौजूदगी में पार्टी अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे।

# सम ने मृत व्यक्ति के अंग दान प्रत्यारोपण उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** सम अल्टीमेट मेडिकेयर (एसयूएमयूएम) ने अस्पताल के प्रमुख हितधारकों के बीच डीडीटी प्रोटोकॉल के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए शुक्रवार को एक मृत व्यक्ति के अंग दान प्रत्यारोपण (डीडीटी) जागृता कार्यक्रम का आयोजन किया।

प्रो (डॉ) उमाकांत शतपथी अतिरिक्त निदेशक चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण और राज्य अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के राज्य नोडल अधिकारी जिन्होंने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने डीडीटी पर इस तरह के इंटरैक्टिव सत्र कार्यक्रमों के आयोजन पर एसयूएमयूएम की व्यवस्था करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निश्चित रूप से जागरूकता पैदा करेंगे और डीडीटी के कार्यान्वयन के दौरान अंतराल को भी भरेंगे।

प्रो (डॉ) सतपथी ने कहा ऐसे कार्यक्रमों के लिए राज्य सरकार इच्छुक हैं, जो अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे रोगियों को लाभान्वित करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे नेक काम के लिए हर संभव मदद करेगी।

ब्रिगेडियर (डॉ) बिराज मोहन मिश्र चिकित्सा सेवा प्रमुख एसयूएमयूएम ने बैठक की अध्यक्षता की, जो कि शिक्षा 'ओ' अनुसन्धान (सोआ) के निर्देश पर अस्पताल के सीईओ डॉ श्वेतपद्मा दास की एक पहल थी। भारत में मृत्यु के बाद अंग दान के प्रति दृष्टिकोण को संबोधित करने और डीडीटी कार्यक्रम में भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए डीडीटी प्रोटोकॉल के बारे में स्पष्टता लाने की तत्काल आवश्यकता है। यह अपनी तरह की पहली पहल है और हम एक विकसित होने की उम्मीद करते हैं।

# पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन खोरधारोड के इंडोर गेम्स-2022 का किया गया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड, द्वारा खोरधारोड मंडल के रेल कर्मचारियों और उनके बच्चों के लिए रेलवे स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में इंडोर गेम्स-2022 का शुभारंभ किया गया हैं। इस कार्यक्रम के तहत बैडमिंटन, शतरंज, कैरम और टेबल टेनिस जैसे विभिन्न प्रकार के इंडोर गेम्स का आयोजन किया जायेगा।

इस वर्ष इंडोर गेम्स-2022 में कुल 110 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनमें से 48 विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कार्यरत रेलवे कर्मचारी हैं और 62 रेल कर्मचारी के बच्चें हैं। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड द्वारा शुभ लक्ष्मी जेना, अध्यक्ष, पूर्व तट रेलवे, महिला कल्याण संगठन, खोरधारोड के साथ, शाखा अधिकारियों और पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अधिकारियों की उपस्थिति में इंडोर गेम्स-2022 का उद्घाटन किया गया।

एचबी बिश्वाल, स्पोर्ट्स अधिकारी और वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, खोरधारोड के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इंडोर गेम्स-2022 का आयोजन किया गया था। स्पोर्ट्स सचिव मोहम्मद जाकिरुद्दीन और स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खोरधारोड के सदस्यों द्वारा इस टूर्नामेंट का संचालन किया जा रहा है।

SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING PARAMEDICAL PHARMACY
Separate Hostel For Boys And Girls

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. : 98359 36571 94311 06503 83405 81301

RATNA SAGAR
WHOLESALE & RETAIL
SALE
CERTIFIED GEMS
ORIGINAL RUDRAKSH
FENGSU ITEM
SUNDAY OPEN
रत्न, उपरत्न, रुद्राक्ष, वास्तु सामग्री
हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा
तरक्की के सटीक उपाय
ASTROLOGY 50% RUDRAKSHA 30%
GEMS 20% VASTU ARTICLE 20%
CITI GOLD JEWLLERY 20%
DISCOUNT
Panhwati Plaza, Shop No. 9A, Ground Floor, Kutchery Road, Ranchi (Jharkhand)
Near Wool House, Main Road, RANChi (Jharkhand)
9973684103, 8877660111

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S M TOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now ! +91-7903149721
www.universityfly.com

प्रभात कंप्यूटर® एजुकेशन
ADCA DCA DTP PYTHON CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9 TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

VP VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
Class VIII Today (Combined) ₹ 250
Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
Class VII Today (Combined) ₹ 240
Class VI Today (Combined) ₹ 240
Hindi Vyakaran– I ₹ 60
English Grammar– I ₹ 60
Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**